बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 34, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक 15

बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी 16

एक नजर

आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

जम्मू। उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई।

गंगा में डूबे पर्यटक युवक-युवती लापता

देहरादून। नोएडा से ऋषिकेश घूमने पहुंचा आठ दोस्तों का दल गंगा में नहाते समय हादसे का शिकार हो गया। तीन लोग तेज बहाव में फंस गए। एक को तो किसी तरह बचा लिया गया, लेकिन एक युवक और युवती तेज बहाव में बह गए। घटना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला क्षेत्र की है। एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार दोनों की तलाश करती रहीं, लेकिन देर शाम तक कुछ पता नहीं चला। लक्ष्मण झूला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि नोएडा से आठ लोगों का ग्रुप ऋषिकेश घूमने आया था। ये सभी लोग लक्ष्मण झूला क्षेत्र में गंगा में नहाने गए थे। तेज बहाव की चपेट में आने से एक युवती नेहा (29 वर्ष) पुत्री शिवदत्त निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश और साहिल गुप्ता पुत्र सुनील कुमार निवासी गौड़ सिटी नोएडा उत्तर प्रदेश डूब गए।

कोर्ट परिसर में प्रतिमाएं लगाने का अनुरोध किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत के परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम प्रधान न्यायाधीश की प्रतिमाएं लगाने के संगठन के अनुरोध पर विचार करने का आग्रह किया है। एससीबीए के सचिव रोहित पांडे ने कहा कि 26 अप्रैल को लिखा गया पत्र वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के संज्ञान में प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और प्रथम न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच जे कानिया की प्रतिमाएं स्थापित करने के प्रस्ताव को लाने के लिए है। पत्र में कहा गया ये प्रतिमाएं दोनों प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में काम करेंगी और इन्हें गेट सी तथा डी के पास स्थापित करने का प्रस्ताव है।

जब तक लोगों को जरूरत आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत

हैदराबाद, एजेंसी



- विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख ने किया आरक्षण का समर्थन

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है।

उन्होंने कहा संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है।

आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीच भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

तीरंदाजी विश्व कप में 14 साल बाद ऐतिहासिक जीत की हासिल

भारतीय पुरुष टीम ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

शंघाई, एजेंसी

तीरंदाजी में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले धीरज, तरुणदीप और प्रवीण।

- महिला रिकर्व के फाइनल में दीपिका कुमारी को रजत पदक

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की।

यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया।

सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया।

कल्याण सिंह के निधन पर चुप्पी, माफिया की मौत पर सपा नेता पहुंचे आंसू बहाने

आंवला में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यमंत्री ने कहा-घोषणापत्र से मंशा उजागर, फिर दंगे की आग में झोंकना चाहते हैं देश और प्रदेश को

अमृत विचार : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को आंवला में राम मंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए तीनों दल दावा करते थे कि राम हुए ही नहीं। सपा चेतावनी देती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। श्रीराम जन्मभूमि के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से संवेदना का एक शब्द नहीं निकला लेकिन माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए फातिहा पढ़ने पहुंच गए। ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यहां के तीर्थ स्थलों और संतो को नमन के साथ की। कहा, सत्ता के लिए विरोधी दल ऐसे तड़प रहे हैं जैसे पानी के बिना मछली तड़पती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती देश में आजादी के फौरन बाद अयोध्या में रामजन्म भूमि की भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता था लेकिन हमारे आराध्य को खुद की भूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े। अंततः अयोध्या में राम मंदिर बना लेकिन क्या सपा, बसपा और कांग्रेस वाले मंदिर बना पाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले जाति का सहारा लेते हैं, मगर टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दिए है। ये परिवार तक ही सीमित रह जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दो चरणों के चुनाव से साफ है कि एक बार फिर मोदी सरकार के स्वर गूंजने लगे हैं। ये ऐसे ही नहीं है। प्रधानमंत्री ने दस साल में देश का कायाकल्प किया है और नई पहचान देकर सम्मान बढ़ाया है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि आंवला महाभारत की धरती है। महाभारत के पात्रों को देखना है तो सपा को देख लीजिए, वहां सभी पात्र मिल जाएंगे।

भारत में पटाखा फूटे तो भी पाकिस्तान देता है सफाई :योगी

बदायूं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। साल 2014 से पहले पाकिस्तान भारत के अंदर कहीं भी विस्फोट करा देता था। भारत के लोगों के मरने पर पाकिस्तान जश्न मनाता था। आज अगर देश में कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हमने नहीं किया, क्योंकि वह भयभीत हो चुका है। उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज भारत सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अयोध्या में भी 500 वर्ष का इंतजार समाप्त होने के साथ भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। यह सब मोदी जी ने करके दिखाया है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है।

व्यापारी-बेटी को तबाह करने वाले मांग रहे जान की भीख

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया और दंगाइयों को गले का हार बनाकर ये लोग घूमते थे लेकिन जो माफिया कल तक सत्ता की सरपरस्ती में व्यापारी, बेटी और आम जनता को तबाह करता था वह आज भाजपा की सरकार में गले में तख्ती लटकाकर घूम रहा है। जान की भीख मांगते हुए कह रहा बस एक बार जान बख्श दो।

ट्रक की टक्कर से बस के परखच्चे उड़े, आठ यात्रियों की मौत, 22 घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

हादसे में क्षतिग्रस्त बस और मौके पर खड़े लोग।

अमृत विचार : उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक हिस्से के परखच्चे उड़ गए। 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल व 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी, एसडीएम, सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लेते हुए घायलों के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्नाव से आ रही निजी बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। राहगीरों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत और बचाव शुरू करके पुलिस को सूचना दी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह, एसडीएम नवीन चंद्र व सीओ भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस व निजी साधनों से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने आठ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में दो की शिनाख्त नहीं हो सकी।

घायल मेहताब, हसनैन, तरन्नुम, पुत्तन सहित नौ गंभीर को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया।

भड़काऊ भाषण मामले में बसपा नेता आकाश आनंद पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीतापुर

- जनसभा के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का लगा आरोप

अमृत विचार : चुनावी जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद समेत 5 नामजद बसपा प्रत्याशियों व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रविवार की दोपहर सीतापुर के राजा रघुवर दयाल मैदान में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद पहुंचे थे। जनसभा में आकाश आनंद पर सरकार और विपक्षी पार्टियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है। पुलिस ने जनसभा के दौरान वीडियो को स्वतः संज्ञान लेते हुए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लोकसभा सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी व लखीमपुर प्रत्याशी अनसय कालरा सहित मंच पर मौजूद 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

चुनाव में इलेक्टोरल बॉण्ड ही बजाएगा भाजपा का बैंड : अखिलेश यादव

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

- यादव बहुल क्षेत्र में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपा प्रमुख
- गांव स्योंडारा में प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क के समर्थन में की जनसभा

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह किसी से नहीं छिपा है कि भाजपा सरकार में सभी दुखी हैं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा, जनता उनके सारे रूप देख चुकी है।

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड सबसे बड़ा घोटाला है और यह बॉण्ड भाजपा का बैंड बजा देगा। सपा प्रमुख रविवार को क्षेत्र के गांव स्योंडारा में संभल लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व जनसभा में पहुंचे अखिलेश यादव का बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंटकर स्वागत किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाया। कहा कि मौजूदा सरकार ने सब योजनाओं को बदल दिया। प्रदेश की जनता सब जानती है। प्रदेश व देश में आमजन का जीना दुश्वार हो गया है। संभल लोकसभा क्षेत्र से जियाउर रहमान बर्क को इतने मतों से विजयी बनाकर भेजो जो कि देश में जीत की सबसे ज्यादा लीड मानी जाए। यह चुनाव डॉ. शफीकुर रहमान बर्क को श्रद्धांजलि देने का भी चुनाव है। वह वर्तमान लोकसभा में सबसे बुजुर्ग सांसद का खिताब पा चुके हैं। इसी के चलते श्रद्धांजलि के तौर पर भी इस सीट के प्रत्याशी को विजयी बनाएं।

मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला

मुंबई। मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायलय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी।

डाक्टर-सहयोगी ने किया रोगी से सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दर्द निवारक बता दिया नशा फिर दिया घटना को दिया अंजाम

अमृत विचार : क्लीनिक संचालक और उसके साथी ने दवा लेने आयी महिला से नशा देकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बेहोशी की हालत में दोनों उसे सड़क पर छोड़ गये। पुलिस ने आरोपी क्लीनिक संचालक डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के महिला ने बताया कि 25 अप्रैल को उसके पति किसी काम से बाहर गए थे। तभी पेट में दर्द हुआ तो करुला गली नंबर-आठ में डॉ. अय्यूब अली के क्लीनिक पर दवा लेने गई थी। क्लीनिक पर दो गोलियां और एक गिलास पानी देकर उससे कहा गया कि इसे खा लो तुरंत आराम मिल जाएगा। गोली खाने के बाद वह बेसुध होने लगी थी। डॉ. अय्यूब और उसके साथी सलीम क्लीनिक का गेट बंद कर उसे क्लीनिक के पीछे वाले कमरे में ले गए। वहां उससे सामूहिक दुष्कर्म हुआ। जब उसे होश आया तो वह पेड़ के नीचे पड़ी थी। वहीं से उसने कॉल करके पति को बुलाया और कटघर थाने में शिकायत की। लेकिन, पुलिस ने उसे टरका दिया। अगले दिन पीड़िता ने पति के साथ एसएसपी से मिलकर शिकायत की थी।

आप गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने भी कुछ दिन पहले पार्टी से दे चुके इस्तीफा
- अरविंदर सिंह लवली ने गठबंधन का किया था विरोध, कहा-खुद को असहज महसूस कर रहा था

कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और इसकी एक वजह आप से गठबंधन को बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे इस्तीफे में कहा कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी है आप पार्टी : लवली

लवली ने कहा कि पार्टी के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए कि अन्य वरिष्ठ नेताओं को टिकट मिल सके, लोकसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर अपना नाम तक वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस इकाई ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोपों के आधार पर बनी...पार्टी के आधे कैबिनेट मंत्री अभी भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं।

गड़बड़झाला | 364 पंचायत में ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर का नहीं हुआ इस्तेमाल

66 जिलों में बाहरी कम्प्यूटर से 5.64 करोड़ का भुगतान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- 1 से 31 मार्च तक हुए 1135 ट्रांजेक्शन पकड़े, कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों पर हुए कार्य और भुगतान की निदेशालय ने समीक्षा की तो 66 जिलों की 364 ग्राम पंचायत में 1 से 31 मार्च तक नियमविरुद्ध 5.64 करोड़ का भुगतान पकड़ा है। यह धनराशि पंचायतों पर संचालित ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर से भुगतान करने के बजाय बाहर से डोंगल लगाकर की गई। इस तरह से कुल 1135 ट्रांजेक्शन गलत किए गए। जबकि शासन ने पिछले वर्ष सचिवों को ग्राम सचिवालय में बैठकर वहीं के कम्प्यूटर से कार्य और भुगतान करने की अनिवार्यता की थी। इसके उल्लंघन करने पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संबंधित जिलों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला परियोजना प्रबंधक, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

लखीमपुर, बदायूं समेत 10 जिले में ज्यादा भुगतान

लखीमपुर खीरी की 27 ग्राम पंचायत पर 34.90 लाख, बदायूं की 26 पंचायत पर 47 लाख, आजमगढ़ की 29 पंचायत पर 42.95 लाख, प्रयागराज की 23 पंचायत पर 38.59 लाख, सीतापुर की 14 पंचायत पर 33.66 लाख, अलीगढ़ की 12 पंचायत पर 30.22 लाख, गोरखपुर की नौ पंचायत पर 17.74 लाख, बलिया की आठ पंचायत पर 15.77 लाख, अमेठी की 11 पंचायत पर 13.72 लाख व मिर्जापुर की नौ ग्राम पंचायत पर 13.63 लाख रुपये सर्वाधिक भुगतान किया गया। संबंधित पंचायतों में पूर्व में न समीक्षा हुई न भुगतान में पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किया गया।

गेटवे पोर्टल से पकड़ा फर्जीवाड़ा

पुरानी व्यवस्था बंद कर ग्राम निधि के भुगतान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले वर्ष गेटवे पोर्टल लागू हुआ था और ग्राम सचिवालयों के कम्प्यूटर पर अपलोड किया गया था। जबकि यह पोर्टल बाहर इस्तेमाल नहीं होता है। इस गेटवे पोर्टल से प्रधान व सचिव समेत अन्य को भुगतान डोंगल लगाकर करना होता है।

ये जिले शामिल

लखनऊ 9,535, बरेली 87,326, बस्ती 1.11 लाख, बांदा 1.95 लाख, फर्रुखाबाद 2.42 लाख, औरैया 2.74 लाख, कन्नौज 3.12 लाख, पीलीभीत 3.28 लाख, बहराइच 3.64 लाख, हरदोई 3.96 लाख, फतेहपुर 4 लाख, शाहजहांपुर 4.14 लाख, सहारनपुर 5 लाख, मुरादाबाद 5.73 लाख, उन्नाव 6.37 लाख, हाथरस 6.66 लाख, जालौन 7 लाख, कानपुर नगर 7.33 लाख, इटावा 7.84 लाख, महाराजगंज 9.95 लाख, बाराबंकी 9.99 लाख, भदोही 10.74 लाख, कुशीनगर 10.64 लाख, देवरिया 12.48 लाख रुपये।

एक नजर

रामलीला आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री रामलीला समिति दीनदयाल नगर की बैठक समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता के आवास पर हुई। इसमें 4 अक्टूबर से होने वाली श्री रामलीला की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। त्रिमूर्ति कला केंद्र के डायरेक्टर सौरभ यादव से श्री रामलीला करने का अनुबंध किया गया। बैठक में कमेटी के संरक्षक शिशिर गुप्ता, अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, राजेश भारती, गोरखनाथ, निवेश भटनागर, प्रमोद रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

आज न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिलारी बार एसोसिएशन के महासचिव विनय चौधरी के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के कारण बिलारी बार एसोसिएशन की मांग पर सोमवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य स्थगित रखेंगे। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के महासचिव अभिषेक भटनागर ने बताया कि बिलारी बार एसोसिएशन की मांग पर यह निर्णय लिया है। साथी दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

एमएच कालेज में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

'ऐतिहासिक विभूतियां' का विमोचन

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की आम सभा की मासिक बैठक रविवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डीके गुप्ता ने की। जबकि संचालन सचिव कामेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ रमेश चंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक ऐतिहासिक विभूतियां का विमोचन किया गया। सदस्य आईपी सिंह ने ईश्वर कौन है, कहां है और कैसा है। इस पर प्रकाश डाला। कहा कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की, विष्णु इसके पालनहार हैं तथा महेश इसके संहारक हैं। उन्होंने श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक भी संस्था के सदस्यों को वितरित की। बैठक में सदस्यों ने महावीर जयंती व रामनवमी पर विचार व्यक्त किए। डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना की। संस्था के उपाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक ऐतिहासिक विभूतियां का विमोचन किया। संस्था के जिन सदस्यों का इस माह जन्मदिन व शादी की सालगिरह रहा। उनका जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान पीएम रावत, राजेंद्र अग्रवाल, आनंन्दी, डॉ. मधु मिश्रा आदि मौजूद रहीं।

शहर में भी गैस लीकेज को लेकर रखना होगा ध्यान

मुरादाबाद, अमृत विचार: लगातार बढ़ रही गर्मी को लेकर नगरीय क्षेत्र में गैस पाइप लाइनों में लीकेज को लेकर विशेष सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र और सड़कों के किनारे होने वाले गैस रिसाव को आसानी से रोका जा सकता है, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में होने वाला रिसाव काफी भारी पड़ेगा।

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अग्निशमन वाहन आसानी से नहीं पहुंच सकते हैं। इससे घटना बड़ी हो सकती है। इसके लिए नगर के लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। नगरीय क्षेत्र में रिसाव को रोकने में भारी मशक्कत करनी पड़ेगी। हालांकि अग्निशमन दल इस दौरान काफी सक्रिय रहता है। सूचना मिलने के तत्काल बाद ही कार्रवाई शुरू हो जाती है। लोगों का कहना है कि अग्निशमन दल की ओर से लोगों को जागरूक करने के लिए कैंप लगाने चाहिए। वैसे नगर में जिस तरह से खुदाई का कार्य चल रहा है, उससे इस घटना से इंकार नहीं कि जा सकता है।

दीवान शुगर मिल के सामने कांठ रोड पर पाइप से निकल रही लपटों से अफरा-तफरी

गैस सप्लाई वाले पाइप में लीकेज से लगी आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/अगवानपुर

अमृत विचार : कांठ रोड पर दीवान शुगर मिल के निकट रविवार दोपहर बाद टोरेंट गैस सप्लाई वाले पाइप में आग लग गई। इससे लीक हो रही गैस से आग की लपटें उठ रही थीं। खबर मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और पहले पाइप में गैस की सप्लाई को रुकवाया। फिर वाटर बाउजर की मदद से पाइप लगाकर पानी की बौछार की। कुछ देर बाद आग बुझ गई थी। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ।

गैस वाली पाइप में आग लगने से करीब डेढ़ घंटे तक अफरा-तफरी मची रही। पुलिसकर्मी सुरक्षा के तहत मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को सतर्क कर रहे थे। टोरेंट गैस सप्लाई के सिटी इंचार्ज अभिषेक यादव ने बताया कि लगभग आधा घंटे के बाद गैस सप्लाई वाले पाइप का वाल्व बंद हुआ। गैस लाइन वाल्व लीक होने के कारण फाल्ट आया है। वहीं, दूसरी तरफ अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा और उनकी टीम के लीडिंग फायरमैन अशोक शर्मा ने बताया कि जहां पर गैस पाइप में लीकेज होकर आग लगी, वहां ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजरी है। गैस पाइप में आग लगने का कारण इन्होंने बताया कि तेज हवा के कारण पेड़ों की टहनियां बिजली तारों से टकराई हैं। इससे स्पॉर्किंग हुई और चिंगारी जमीन पर गिरी। जमीन पर मौजूद कूड़े-कचरे में आग लगी जिससे जमीन के नीचे पाइप में लीकेज हो गया था। फिर उससे गैस बाहर आने लगी और आग की लपटें उठने लगीं। कांठ मार्ग पर आग की लपटें देखकर राहगीरों की भीड़ लगने लगी थी। हालांकि, मार्ग पर आवागमन में कोई असुविधा नहीं हो रही थी, इसलिए यातायात जारी था। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि गैस पाइप में आग लगने की सूचना आरटी-सेट पर आई थी। इसके बाद बिना देरी किए वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। इसमें फायरमैन महिपाल सिंह, जुबेर आलम, नितिन बंसल, मनोज कुमार भी थे। ये लोग 8,000 लीटर पानी की क्षमता वाला वाटर बाउजर और 5500 की क्षमता वाला फायर टेंडर लेकर मौके पर पहुंचे थे। लीडिंग फायरमैन अशोक शर्मा ने बताया कि गैस सप्लाई वाले से तुरंत बात कर सप्लाई रुकवाई और फिर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया।

कांठ रोड पर गैस आपूर्ति वाले पाइप में लगी आग। ● अमृत विचार

आचार संहिता में लटकी पानी की टंकियों की सफाई

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर में ओवरहेड टैंक और भूमिगत जलाशयों की सफाई का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते निगम प्रशासन इसका टेंडर नहीं निकाल पाया है। अब जून में आचार संहिता हटने के बाद ही टेंडर प्रक्रिया के बाद जलाशयों की सफाई कराई जा सकेगी। यदि बरसात से पहले यह काम नहीं हुआ तो स्वच्छ पेयजल का संकट खड़ा हो जाएगा।

महानगर में नगर निगम के 50 ओवरहेड टैंक हैं। जिनकी 70,000 किलोलीटर स्टोरेज क्षमता है। जबकि दो भूमिगत जलाशय (यूजीआर) हैं। इनकी हर साल सफाई कराई जाती है। लेकिन, इस बार लोकसभा चुनाव के चलते इन जलाशयों की सफाई कराने का टेंडर नहीं हो पाया है। जिससे कार्य लटका है। अब लोकसभा चुनाव की प्रकिया पूरी होने पर जून में आचार संहिता समाप्त होने के बाद ही इसकी प्रक्रिया शुरू होगी। बरसात से पहले इन जलाशयों की सफाई यदि नहीं हुई तो लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में संकट हो सकता है। नगर निगम के सहायक अभियंता (जल) बीआर अशोक का कहना है कि चुनाव आचार संहिता हटने के के बाद ही वाटर टैंकों की सफाई हो सकेगी।

अग्निशमन दल ने स्कूल में आगजनी से बचाव का किया प्रदर्शन

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आग लगने पर बचाव के बताए तरीके, आगजनी की घटना होने पर घबराएं नहीं, तुरंत कंट्रोल रूम को दें सूचना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अग्निशमन विभाग की टीम ने सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को आगजनी से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम ने प्रदर्शन करते हुए दिखाया कि यदि घर में किचन या अन्य स्थान पर रखे गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो उस पर काबू कैसे पाया जाए। सिलेंडर से गैस निकालकर और उसमें आग लगाने के बाद उसे बुझाने के तरीके प्रयोग कर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक किया।

सीएफओ ने बताया कि यदि कभी भी घर में सिलेंडर में आग लगे तो उस पर पानी न फेकें। उसे सूतली वाले बोरा या अन्य किसी वस्तु से बुझाने का प्रयास करें और तुरंत गैस को लीक होने से रोकें। अग्निशमन दल के आठ सदस्यों ने विद्यालय में प्रदर्शन करते हुए दिखाया कि आग लगने के दौरान धुआं में फंसने पर कैसे बचाव करें और इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल तक सुरक्षित पहुंचाने के बारे में प्रशिक्षित किया। साथ ही आग बुझाने वाले उपकरणों, आपात स्थिति में बचाव कार्यों के बारे में प्रदर्शन कर दिखाया और समझाया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीशा ने भी छात्र-छात्राओं और अपने शिक्षक स्टॉफ को आगजनी की घटनाओं और उसके बचाव के बारे में सीख लेने की जरूरत बताई। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक स्टॉफ जिन्होंने आगजनी की घटना से बचाव के बारे में कुछ सीखा है, वह अपने घर-परिवार और आस-पड़ोस के लोगों से भी साझा करें।

दरअसल, आगजनी से बचाव के संबंध में विशेषकर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को जागरूक करने के लिए मुख्य अग्निशमन अधिकारी कृष्णकांत ओझा टीम के साथ सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल पहुंचे थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से कहा कि जब भी आग लगने की घटना हो तो घबराएं नहीं, बल्कि पहले खुद को बचाने का प्रयास करें और आग बुझाने की कोशिश में लगें। साथ ही अग्निशमन सेवा दल से मदद लेने को तुरंत कंट्रोल रूम में 101 या 9454418529 नंबर पर कॉल करें।

सेंट मैरी स्कूल में आग बुझाने के तरीके का प्रदर्शन करते अग्निशमन दल के कर्मी, साथ में मौजूद सीएफओ कृष्णकांत ओझा। ● अमृत विचार

तंग गलियों में मुश्किल आग पर काबू पाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : आजकल तेज धूप और गरम हवाएं चल रही हैं। इसलिए हर किसी को आग से सतर्क रहने की जरूरत है। चूंकि, आगजनी की घटना यदि आबादी के अंदर तंग गलियों वाले मकान या व्यापारिक प्रतिष्ठान में होती है तो उस पर काबू पाना बड़ा ही कठिन हो जाता है। ऐसे हाल में अग्निशमन दल के लिए जनहानि या आर्थिक क्षति रोकना बड़ी चुनौती वाला होता है।

अग्निशमन सेवा दल के अधिकारी भी कहते हैं कि व्यक्ति को अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान या घर बनाने से पहले आगजनी से बचाव के इंतजामों के बारे में जरूर सोच-समझ लेना चाहिए। आगजनी की घटना होने पर लोगों को सुरक्षित निकालना और कीमती वस्तुओं को जलने से बचाना आसान नहीं होता है। लीडिंग फायरमैन महिपाल सिंह बताते हैं कि नौ से 12 मंजिला वाले भवनों में आग बुझाने के लिए बढ़िया सुविधा नहीं है। ऐसे भवनों में जीना से जाकर आग बुझाने का विकल्प रहता है। 40 फिट तक की ऊंचाई वाले भवनों में बाहर से सीढ़ी लगाकर आग बुझा सकते हैं। इससे अधिक ऊंचाई वाली बहुमंजिला इमारतों में आग बुझाने के लिए केवल जीना ही एक सहारा होता है। इसीलिए बहुमंजिला इमारतों के निर्माण में जीने की चौड़ाई को बढ़ाने पर जोर दिया जाता है।

असालतपुरा की घटना याद कर खड़े हो जाते हैं रोंगटे

25 अगस्त 2022 को असालतपुरा में आगजनी की घटना में मौत ने तांडव मचाया था। उससे महानगर में रहने वाले लोग सिहर उठे थे। वह घटना जो आज भी फायरमैन हेड कांस्टेबल महिपाल सिंह के दिमाग में ताजा है। गलशहीद क्षेत्र के असालतपुरा में इरशाद कुरैशी के दामाद की दो बेटियों की शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए शमा परवीन अपने तीन बच्चों के साथ आई थीं। लेकिन, घर में आग लगने से सबकुछ जलकर राख ही नहीं हो गया था बल्कि तीन बच्चों समेत सात लोगों की झुलसकर मौत हो गई थी। इन मृतकों में मां-बेटी और बेटी के तीन बच्चे आग में झुलसकर मौत के मुंह में समा गए थे। इनमें कमर आरा (65) और उनकी बेटी शमा परवीन (35) और शमा के तीन बच्चे नाफिया (7), इबाद (3), उमेमा (12) थे। यह मकान चार मंजिला था। प्रचंड आग ने घर की दूसरी मंजिल को भी चपेट में ले लिया था। दूसरी मंजिल पर परिवार रह रहा था, जो आग में फंसा था। रेस्क्यू कर 7 लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर डॉक्टरों ने दो बच्चों सहित कुल 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया था। घर के नीचे पुराने टायर के स्क्रैप का गोदाम था।

इन बस्तियों में हैं तंग गलियां

फायरमैन बताते हैं कि महानगर में तंग गलियों वाले मुहल्ले में जैसे जीआईसी कॉलेज के पास असालतपुरा, गलशहीद, दस सराय, बंगला गांव, पुरानी बस्तियां हैं। जहां आग लगने की घटना होने पर बड़े दमकल वाहन नहीं पहुंच पाते हैं।

गजलकार अखिलेश वर्मा की बरेली में सड़क दुर्घटना में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के चर्चित गजलकार अखिलेश वर्मा की रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके निधन पर साहित्यकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

साहित्यिक शोधालय के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी ने बताया वह जगदीश प्रसाद वर्मा व चन्द्रवती वर्मा के आंगन में वर्ष 1971 को जन्में थे। अखिलेश वर्मा उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी व दो पुत्र हैं। रविवार सुबह पांच बजे बरेली में उनकी कार पलट गई। इसमें गजलकार की मौत हो गई। जबकि कार में सवार उनकी पत्नी व दोनों बेटे चोटिल हो गए। सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के निकट स्थित मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र मुदित वर्मा ने चिता को मुखाग्नि दी।

● नम आखों से दी अंतिम विदाई, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

हिंदी काव्य के क्षेत्र में रहा उल्लेखनीय योगदान

हिंदी काव्य के क्षेत्र में अखिलेश वर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा। काव्य पत्रिका आध्यात्मिक साहित्यिक काव्यधारा, सवेरा पत्रिका, आगाज पत्रिका आदि में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती थीं। शीर्षक साहित्य परिषद से शीर्षक सुमन सम्मान, आध्यात्मिक साहित्यिक संस्था काव्यधारा से काव्यधारा पीयूष सम्मान कार्तिकेय सांस्कृतिक संस्था द्वारा काव्य सरिता व काव्य दीपक सम्मान से उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। उनके निधन पर साहित्यकार कृष्ण शुक्ल, डॉ. अर्चना गुप्ता, मीनाक्षी ठाकुर, ममता सिंह, मंसूर उस्मानी, वीरेंद्र सिंह बृजवासी, दुष्यंत बाबा, डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. रीता सिंह, योगेंद्र वर्मा व्योम, राजीव प्रखर, समीर तिवारी, ओंकार सिंह, विवेक, अशोक विश्नोई, राशिद हुसैन, शिवकुमार चंदन, वैशाली रस्तोगी, कमाल जैदी, डॉ. अनिल शर्मा, रंजना हरित, धन सिंह धनेंद्र, रवि प्रकाश, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, मोनिका शर्मा मासूम, मरगूब हुसैन आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ मुखर संघ

मुरादाबाद, अमृत विचार: राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ की बैठक मोहल्ला गायत्री नगर में आयोजित की गई। बैठक में निजी स्कूल संचालकों की मनमानी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महासंघ 30 अप्रैल को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा।

रविवार को गायत्री नगर में आयोजित बैठक संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि जनपद में 30 प्रतिशत स्कूल फर्जी चल रहे हैं। यह सभी पब्लिक स्कूल अपनी मनमानी कर प्रत्येक वर्ष फीस वृद्धि कर, रि-एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस दौरान जयपाल सैनी, डा.राजकुमार कश्यप, राजपाल कश्यप, रवि सैनी, प्रदीप चौहान, वीर सिंह, रोहिताश कश्यप, मोहर सिंह, धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

समर्पण के धनी थे आनंद कुमार गौरव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: फिर से कोई गीत लिखूं मन कहता है, फिर तुमको मनमीत लिखूं मन कहता है जैसे हृदयस्पर्शी गीतों के लिए प्रसिद्ध गीतकार आनंद कुमार 'गौरव' को रविवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से श्रद्धांजलि दी गई।

लाइनपार स्थित विश्नोई धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा में साहित्यकारों, रचनाकारों ने उन्हें नमन कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। वरिष्ठ शायर ओंकार सिंह ओंकार ने कहा गौरव जी के जाने से मनमोहक हृदयस्पर्शी गीतों का एक सुनहरा युग समाप्त हुआ है। सुप्रसिद्ध नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने स्मृतियों को साझा करते हुए कहा समर्पण एवं जीवट के धनी गौरव के योगदान को शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। अपनी साहित्यिक यात्रा में उन्होंने एक रचनाकार व सेवक दोनों रूपों में कुशलतापूर्वक अपनी भूमिका का निर्वहन किया। रचनाकार राजीव प्रखर ने उन्हें सभी को समान रूप से स्नेह बांटने वाला बताया। कवि दुष्यंत बाबा ने कहा उनसे हुई भेंट जीवन भर स्मरण रहेगी। राम सिंह निशंक, शायर जिया जमीर ने कहा कि उनका जाना साहित्य व मानवता दोनों की अपूरणीय क्षति है।

श्रद्धांजलि देने वालों में हरि प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ कवयित्री डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, आनंद 'गौरव' की पत्नी ऊषा गौरव, अनुज अशोक कुमार सिंह, अनुज वधू रेनू सिंह, पुत्री प्रेरणा गौरव, हर्षिता सिंह, पुत्र विक्रांत, विकास आदि भी शामिल रहे। इसके अलावा विवेक निर्मल, वंशीलाल दिवाकर, रघुराज सिंह निश्चल, डॉ. राकेश चक्र, नकुल त्यागी, रवि चतुर्वेदी, निर्मल शर्मा, समीर तिवारी आदि ने दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

गीतकार आनंद कुमार गौरव को श्रद्धांजलि देते कवि व साहित्यकार। ● अमृत विचार

जीवन की समस्याओं का मूल कारण भौतिकतावाद

मुरादाबाद, अमृत विचार: अमरोहा गेट स्थित मंदिर साहू परसादी लाल रस्तोगी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन नैमिषारण्य से पधारे कथा व्यास पं. भैयालाल शुक्ल ने भौतिकतावादी जीवन को त्यागने का आह्वान किया।

कथा व्यास पं. शुक्ल ने कहा कि जीवन की समस्याओं का मूल कारण भौतिकतावाद है। हमने अपनी कामनाओं को असीमित कर दिया है और प्रभु को विस्मृत कर दिया है। जीवन में कष्टों व दुखों से विचलित नहीं होना चाहिए। कथा के मुख्य यजमान विकास रस्तोगी एवं राखी रस्तोगी रहे। कार्यवाहक मंदिर प्रबंधक मुकेश रस्तोगी ने बताया कि सोमवार को सुदामा चरित की कथा होगी। इस मौके पर मनोज कुमार, बबीता रस्तोगी, मधु रस्तोगी, परिधि रस्तोगी, प्रभात रस्तोगी, डॉ. मनोज रस्तोगी, शिखा रस्तोगी आदि रहे।

मिनी आईपीएल लीग | आदर्श ने लिए चार अहम विकेट, दूसरे मैच में रुकमणी ने डेक्कन चार्जर्स को हराया

सनराइजर्स ने सीएई स्टार्स को 166 रनों से रौंदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एमपीएस क्रिकेट मैदान में चल रही मिनी आईपीएल लीग में रविवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सनराइजर्स ने अपने गेंदबाजों के दम पर सीएई स्टार्स को 166 रनों के बड़े अंतर से मात दी। टीम के लिए आदर्श ने चार विकेट लिए। दूसरे मैच में रुकमणी ने डेक्कन चार्जर्स को 133 रनों से हरा दिया।

पहला मैच सनराइजर्स एसीए और सीएई स्टार्स के बीच खेला गया। इसमें सनराजइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने अक्षित त्यागी 86, अदित्य नौटियाल 51 रन की पारी के दम पर निर्धारित 30 ओवर में 233 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्टार्स के लिए यथार्थ यादव ने 6 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टार्स की पूरी टीम 26.1 ओवर में 67 रनों पर आलआउट हो गई और मैच 166 रनों से हार गई। सनराइजर्स के लिए आदर्श राज ने 4 और तुषार वर्मा ने 3 विकेट लिए। आदर्श को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच रुकमणी स्ट्राइकर्स और बीएफएप डेक्कन चार्जर्स के बीच खेला गया। डेक्कन चार्जर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रुकमणी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.2 ओवर में 10 विकेट गंवाकर 208 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम के लिए अहद ने 38 और अरीब ने 28 रनों की पारी खेली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेक्कन चार्जर्स की पूरी टीम 20.1 ओवर में 75 रनों पर आलआउट हो गई और मैच 133 रनों से हार गई। रुकमणी के लिए पृथ्वीराज सिंह चौहान ने 4, मोहम्मद अमान ने 3 विकेट लिए। पृथ्वीराज सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैच जीतने के बाद जश्न मनाते सनराइजर्स के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

ओपन स्केटिंग में जनपद के खिलाड़ियों का जलवा

मुरादाबाद, अमृत विचार: ए लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी अमरोहा के मैदान में रविवार को फर्स्ट ओपन स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन कराया गया।

जिसमें मुरादाबाद के आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल, आरएसडी एकेडमी, स्प्रिंगफील्ड कॉलेज, स्पोर्ट्स शोर्टस सर्विसेज एकेडमी, अमरोहा के लिटिल स्कॉलर एकेडमी, राना इंटरनेशनल स्कूल, अक्षरा स्कूल, द आर्यन जोया, बरेली एसआर इंटरनेशनल स्कूल के लगभग 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया। चैंपियनशिप का आरंभ स्कूल के प्रबंधक ने किया। प्रतियोगिता में आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल के कोच परमेश चरन के नेतृत्व में बच्चों ने 17 गोल्ड, 5 सिल्वर, 6 ब्रोंज मेडल लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पदक जीतकर विद्यालय लौटे बच्चों का प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा ने स्वागत किया।

बुद्धि विहार स्थित आर्यंन इंटरनेशनल स्कूल में स्ट्रीट चाइल्ड टैलेंट शो में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

टैलेंट शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पराग ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से रविवार को आर्यन इंटरनेशनल स्कूल में स्ट्रीट चिल्ड्रेन टैलेंट शो का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी मंत्रमुग्ध कर दिया।

महानगर के गरीब व असहाय बच्चों के लिए काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 60 बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। अनिका, आशिका, संध्या ग्रुप ए में विजेता रहीं। जबकि खुशी, साक्षी, रीना ग्रुप बी में विजेता रहीं। संस्था की संस्थापक गरिमा सिंह ने कहा कि स्ट्रीट चिल्ड्रेन की प्रतिभा को एक मंच देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। निर्णायक मंडल में डांस टीचर गौरव शर्मा एवं उर्वशी सिंह रही। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि कंचन चौहान और दामिनी गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संचालन शाज ने किया।

शहर में आज

- उप्र उद्योग व्यापार संगठन की ओर से नगर आयुक्त को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

एक नजर

पागल घोड़े को नगर निगम की टीम ने पकड़ा

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के लाइनपार रामलीला मैदान में कई दिनों से लोगों को घायल कर रहे पागल घोड़े को आखिरकार नगर निगम की टीम ने पशुपालन विभाग के सहयोग से पकड़ लिया। इससे लोगों को राहत मिली। स्थानीय निवासी विमल सहित कई लोगों को इस पागल घोड़े ने जख्मी कर दिया था। इसे पकड़वाने को नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से शिकायत की थी। लेकिन, टीम उसे पकड़ नहीं पा रही थी। लेकिन, दोबारा टीम मौके पर गई और उसे पशुपालन विभाग के चिकित्सक की मदद से काबू कर अपने साथ ले गई। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि नगर निगम की टीम ने पागल घोड़े को पकड़ लिया है। वहीं उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र वीर सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सक भेजकर इसमें सहयोग कराया गया। घोड़ा नगर निगम प्रशासन की निगरानी में है।

चार मोहल्लों की 18 घंटे बिजली गुल, परेशानी

पाकबड़ा, अमृत विचार : कस्बे के चार मोहल्लों की 18 घंटे बिजली गुल हो गई। जिससे लोग पानी को भी तरस गए। रात को गुल हुई बिजली अगले दिन शाम को सुचारू हो पाई। नगर पंचायत पाकबड़ा के मोहल्ला अंगूर वाली मस्जिद, मोहल्ला कुरेशियान, ठेकेदारों वाला मोहल्ला एवं मोहल्ला पश्चिमी ठाकुरान समेत अन्य घरों की शनिवार की रात को ही बिजली गुल हो गई। बिजली घर पर शिकायत करने पर आपूर्ति दोबारा शुरू की गई तो तार जलकर नीचे गिर गए। जिससे पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। दिन में भी बिजली आपूर्ति न होने से लोग पानी का तरस गए। जेई टीएन भास्कर ने बताया कि हीट होने की वजह से रात को बिजली का तार जल गया था। जिसको दोबारा से सही कराया गया।

हरथला में 7 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिजली विभाग के वितरण खंड प्रथम व द्वितीय क्षेत्र में स्मार्ट सिटी कार्य में भूमिगत केबल में आपूर्ति सुचारू की जानी है। जिसके लिए कार्यदायी संस्था द्वारा चार स्थानों के लिए शटडाउन प्लान दिया गया है। जहां तीन स्थानों पर एक घंटा व रामगंगा विहार के हरथला प्रथम में पांच घंटे लगातार बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यहां सुबह 10 बजे शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

यूपीएससी में चयनित वैभव आनंद शर्मा का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

वैभव आनंद का परिवार सहित सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सर्व ब्राह्मण समाज व वंदे भारत की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में भारतीय प्रशासनिक परीक्षा 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर 58वीं रैंक हासिल करने वाले वैभव आनंद शर्मा का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वैभव आनंद शर्मा के पिताजी पूर्व होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. एपी शर्मा व उनकी माता ममता शर्मा और भाई सिद्धार्थ आनंद शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस दौरान धवल दीक्षित, विमलेंद्र शर्मा, राधेश्याम शर्मा, प्रदीप शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, डॉ मधुबाला त्यागी, वंदना शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, विघ्नेश चंद्र कौशिक, संजीव आकांक्षी, डॉ. प्रदीप शर्मा, सुधीश पराशरी, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मयंक शर्मा ने किया।

माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों को दी जाएगी रोजगारपरक शिक्षा

अब पढ़ाई के दौरान ही बच्चे सीख सकेंगे रोजगार के हुनर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: समग्र शिक्षा के तहत माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब पढ़ाई के दौरान ही बच्चे रोजगार के हुनर सीख सकेंगे। इसके लिए 18 प्रकार के ट्रेडों की सूची सभी प्रधानाचार्यों के पास भेजी गई है।

इनमें से विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार ट्रेडों की जानकारी जिला परियोजना अधिकारी को भेजी जाएगी। चयनित ट्रेड का प्रशिक्षण कॉलेज में दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षित ट्रेनर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करेंगे। इस तरह विद्यार्थी किसी भी ट्रेड में रोजगार के लिए तैयार हो सकेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर जोर दिया गया है। इसी के तहत जिले के सभी राजकीय तथा अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। कंस्ट्रक्शन, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस, वस्त्र निर्माण, खाद्य संरक्षण, कृषि, ऑटोमोबाइल, ऑटोमोटिव, आईटी, प्लंबिंग, रिटेल, सिक्योरिटी, इलेक्ट्रानिक्स, हेल्थकेयर, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टेलीकॉम की शिक्षा दी जाएगी। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने कहा कि कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्कूल में दाखिला कराने से पहले जान लें यू-डायस नंबर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

शिक्षा

- बिना नंबर के नहीं हो सकेगा बच्चे का अगली कक्षा में प्रवेश
- शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को जारी कर रखे हैं नंबर

अमृत विचार: जिले में बिना मान्यता के तमाम स्कूल चल रहे हैं, जिनके पास यू-डायस नंबर नहीं हैं। अपने बच्चे का दाखिला कराने से पहले स्कूल का यू-डायस नंबर अवश्य पूछ लें। स्कूल के फर्जी होने पर बच्चे का भविष्य प्रभावित हो सकता है। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के लिए यू -डायस नंबर जारी कर रखे हैं।

स्कूलों के फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए यू-डायस पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल पर कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों का ब्योरा अंकित किया गया है। जो स्कूल इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं उनके लिए एक यू- डायस नंबर भी जारी किया गया है। यह नंबर उक्त स्कूल की पहचान है। पोर्टल पर पंजीकृत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण भी इसी पोर्टल पर अपलोड होता है।

जिस बच्चे का विवरण पोर्टल पर अपलोड हो जाएगा उसके लिए एक पर्सनल एजुकेशन नंबर जारी होता है। यह नंबर बच्चे की पहचान होता है। जब बच्चा स्कूल की पढ़ाई पूरी कर लेता है तो उसकी टीसी पर स्कूल का यू-डायस नंबर अंकित किया जाता है। इसी के आधार पर बच्चे का दूसरे स्कूल में प्रवेश होता है। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि शासन ने यू-डायस नंबर व पैन नंबर के बिना प्रवेश पर रोक लगा दी है। ऐसे में बिना यू- डायस नंबर के स्कूल में प्रवेश कराने पर बाद में पछताना पड़ सकता है। सभी स्कूलों के लिए यू-डायस नंबर अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए अभिभावक अपने बच्चे का स्कूल में प्रवेश कराते समय यू-डायस नंबर की जानकारी अवश्य कर लें।

इंपीरियल तिराहे पर फाल्ट से साढ़े चार घंटे 10 हजार घरों की आपूर्ति रही बाधित

ओवरलोडिंग से हो रहे उपकरणों में फाल्ट, कटौती ने उड़ाई लोगों की नींद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर की घनी आबादी वाले मोहल्लों में शनिवार की रात बिजली कटौती ने लोगों की रात की नींद उड़ा दी। पूरी रात में चार बार बिजली गुल होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह इम्पीरियल तिराहे पर 33 केवी की भूमिगत केबल में फाल्ट हो गया। जिससे टाउन हॉल और टैक्सी स्टैंड उपकेंद्र के 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की साढ़े चार घंटे बिजली आपूर्ति गुल रही। सुबह से अधिशासी अभियंता फाल्ट सही करने में लगे रहे।

रविवार की सुबह 9:30 बजे टैक्सी स्टैंड विद्युत उपकेंद्र से इंपीरियल तिराहे तक जा रहे 33केवी के भूमिगत केबल में फाल्ट हो गया। जिससे ठीक करने लिए टाउन हॉल विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई बंद करनी पड़ी। टाउन हॉल विद्युत उपकेंद्र से जुडे. मोहल्ले चौमुखापुल, रेती मोहल्ला, तहसील स्कूल, लाल मस्जिद, मंडी चौक, अमरोहा गेट के 6,000 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति ढाई बजे तक ठप रही। टैक्सी स्टैंड विद्युत उपकेंद्र से जुड़े स्टेशन रोड, हरपाल नगर, गांधी नगर, पारकर रोड, गुलजारी मल धर्मशाला रोड, बुध बाजार कोठीवाल नगर, मानपुर, टाउनहाल के 4500 उपभोक्ताओं की साढ़े चार घंटे दोपहर ढाई बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। दोनों उपकेंद्र के 10 हजार उपभोक्ताओं में घरेलू कनेक्शन के सापेक्ष कमर्शियल कनेक्शनों की संख्या अधिक है। जिससे व्यापारी वर्ग को सुबह से दोपहर तक भारी दिक्कतें झेलनी पड़ी। अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह ने दोपहर तक इंपीरियल तिराहे पर खड़े होकर फाल्ट सही कराया। तब जाकर ढाई बजे बिजली व्यवस्था सुचारु हो सकी। उन्होंने बताया कि भूमिगत केबल में बढ़े तापमान व ओवरलोडिंग के कारण केबल में नमी आने से फाल्ट हो गया। काफी समय तो फाल्ट खोजने में ही लग गया। अधिशासी अभियंता प्रेम सिंह ने बताया कि पीतल नगरी, कटघर, जामा मस्जिद, फैज गंज, पीर गैब, मोहल्ले में शनिवार की रात बीच-बीच में बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। जिसकी वजह इन सभी मोहल्लों में रात 11 बजे से अचानक ओवरलोडिंग बढ़ गई। इन मोहल्लों में लगे ट्रांसफार्मर हीट होने लगे।



टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र पर फाल्ट को सही करते विद्युतकर्मी।

पिछले 10 दिन से अक्सर बिजली रात और दिन परेशान कर रही है। दिन में फाल्ट होने की समस्या आए दिन सामने आ रही है। फाल्ट होने पर दो से ढाई घंटे तो कभी-कभी पूरा दिन भी लग जाता है। बिजली आपूर्ति पूरे दिन के लिए गायब हो जाती है। **-राजीव दिवाकर**, पीतल नगरी, दुकानदार

रात भर बिजली ने कई बार परेशान किया। फिर सुबह 9 बजे बिजली गुल हो गई। बिजली कर्मचारियों को कई बार फोन भी किए लेकिन, किसी ने फोन नहीं उठाए। गर्मी बढ़ने के साथ बिजली ने भी परेशान करना शुरू कर दिया है। **-विक्की मधोक**, ताड़ीखाना पारकर रोड

महानगर में गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बिजली की खपत भी बढ़ती जा रही है। पिछले चार दिन से वितरण खंड द्वितीय और तृतीय के कई मोहल्लों में बिजली की ओवरलोडिंग भी बढ़ गई। उपभोक्ता क्षमता से अधिक बिजली का उपयोग कर रहे हैं। ओवरलोडिंग उपकरणों के लिए समस्या बनती जा रही है। **-मनीष चोपड़ा**, अधीक्षण अभियंता

दुष्कर्म मामले में चौकी इंचार्ज करा रहे थे समझौता, जांच शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर बदायूं के युवक ने युवती से दुष्कर्म किया। फिर युवती के दबाव बनाने पर आरोपी और उसके घर वाले विवाह के लिए तैयार हो गए। गोद भराई की रस्म भी हो गई और फिर आरोपी ने उससे शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने पुलिस चौकी पर शिकायत की तो चौकी इंचार्ज कार्रवाई के बजाय समझौता कराने पर जोर देने लगे। अब इस मामले को एसएसपी ने संज्ञान लिया है। प्रकरण में जांच के आदेश जारी हो गए हैं।

बिलारी थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका रिश्ता बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के गांव नलूआ नगला निवासी युवक से हुआ था। आरोपी युवक का उसके घर आना-जाना था। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर से विवाह के लिए दबाव बनाने पर एक मार्च को आरोपी और उसके परिवार वालों ने रिश्ता कर गोद भराई कर दी थी। बाद में आरोपी युवक ने शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने थाने पर शिकायत की लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एसएसपी को यह भी बताया है कि चौकी प्रभारी ने समझौता करने के लिए उस पर दबाव बनाया। एसएसपी हेमराज मीना ने बिलारी थानाध्यक्ष को कार्रवाई कर आख्या देने के आदेश दिए हैं।

चार महीने बाद आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- आरोपी ने जमीन बेचने के नाम पर पीड़ित से लिए थे 1.40 लाख
- सभी आरोपी कांठ कस्बे के करेला बाग मोहल्ले के रहने वाले

अमृत विचार : जमीन का बैनामा कराने के नाम पर पहले आरोपियों ने क्रेता से तयशुदा रुपये ले लिए और जब उसने बैनामा के लिए कहा तो उसके साथ मारपीट की। वैसे यह मामला दिसंबर 2023 का है। लेकिन, इस घटना के मामले में कटघर थाना पुलिस ने आरोपी की तहरीर पर समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिस पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश अब रविवार की रात में पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें नाजिर हुसैन व इसका बेटा साहिब और मुस्तकीम, सोनू मलिक नामजद हैं। ये सभी कांठ कस्बे के करेला बाग मुहल्ले के रहने वाले हैं।

हरचरन सिंह ने बताया कि घटना डियर पार्क रामगंगा पुल के पास की है। वह भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मजरा त्रिलोकपुर के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि नासिर हुसैन ने 9 जनवरी 2021 को उनसे 1.40 लाख रुपये लेकर जमीन बिक्री का सौदा किया था। शेष 10,000 रुपये लेकर 11 महीने के अंदर उनके पक्ष में जमीन का बैनामा करने को कहा था। लेकिन, समय बीतने के बाद भी नाजिर हुसैन ने बैनामा नहीं कराया। पीड़ित ने बताया कि 23 दिसंबर 2023 की शाम को वह बाइक से मुरादाबाद आ रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपी नाजिर हुसैन व उसके बेटे साहिब और मुस्तकीम पुत्र मो. जमील व सोनू मलिक निवासी करेला बाग कस्बा कांठ ने डियरपार्क रामगंगा पुल के पास रोक लिया। नाजिर गालियां देने लगा और उसे लात-घूसों और डंडों से मारा था। यही नहीं, नासिर व साहिब ने उनका पर्स और 700 रुपये भी छीन लिए थे। मारपीट में गुलाब सिंह, रवि प्रकाश व अन्य राहगीरों ने बीच-बचाव भी किया था। मारपीट में घायल होने पर हरचरन सिंह ने जिला अस्पताल में मेडिकल भी कराया था। लेकिन, पुलिस ने उनकी तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर नहीं दर्ज की थी। जिस पर वह न्यायालय की शरण में गए थे। उधर, थानाध्यक्ष कटघर तेजवीर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर चारों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इन पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत भी धाराएं लगाई गई हैं।

मनमानी : रेलवे स्टेशन परिसर में वाहन खड़ा करने को लेकर नो पार्किंग का बोर्ड (लाल घेरे में) रेल प्रशासन की ओर से लगाया गया है। लेकिन फिर भी लोग इस बोर्ड पर लिखी चेतावनी को पढ़ने के बाद भी अपने वाहन वहीं खड़े कर चले जाते हैं। अब इसे लापरवाही ना कहे तो क्या कहे? ● अमृत विचार

नालियों की सफाई न होने से नागरिकों को परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार: नगर के अनेक क्षेत्रों में खुली नालियों और नालों के बहने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो इनके माध्यम से इतने मच्छर पैदा हो रहे हैं कि लोगों का जीना हराम हो गया है। मच्छरों का झुंड दिन और रात बराबर चलता रहता है। शाम और रात को तो इनका आतंक बहुत ही बढ़ जाता है। इनको रोकने के लिए लोग तरह तरह के कीटनाशकों का प्रयोग करते हैं। वैसे ये कीटनाशक भी लोगों के लिए बहुत ही नुकसानदेह होते हैं। लोगों का कहना है कि आज तक ये खुली नालियां ठीक नहीं की गई हैं। इनके लिए न तो काई योजना आई और न ही कोई व्यवस्था की गई। पुराने शहर में तो हालत और भी खराब है।

स्कूटी सवार एमआर को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : डॉक्टर के यहां से लौट रहे स्कूटी सवार युवक को संभल चौराहा फ्लाईओवर पर वाहन ने टक्कर मार दी। युवक फ्लाईओवर के नीचे आ गिरा, जबकि उसकी स्कूटी पुल पर ही रह गई थी। इलाज के दौरान युवक की रविवार सुबह मौत हो गई। घटना शनिवार रात में संभल चौराहा फ्लाईओवर पर की है।

बताया जा रहा है कि प्रशांत आनंद (36) मेडिकल कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव (एमआर) थे। वह कटघर थाना क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी में रहते थे। वैसे पहले प्रशांत आनंद कोतवाली क्षेत्र के बारादरी में रहते थे लेकिन, माता-पिता की मौत के बाद वह अपनी बहन हेमा व बहनोई धर्मेंद्र के पास रहने लगे थे। मृतक प्रशांत के तीन बहनें हैं। इनकी शादी हो चुकी है। मृतक के बहनोई धर्मेंद्र ने बताया कि शनिवार रात प्रशांत सिविल लाइंस क्षेत्र में डॉक्टर के यहां गए थे। डॉक्टर से मुलाकात न होने पर वह देर रात स्कूटी से घर लौट रहे थे। गलशहीद थाना क्षेत्र में रामपुर रोड पर मृगलानी की ओर से संभल चौराहा फ्लाईओवर पर चढ़े, तभी किसी वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद प्रशांत सड़क पर गिरे और वह फ्लाईओवर से नीचे आ गए थे। पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां से हालत गंभीर देखकर बहन-बहनोई ने रेफर करा लिया था। प्रशांत को दिल्ली रोड पाकबड़ा स्थित टीएमयू में भर्ती कराया था। यहां उपचार के दौरान रविवार सुबह प्रशांत ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर युवक के शव को परिजन को सौंप दिया है। प्रशांत की मौत के बाद से उसकी तीनों बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांच कर प्रशांत की स्कूटी में टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में जानकारी की जा रही है।

- संभल चौराहा पर स्थित फ्लाईओवर पर हुई घटना, फ्लाईओवर के नीचे गिरा एमआर

तीन बहनों के इकलौते भाई थे प्रशांत

मृतक के बहनोई धर्मेंद्र ने बताया कि उनके साले प्रशांत आनंद अपनी तीन बहनों के इकलौते भाई थे। कुछ समय पहले माता-पिता की मौत के बाद वह उन्हीं के पास रहने लगे थे। अभी प्रशांत का विवाह भी नहीं हुआ था। धर्मेंद्र ने बताया कि प्रशांत के शव का पोस्टमार्टम हो गया है। अब उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। प्रशांत के साथ घटना कैसे हुई, किसी ने रंजिश में उन्हें मारा तो नहीं है आदि प्रश्न उनके मन में आ रहे हैं। इसके लिए वह सोमवार को थानाध्यक्ष से मिलेंगे और सीसीटीवी फुटेज भी देखेंगे।

सहूलियत मुरादाबाद के लिए 1098 नंबर पर कर सकते हैं कॉल

जिले में फिर सक्रिय हुई चाइल्ड केयर यूनिट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पिछले वर्ष बंद हुई चाइल्ड केयर यूनिट अब दोबारा अपने अस्तित्व में आई गई है। दिल्ली रोड पर आदर्श आचार संहिता के बाद जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह कार्यालय का फीता काटकर आरंभ करेंगे। पिछले वर्ष से चाइल्ड केयर यूनिट के नंबर 1098 की सेवाएं बंद थीं।

एनजीओ से सेवाएं हटाकर बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई थीं। लेकिन विभागीय कार्य के चलते बच्चों से संबंधित रेस्क्यू नहीं हो पा रहे थे। शासन की ओर से यूनिट में भर्ती प्रक्रिया पूरी कर कार्यालय संचालन के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से दिल्ली रोड पर कार्यालय पूर्ण रूप से तैयार कर दिया गया है।

रविवार को जिला बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि पिछले वर्ष जून से चाइल्ड केयर यूनिट का कार्य रोक दिया गया था। जिसको लेकर शासन ने अगस्त में पूरी चाइल्ड केयर यूनिट को खत्म कर दिया था।

सितंबर से इसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को सौंप दी थी। लेकिन विभाग के कार्य के साथ बच्चों से संबंधित रेस्क्यू तो किए गए, लेकिन उस तरह नहीं हो पाए। जिसकी वजह नेटवर्क नहीं होना सामने आया। जिले में बच्चों से संबंधित समस्याएं जैसे बाल विवाह, लावारिस बच्चों या बच्चों से संबंधित अन्य समस्याओं के बारे जानकारी नहीं हो पाई।

शासन ने अब दोबारा चाइल्ड केयर यूनिट शुरू करने को लेकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसमें कोऑर्डिनेटर, काउंसलर केश वर्कर के पदों पर आधी भर्ती कर ली गई है। दिल्ली रोड पर कार्यालय की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिसका आरंभ आदर्श आचार संहिता के बाद जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह द्वारा किया जाएगा। हालांकि चाइल्ड केयर यूनिट में भर्ती किए गए सदस्य कार्य के प्रति अभी से सजग हो गए हैं।

चाइल्ड केयर यूनिट के पदों पर अभी कुछ भर्तियां रह गई हैं। आदर्श आचार संहिता के चलते बीच में भर्ती प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सका। 4 जून के बाद शासन से मिली अनुमति के बाद रिक्त पदों पर भर्ती पूरी की जाएगी। जिसके बाद बच्चों से संबंधित हर प्रकार के रेस्क्यू कर बच्चों को सही दिशा दी जाएगी। **-अनुराग श्याम रस्तोगी**, बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग अधिकारी

पहल

- आदर्श आचार संहिता के बाद डीएम करेंगे कार्यालय का आरंभ
- बच्चों से संबंधित समस्याओं का होगा समाधान

आज से 2 मई तक 1880 हज यात्रियों को लगेंगे टीके

मुरादाबाद, अमृत विचार: हज यात्रा के लिए आज से चार दिवसीय टीकाकरण कैंप का आयोजन जिला स्तर पर किया गया है। जिसमें पूरे जिले के 9 मदरसों में हज को जाने वाले बुजुर्ग महिला, पुरुष और बच्चे और जवानों को टीके लगाए जाएगें। इसके लिए सभी टीकाकरण स्थलों पर सुबह 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच जाएगी।

रविवार को हज यात्रा के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी मोहम्मद खुसरो ने बताया कि इस बार लखनऊ हज कमेटी से 1880 लोगों को हज यात्रा की स्वीकृति दी गई है। जिसके लिए सभी को टीके लगाए जाने है। जिसमें चिह्नित मदरसों में लगाए गए टीकाकरण कैंप में 29 अप्रैल से 2 मई तक हज करने वालों को टीका लगाने के साथ पहली बार जाने वालों को हज यात्रा के बारे जानकारी भी दी जाएगी।

ऋषभ की फिल्म रांग लैंड का पोस्टर लांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने रविवार को ऋषभ रस्तोगी की आने वाली फिल्म रांग लैंड का पोस्टर लांच किया। फिल्म आईएसआर फिल्म प्रोडक्शन और क्रिएटिव बिंदू प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जाएगी। साथ ही इसको किसी बढ़े ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। रांग लैंड एक हॉरर मिस्ट्री आधारित फिल्म होगी। यह फिल्म मुरादाबाद, रामपुर और उत्तराखंड के नैनीताल व मसूरी में शूट की जाएगी। इस फिल्म को बजरंगी भाईजान फिल्म के क्रिएटिव डायरेक्टर शेखर उज्जैनवाल डायरेक्ट कर रहे हैं। वहीं फिल्म को निर्मित संजय रस्तोगी और फिल्म की डीओपी मुरादाबाद से आरडी मूवीस कर रहे हैं। पोस्टर लांचिंग के दौरान ऋषभ रस्तोगी और आरडी राहुल द्वारा मुरादाबाद के एडिक्शन बार क्लब में फिल्म का ऑडिशन भी लिया गया। जिसको जज करने मुंबई से फिल्म अभिनेत्री राधिका राजपूत, निर्देशक शेखर उज्जैनवाल, अभिनेता संजू नागरपाल, एंकर कपिल राज पहुंचे। साथ ही अन्य जिले से आए 50 से अधिक लोगों का फिल्म के लिए ऑडिशन भी लिया। इस दौरान ऋषभ रस्तोगी ने अपनी एलबम लव ट्राइएंगल का नया गाना रब्बा इश्क करे ना कोई का भी पोस्टर भी मंडलायुक्त द्वारा लांच कराया। इसमें ऋषभ रस्तोगी के साथ सोनिया सिंह, नैन्सी साइमन और जोर्डी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसमें गायिका डोना शर्मा और गगन शर्मा ने अपनी आवाज दी है। इसकी शूटिंग मुरादाबाद और रामपुर में हुई है।

रब्बा इश्क करे ना कोई का पोस्टर लांच करते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, ऋषभ रस्तोगी व अन्य। ● अमृत विचार

- मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने किया पोस्टर लांच, ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी फिल्म

एक नजर

डबल डेकर बस और ट्रक की भिड़ंत, दो की मौत

बदायूं, अमृत विचार : बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव बसोमा मोड़ पर शनिवार रात एक बजे बड़ा हादसा हो गया। डबल डेकर बस और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में बस सवार दो यात्रियों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों यात्री बरेली के हैं। इसमें एक प्रेम नगर थाना क्षेत्र के रामलीला गौटिया निवासी राहिद खां (25) पुत्र अख्तर खां और शेरगढ़ थाना क्षेत्र के नियाजी नगर गौटिया निवासी मोहम्मद आसिफ (40) पुत्र छुटकन खां शामिल हैं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार वालों को सौंप दिया है। दुर्घटना में बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर के 27 यात्री भी घायल हुए। जिनमें कुछ का राजकीय मेडिकल कालेज तो कई का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मामूली चोट होने पर कई यात्री रविवार को अपने परिजनों के साथ वापस चले गए। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब 11 बजे बरेली की डबल डेकर बस जयपुर जाने के लिए निकली थी। बस में 45 यात्री बैठे हुए थे। पुलिस के मुताबिक देर रात बस उझानी कोतवाली इलाके में बसोमा मोड़ के नजदीक पहुंची थी कि तभी अचानक गलत दिशा से आ रहा ट्रक बस से टकरा गया।

10 से ज्यादा खेलों का दिया जा रहा प्रशिक्षण, खिलाड़ियों का भविष्य बनाने को सोनकपुर स्टेडियम तैयार

स्टेडियम में अनुभवी कोच बना रहे खिलाड़ियों को एकलव्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मियों की छुट्टी में बच्चों को बेहतर खिलाड़ी और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को तरासने के लिए सोनकपुर स्टेडियम तैयार हैं। यह 10 से भी ज्यादा खेलों में खिलाड़ी बहुत कम फीस पर अपना भविष्य बना रहे हैं। यहां अनुभवी कोच खिलाड़ियों को बेहतर भविष्य की नींव रखने के लिए रोजाना खिलाड़ियों के साथ घंटों पसीना बहा रहे हैं। स्टेडियम ने देश को पीयूष चावला जैसे शानदार क्रिकेट खिलाड़ी दिया है।

मई और जून का महीना बच्चों के लिए बहुत अहम होता है। इन दिनों में बच्चे गर्मी की छुट्टियों में खूब मजे करते हैं। कोई परिवार के साथ घूमने जाता है, तो कोई अपने सपने को पूरा करने में लग जाता है। अगर आपका बच्चा भी खेलों में रुचि रखता है और खेलों में नाम रोशन करना चाहता है। तो महानगर में अपने बच्चे के सपने को पूरा करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार है। यहां 10 से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, हॉकी, एथलीट, वॉलीबाल समेत अन्य खेल शामिल हैं। इन सभी खेलों में अनुभवी कोच हैं, जो खिलाड़ियों के साथ मिलकर उनके बेहतर भविष्य के लिए पसीना बहा रहे हैं।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में क्रिकेट की प्रैक्टिस करते नन्हे खिलाड़ी। ● अमृत विचार

> सोनकपुर स्टेडियम हमेशा खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए काम करता आया है। यहां खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए काम किया जा रहा है। स्टेडियम से खेलकर बहुत से खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम किया है। अभिभावक अपने बच्चों को स्टेडियम भेजे और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर आने दें।
>
> -**प्रेम कुमार**, जिला क्रीड़ा अधिकारी

निखरेगा खिलाड़ियों का हुनर

सोनकपुर स्टेडियम में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे 1 साल का अपना रजिस्ट्रेशन मात्र 210 रुपये में करा सकते हैं। वहीं 18 साल से ज्यादा आयु वाले खिलाड़ियों को 210 रुपये प्रतिमाह देने होंगे। यहां क्रिकेट में 40, फुटबॉल में 40, खो-खो में 25, हॉकी में 40, एथलीट में 40, वॉलीबाल में 25 और हैंडबॉल 40 समेत अन्य खेलों में रजिस्ट्रेशन उपलब्ध हैं। सभी सीट भरने के बाद भी यहां खिलाड़ियों को निराश नहीं किया जाता है। यहां अधिकांश खेलों के अनुभवी कोच उपलब्ध हैं।

ये सुविधाएं भी हैं उपलब्ध

स्टेडियम में खिलाड़ियों की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जिम की व्यवस्था भी कराई गई हैं। साथ ही यहां हॉस्टल का निर्माण कार्य चल रहा है। अभी भी यहां खिलाड़ियों के रुकने के लिए डोरमेट्री उपलब्ध हैं। इसमें खिलाड़ियों की बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए एसी तक की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

पुलिस अकादमी में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए और मिले 2612 लाख

करीब 75 करोड़ रुपये की लागत से पुलिस अकादमी में बनाए जा रहे हैं आवासीय भवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। अभियान के तौर पर प्रदेश के सभी प्रशिक्षण केंद्रों की क्षमता दोगुनी हो रही है। इसी क्रम में मुरादाबाद की डॉ. भीमराव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए और 26.12 करोड़ रुपये शासन ने अपर पुलिस महानिदेशक मुख्यालय को उपलब्ध करा दिए हैं।

दरअसल, पुलिस अकादमी की क्षमता को दोगुना करने के संबंध में शासन ने दो दिसंबर 2022 को स्वीकृति जारी की थी। इस आवासीय भवन बनाने के लिए 7463.95 लाख रुपये खर्च करने की सहमति मिली थी। इसके बाद पहली किस्त में शासन ने 1865.98 लाख रुपये दिए थे। फिर कार्यदायी संस्था की तरफ से धनराशि उपभोग प्रमाणपत्र मिलने पर शासन ने चालू वित्तीय वर्ष में अवशेष 2612.38 लाख रुपये और अवमुक्त कर दिए हैं। इस तरह आवासीय भवन निर्माण के लिए कुल स्वीकृत परियोजना में अभी भी 2985.59 लाख रुपये शासन से मिलने बाकी हैं। कुल मिलाकर क्षमता दोगुना करने के क्रम में अकादमी व पीटीसी में कुल 303 आवास बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी प्रशासनिक भवन, तीन मंजिला क्लास रूम, 400 की क्षमता वाला दो मंजिला भवन, आर्मरी, गैराज, वर्कशॉप, ग्रीन एरिया, वाटर हार्वेस्टिंग, मनोरंजन गृह, ऑडिटोरियम हॉल, बैरक समेत कई तरह के निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं। इस तरह अकादमी व पीटीसी की क्षमता दोगुना करने में निर्माण कार्य के लिए 300 करोड़ से भी अधिक रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

अकादमी में बन रहे हैं 244 आवास

अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस अकादमी में कुल 244 आवास बन रहे हैं। इसमें टाइप-5 का एक, टाइप ए के 34 और टाइप बी के 209 आवास शामिल हैं। इसके साथ ही 200-200 की क्षमता वाली चार मंजिला की दो डोरमेट्री बनाई जा रही हैं। 100 की क्षमता वाला एक अन्य भवन बनेगा। इसमें आवासीय भवनों पर करीब 75 करोड़ और अनावासीय भवनों के निर्माण पर 52 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अकादमी में भवनों के निर्माण से प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण के लिए और ठहराव के बेहतर इंतजाम हो सकेंगे। इसी के साथ ही आवासीय क्षमता दोगुनी हो जाएगी। वर्तमान में अकादमी में 500 प्रशिक्षुओं की क्षमता है, भवन बनने के बाद ये क्षमता 1,000 तक हो जाएगी। 170 राजपत्रित अधिकारियों के आवास भी सुंदर हो जाएंगे।

जनवरी 2025 तक पूरे होने हैं कार्य

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में संबंधित कार्यों को अहमदाबाद की दिनाका इंडस्ट्रीज और नोएडा की कसाना बिल्डर्स पूरा करा रही हैं। निदेशक पुलिस अकादमी राजीव सभरवाल व पीटीसी प्रधानाचार्य अमित चंद्रा हर रोज मौके पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि गुणवत्ता को लेकर वह खुद रोजाना मौके पर पहुंचकर कार्य देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसाधन जुटने से प्रशिक्षण केंद्र की जहां क्षमता बढ़ जाएगी, वहीं तमाम सुविधाओं का भी विस्तार हो जाएगा। संबंधित सभी निर्माण कार्य 31 जनवरी 2025 तक पूरे होने हैं।

पीटीसी में ध्वस्त होंगे 28 जर्जर आवास

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में टाइप-4 के 28 जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की अनुमति भी शासन से मिल गई है। अनुसचिव प्रभात रंजन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि ध्वस्तीकरण से प्राप्त सामग्री मलबा आदि के निस्तारण से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा करना होगा। इन जर्जर आवासों के संबंध में लोक निर्माण विभाग ने 2,29,347 रुपये ह्रास मूल्य निर्धारित किया है। आवासों को ध्वस्त करने में आने वाले खर्च के तौर पर 34,402 रुपये निर्धारित किए गए हैं। जबकि, स्क्रैप मूल्य 68,804 रुपये तय किया गया है।

स्कूटी में टक्कर मारने के बाद बाइक सवार ने की गाली गलौज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग आ गए और बीच बचाव कर मामले को शांत कराया**
- **पीड़ित ने परिवार के साथ गलशहीद थाने जाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी**

अमृत विचार: स्कूटी में टक्कर मारने के बाद बाइक सवार ने गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी देकर स्कूटी की चाबी भी निकाल ली। हालांकि मौके पर बीच बचाव करने आए लोगों ने स्कूटी की चाबी दिलाई और मामले को शांत कराया। घटना की जानकारी पीड़ित पक्ष ने थाने में दी है।

पीड़ित पक्ष के युसूफ ने बताया कि वह कोरोला के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी बच्चों के साथ अपने भाई सुहेल की शादी में लाल मस्जिद बाड़ा जा रही थी। बड़ा बेटा शाद बाइक पर अपनी मां को बैठाया था। जबकि छोटा बेटा इबादुल रहमान अपनी बहन हफ्शा के साथ स्कूटी पर सवार था। यह दोनों लोग अपने वाहनों से गलशहीद थाने के पास एक रेस्टोरेंट के समीप मिठाई लेने को रुके थे। आरोप है कि वहीं पर हाजी कटर वाले के बेटे नजमी ने अपनी बाइक से स्कूटी में टक्कर मार दी। इस मामले में जब छोटे बेटे इबादतुल रहमान ने नाराजगी जताई तो आरोपी नजमी ने गाली गलौज शुरू कर दी और उसकी स्कूटी से चाबी भी निकाल ली। इबादुल रहमान से विवाद होता देख बड़ा भाई शाद और उनकी मां भी आरोपी से गाड़ी ढंग से चलाने की बात कहने लगे। आरोप है कि इस मामले में आरोपी और अधिक नाराजगी जाहिर करने लगा। साथ ही गोली मारने तक की धमकी देने लगा था। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग आ गए और बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। उधर, युसूफ को जब मामले की खबर मिली तो वह भी मौके पर पहुंचे और फिर अपने परिवार के साथ गलशहीद थाने जाकर पुलिस कर्मियों को घटना की जानकारी दी। गलशहीद थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

अवैध खनन पर जमकर चले लाठी और डंडे, गोलीबारी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: अवैध खनन को लेकर कोसी नदी में दो पक्षों में जमकर लाठी व डंडे चले। उसके बाद तड़तड़ाईं गोलियां। आसपास के लोगों मे गोली की आवाज की दहशत। जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

रविवार की सुबह 11:00 गोबरा गऊ घाट दबका निवासी हरवंश (35) पुत्र तारा सिंह, सुरेंद्र सिंह (18) पुत्र सुभाष सिंह, बलविंदर सिंह (30) पुत्र सतनाम सिंह, पाला सिंह (45) पुत्र दातार सिंह का कोसी नदी में अवैध खनन को लेकर कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित गुलजारपुर निवासी बलविंदर और जयमल के लोगों से विवाद उत्पन्न हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष में पहले जमकर लाठी डंडे व तलवारें चलने लगीं। इसके बाद विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि गोबरा गऊ घाट दबका निवासी सोनू (16) पुत्र हरवंश और सुभाष सिंह (46)पुत्र तारा सिंह लोगों के मामूली चोटें आई। इस दौरान डॉक्टरों ने हरवंश और बलविंदर की हालत गंभीर देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा कि दोनों पक्षों में काफी लंबे समय से अवैध खनन को लेकर विवाद चल रहा था, जो रविवार को खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में फायरिंग चलने लगी लेकिन गोली किसी को नहीं लगी। हवाई फायरिंग चलने की आशंका जताई गई है।

राष्ट्रीय बजरंग दल ने युवाओं को सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **संगठन की ओर से एक दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का आयोजन**

अमृत विचार: सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाजपत नगर में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का एक दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न स्थानों से कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में सह संगठन महामंत्री ईश्वर प्रसाद मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिंदू समाज का एकमात्र सच्चा साथी है। उन्होंने देश के प्रत्येक गांव में संगठन को खड़ा करने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि आज राष्ट्रीय बजरंग दल संपूर्ण भारत में एकमात्र संगठन है जो हिंदुत्व की आवाज को उठाने का काम कर रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश मंत्री सौरभ सैनी ने बताया कि आज संपूर्ण भारत में कई हजार हिंदू चिकित्सा उपलब्ध न होने के कारण मर जाते हैं। इसके लिए संगठन और हमारे नेतृत्व डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने संपूर्ण भारत के टॉप 10,000 डॉक्टर से संपर्क करके उनसे एक निवेदन पत्र भरवाया है। इसमें प्रत्येक डॉक्टर ने अपने यहां प्रतिदिन एक गरीब हिंदू मरीज को निशुल्क देखने का संकल्प लिया है। कहा कि 020-668-03300 नंबर पर कोई भी हिंदू अगर कॉल करता है तो 15 मिनट के अंदर-अंदर उस स्थान पर रहने वाला हमारा कार्यकर्ता उसके पास पहुंच जाएगा। राष्ट्रीय ओजस्विनी परिषद की प्रांत उपाध्यक्ष वंदना शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आज की नारी अबला नहीं है, साबला है। इसमें योगेश कश्यप को प्रखंड अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल गोविंद नगर, संजू कुमार प्रखंड मंत्री, प्रदीप सह अखाड़ा प्रमुख गोविंद नगर, सुनील सैनी भोजपुर प्रखंड अखाड़ा प्रमुख, अजय कुमार भोजपुर प्रखंड हनुमान चालीसा केंद्र प्रमुख, सुनील कश्यप खेरखाता प्रखंड मंत्री भगत पुर प्रखंड घोषित किया। अभ्यास वर्ग में विभाग महामंत्री गौरव सैनी, आनंद, चरण सिंह, दीप, स्वाति शर्मा, उमेश कुमारी, पायल पासी, ललित सैनी, महेंद्र कुमार, दीनदयाल, कैलाश, गुड्डू, कलवेश, राकेश, आकाश, महेंद्र, अजय, मनोज, विकास, आनंद राम, पर्व कौशिक, सेवा राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लाजपत नगर में एक दिवसीय अभ्यास वर्ग को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना।

पंच कुंडीय हवन के साथ वार्षिकोत्सव का समापन

मुरादाबाद, अमृत विचार: श्रीराम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में नीब करौरी आश्रम ग्राम सब्जीपुर पाकबड़ा में तृतीय वार्षिकोत्सव का रविवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस में पंच कुंडीय हवन यज्ञ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से हवन पूजन बनारस काशी से आए यज्ञ आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान विनय चालीसा और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, एमएलसी सतपाल सैनी, करणवीर सिंह, मोहित डुडेजा, रचित अग्रवाल, डॉ श्वेता चतुर्वेदी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विनीत कुमार गुप्ता, विनय कुमार लोहिया, राकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

आयोजन वसुंधरा कालोनी मंडी समिति की ओर से 488वीं श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ

श्रीमद्भागवत हमें जीना सिखाती है : अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: वसुंधरा कालोनी मंडी समिति मझोला द्वारा आयोजित 488वीं श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ भूमि पूजन, कलश स्थापना और भव्य शोभायात्रा से हुआ।

पारंपरिक वेशभूषा में मातृ शक्ति एवं सतसनातन परिधानों में पुरुषों ने हरे कृष्ण महामंत्र पर नृत्य करते हुए सहभागिता की। महिलाओं ने 51 कलश एवं पुरुषों ने श्रीमद्भागवत पुराण को सिर पर धारण कर भक्तिभाव से शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का क्षेत्र में जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कथा व्यास एवं धर्मगुरु आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण संसार का सर्वोच्च पवित्र ज्ञान है। गीता हमें जीना सिखाती है और श्रीमद्भागवत हमारा मरण सुधार कर, भगवत धाम का अधिकारी बनाती है। हरि भजन बड़ा बलवान होता है। इससे बढ़कर कोई बल नहीं है। उत्साही पुरुष के लिए संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। व्यवस्था में महेंद्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डोली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, श्रेया भटनागर, वरुण भटनागर आदि का सहयोग रहा।

मंडी समिति वसुंधरा कॉलोनी से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

भगवान परशुराम की यात्रा की सफलता को लेकर चर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर की दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित हुई। बैठक में 10 मई को 20वीं भगवान परशुराम की शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई। शोभायात्रा के माध्यम से सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द का संदेश देने की बात कही गई। भव्य शोभायात्रा में बारह झांकियां शामिल होंगी जो कि विभिन्न विषयों पर आधारित होंगी। शोभायात्रा मोहल्ला बाजीगरान से प्रारंभ होकर आरएन इंटर कॉलेज पर विश्राम लेगी। बैठक में डॉ. प्रदीप शर्मा, अनिल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सचिन शंखधार, अमित शर्मा राजू, शरद कौशिक, सुनील शर्मा, सतेंद्र शर्मा, राम अवतार शर्मा, ज्ञानदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

ट्रक का टायर फटने से चालक की मौत

रुद्रपुर, अमृत विचार : गदरपुर क्षेत्र में सामान से भरे ट्रक का टायर फटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मोहल्ला अली खां काशीपुर निवासी 40 वर्षीय बाबी उर्फ रौनक पुत्र अली जौहर ट्रक चालक था। कुछ समय पहले उसने ट्रक खरीदा था। उसे गाजियाबाद की कंपनी से पहली बुकिंग मिली थी और वह गाजियाबाद से सामान लेकर रुद्रपुर आ रहा था। रविवार सुबह गदरपुर थाना क्षेत्र के पास अचानक ट्रक का टायर पंचर हो गया। जिस पर बॉबी टायर बदलने लगा। इसी बीच टायर फट गया और वह घायल हो गया।

आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायल को सामुदायिक केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एक नजर

लाठी-डंडों से पीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

बिलारी, अमृत विचार : नगर के सरकारी अस्पताल के पास ठेले से चाऊमीन लेने गए व्यक्ति को लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। इस संबंध में कोतवाली में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी मोहम्मद इरफान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसने 10 महीने पहले अपनी पसंद से सरकारी अस्पताल रोड आइडिया ग्राउंड के पास की रहने वाली युवती से शादी की थी। 27 अप्रैल को उसके बहनोई नवाब उसके घर आए थे। वह बच्चों के लिए चाऊमीन लेने सरकारी अस्पताल ग्राउंड की ओर जा रहे थे तो उसके साले शकील अहमद, नूर मोहम्मद, मोहम्मद सलीम, राजा आदि ने उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह से मारा। बाद में आरोपी धमकी देकर फरार हो गए।

महिला व उसके भाई को ससुराल वालों ने पीटा

कुंदरकी, अमृत विचार : रविवार को ग्राम पंचायत जलालपुर में महिला और उसके भाई को महिला के ससुराल वालों द्वारा बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। इब्ने अली निवासी ग्राम जाफरपुर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन के साथ उसके ससुराल वाले काफी दिनों से मारपीट कर रहे थे। करीब एक माह से वह मायके में रह रही थी। रविवार को महिला अपने भाई के साथ कपड़े लेने के लिए अपनी ससुराल जलालपुर गई हुई थी। ससुराल वालों ने दोनों भाई-बहन के साथ मारपीट की और उनको बंधक बना लिया। फिलहाल पुलिस ने एनसीआर दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

हज यात्रियों का टीकाकरण शिविर 2 मई को

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : हज कमेटी ऑफ इंडिया के अनुसार अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के आदेश पर 2 मई को नगर के लालबाग स्थित मदरसा एम इस्लामिया पर हज पर जाने वाले लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। इसकी जानकारी मदरसे के प्रबंधक हाजी मोहम्मद हनीफ ने दी।

एक्टिव प्रेस क्लब ने पूर्व सांसद को दी श्रद्धांजलि

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : रविवार को नगर के लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में एक्टिव प्रेस क्लब ने एक शोकसभा का आयोजन किया। जिसमें पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

धूमधाम से निकाली भव्य भगवा शोभायात्रा

विश्व हिंदू परिषद ने रामोत्सव पर निकाली शोभायात्रा, जगह-जगह किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की ओर से रविवार को रामोत्सव के उपलक्ष्य में भगवा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें चारों ओर भगवा रंग से माहौल भक्तिमय हो गया। हाथों में भगवा झंडे और जुबां पर जय श्रीराम के जयकारे लगाते कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। यात्रा से पूर्व एसएस इंटर कॉलेज स्टेशन रोड में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके बाद भोजन वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख यशपाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर के 500 वर्षों के इतिहास की जानकारी आज की युवा पीढ़ी को होनी चाहिए। इन 500 वर्षों में अनगिनत भारत माता के सपूतों ने राम मंदिर निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। भगवा भव्य शोभायात्रा के आयोजन से पूर्व केंद्रीय प्रबंध समिति सदस्य डॉ. राजकमल गुप्ता, यशपाल सिंह, विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष अंजली गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

चारों ओर बस भगवा ही भगवा : भगवा शोभायात्रा महानगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड, बुध बाजार, गुलजारी मल धर्मशाला, ताड़ीखाना, गुरहट्टी, गंज बाजार, हनुमान मंदिर पहुंची। यहां पर आरती के बाद शोभा यात्रा को विश्राम दिया गया। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

बुध बाजार से निकली शोभायात्रा में शामिल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में ये रहे उपस्थित

नवदीप अग्रवाल, विशाल द्रविड़, अविनाश गुप्ता, विपिन गुप्ता, पंकज नागर, अनिल कठेरिया, मोहित सक्सेना, संतोष पंडित, रविंद्र छाबड़ा, योगेश त्यागी, विकास गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, नवदीप कुमार, विपुल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, कनक सिंह, नीता सैनी, साक्षी सिंह, अभिनव भटनागर, राजीव, नवनीत, दिनेश, रोहित, शुभम, अश्वनी, रजत, अमर, शक्ति, सौरभ, सचिन, विशाल, सोनू, गुलशन, सुधांशु, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

महिला के आत्महत्या मामले में पति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

घटना

- छह दिन पहले महिला ने फंदे से लटक कर दे दी थी जान
- पति पर पांच लाख रुपये मांगने का लगाया था आरोप

अमृत विचार : पांच लाख रुपये मायके से लाने के पति के तानों से परेशान महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। जब तक महिला के पिता को सूचना मिली तब तक पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी थी। पिता का आरोप है कि पुलिस ने बिना उनकी मर्जी के बेटी का अंतिम संस्कार भी करा दिया। मृतका के पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने विवाहिता के पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना भोजपुर के गांव बीजना निवासी मुनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपनी बेटी निशा यादव की शादी कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहरवाला निवासी राजकुमार पुत्र कृपाल सिंह के साथ 4 दिसंबर 2017 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के दो दिन बाद ही उनके दामाद ने शादी में दी गई मोटरसाइकिल को लेकर विवाद करने लगा। बाद में उसने मोटरसाइकिल बेच दी। साथ ही उनकी बेटी के साथ मारपीट भी की। उन्होंने किसी तरह बेटी का समझाया। आरोप लगाया कि दुर्भाग्य से उनकी बेटी बच्चा नहीं हुआ तो दामाद दूसरी शादी करने की धमकी देने लगा। इसी दौरान दामाद ने अपने गांव का मकान बेच दिया। ठाकुरद्वारा में मोहल्ला सुंदरम कॉलोनी में किराए पर रहने लगा। साथ ही बेटी पर पांच लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगा। 21अप्रैल को बेटी के साथ मारपीट की। जिसकी जानकारी उनकी बेटी ने फोन से अपनी मां को दी। उसी रात निशा ने फंदे से लटक कर जान दे दी। रात्रि 9:00 बजे दामाद ने फोन पर बताया कि निशा ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाद में बिना उनकी मर्जी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

आर्य उप प्रतिनिधि सभा ने किया कमेटी का गठन

संवाददाता, कांठ

बैठक

- चुनाव संबंधी विवाद सुलझाने के लिए कार्य करेगी कमेटी
- कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही चुनाव पर होगी चर्चा

अमृत विचार : वर्ष 2023-24 से आर्य समाज कांठ में आपसी मतभेद चल रहे था। जिसके निस्तारण के लिए आर्य प्रतिनिधि सभा मुरादाबाद द्वारा सभी आर्य बंधुओं से चर्चा कर एक कमेटी का चयन किया गया जो चुनाव संपन्न कराने के लिए सक्षम होगी।

रविवार को प्रातः आर्य समाज भवन में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आर्यबंधुओं द्वारा आहुति देकर सुख और शांति की कामना की गई। मुरादाबाद आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अजब सिंह, संरक्षक अभय श्रुति, ग्राम सदरपुर आर्य समाज के प्रधान राजवर्धन व आर्य समाज ग्राम महेंद्री के प्रधान आदि के पहुंचने पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विवादित बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कमेटी का गठन किया गया जो सही समय पर चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करायेगी। नई कमेटी में राजवर्धन, बलराम सिंह, सत्यपाल सिंह, संदीप गुप्ता व रघुराज सिंह हैं। इस मौके पर सुशील मणि गुप्ता, रितेश शर्मा, राजीव शर्मा, महेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, अशोक कुमार बिश्नोई, अशोक कुमार शर्मा, विक्रम सिंह, सुरेश चौहान, हरि सिंह, भानु प्रताप सिंह, मास्टर राम सिंह बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

भव्य होंगे परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

संवाददाता, कांठ/छजलैट

अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज के लोगों से जनसंपर्क किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

नगर में प्रतिवर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम तथा शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा के नेतृत्व में लोगों द्वारा विभिन्न ग्रामों में ब्राह्मण समाज के लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को ग्राम समदपुर, बुनियादपुर में आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को निकाली जाएगी। इससे पूर्व 8 मई को पं. बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला मोहल्ला विशनपुरा में कार्यक्रम शुरू होगा। 8 मई को सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक प्रभात फेरी निकालकर भगवान परशुराम का प्रचार प्रसार करेंगे। उसके बाद सुबह 10:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ वीरेंद्र शर्मा ग्राम पापड़ी की टीम के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 मई को सुबह धार्मिक आयोजन शुरू होंगे। इस अवसर पर सत्येंद्र शर्मा, तपेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, अजय भारद्वाज, सुशील शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, सोमेश कुमार शर्मा, शिव ओम शर्मा, योगेश शर्मा, रतेश शर्मा, अनिल कुमार, अंकुर शर्मा, आकाश शर्मा, हर्ष शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते आचार्य भावेश शर्मा। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

दहेज लोभी पति सहित आठ पर एफआईआर दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दहेज में कार व एसी आदि की मांग को लेकर उत्पीड़न करने के मामले में विवाहिता की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर पति सहित आठ लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजुपुर कला निवासी नूरजंहा पुत्री मोहम्मद हनीफ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसकी शादी 7 मई 2023 को सादिक रज़ा पुत्र मोहम्मद अखलाक निवासी चौराहा रसूलपुर छजलैट मुरादाबाद के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि पति सादिक रज़ा, ससुर अखलाक, सास मुश्तरी, शबरूनिशा पत्नी वारिस, वारिस पुत्र अखलाक, मोहम्मद आलम पुत्र अखलाक ननद सोफिया सभी निवासी चौराहा रसूलपुर तथा शमीम अहमद पुत्र अजीज शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। आए दिन सभी लोग दहेज में कार, एसी व अन्य सामान की मांग करते हुए उत्पीड़न करते थे। इसी दौरान वह एक बच्चे की मां भी बन गई, लेकिन उसके ससुराल वालों के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। आरोप है कि उसका पति धोखे से उसे मायके में छोड़कर चला गया।

उमरा के लिए सऊदी अरब रवाना होते जायरीन। ● अमृत विचार

उमरा के लिए जायरीनों का दल सऊदी अरब रवाना

कुंदरकी, अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सऊदी अरब उमरा करने के लिए लोगों के जाने का सिलसिला लगातार जारी है। सऊदी सरकार से 15 दिन का वीजा मिलने के बाद क्षेत्रीय लोग उमरा करने के लिए रवाना हुए। मुसलमानों के लिए मक्का मदीना में उनका सबसे बड़ा तीर्थ स्थान है और वहीं पर हज और उमरा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम चक फाजलपुर निवासी मोहम्मद अजीम, मोहम्मद इकराम, शमा परवीन, मुकर्रबी, इरम फातिमा दूसरी ओर ग्राम पंचायत डोमघर, महलोली, उदयपुर चंदन से भी लोग सऊदी अरब उमरा करने के लिए रवाना हुए।

मां के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

ठाकुरद्वारा/ सुरजन नगर, अमृत विचार : सुरजन नगर के मोहल्ला विश्नोई में स्थित बुवले कुंए पर मां भगवती का जागरण किया गया। जिसका आरम्भ ग्राम प्रधान वीर सिंह ने मां भगवती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। जागरण के दौरान आए कलाकारों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद मां भगवती के भजनों की प्रस्तुति दी। शेरावाली मां मैं आया तेरे द्वार भजन की प्रस्तुति पर जागरण में मौजूद श्रद्धालु मां भगवती का ध्यान करते हुए जमकर झूमने लगे। इस दौरान कलाकारों ने मां काली के विकराल रूप की झांकी की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को आकर्षित कर दिया। इसी दौरान सुदामा-कृष्ण व शंकर-पार्वती की नृत्य करती झांकियों की प्रस्तुति का सिलसिला पूरी रात चलता रहा। पूरी रात श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते नजर आए। प्रात: होने पर विधि विधान के साथ भगवती जागरण का समापन महाआरती के बाद किया गया और प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर नवीन कुमार शर्मा, विमल कुमार बिश्नोई, लव चौहान, राजू बिश्नोई, हर्षित शर्मा आदि मौजूद रहे।

भूसा एकत्र करने में जुटे लेखपाल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : उप जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र की गोशालाओं के लिए क्षेत्रीय लेखपालों ने अपने-अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर भूसा एकत्र करना शुरू कर दिया है। ताकि गोवंशीय पशुओं की अच्छे से देखभाल हो सके।

उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने लेखपालों को निर्देशित किया है कि वह अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर भूसा दान करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही निर्देश दिए हैं कि ग्राम समाज की भूमि में हरा चारा की बुवाई कराए। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में करीब 6 गोशालाएं चल रही है। जिसमें क्षेत्र के गांव मस्तल्लीपुर, राघुवाला, रामूवाला सेखू, अब्दुल्लापुर लेदा, मुड़िया मोहद्दीनपुर, ईलर गांव में चल रही है। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान पहले से ही प्रयासरत हैं। राशन विक्रेता गांव का एक जिम्मेदार व्यक्ति होता है इसलिए सभी राशन डीलर अपनी जिम्मेदारी समझे और किसानों को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में भूसा बैंक स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझे और बड़े किसानों को इस कार्य के लिए प्रेरित करें। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपालों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर भूसा एकत्र करने का कार्य शुरू कर दिया है। गोशालाओं के लिए 63,000 क्विंटल भूसा एकत्र करना है ताकि गोशाला में स्थित गोवंश पशुओं को चारे की किल्लत का सामना न करना पड़े।

- एसडीएम ने गोशाला में पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था करने के भी दिए निर्देश

ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव में जनसंपर्क कर भूसा एकत्र कराते लेखपाल। ● अमृत विचार

बाइक सवार को कैंटर ने मारी टक्कर, घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : दावत से लौट रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार कैंटर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कैंटर सहित फरार हो गया।

असमोली निवासी बबलू पुत्र चरण सिंह थाना क्षेत्र के गांव मानपुर दत्तराम में अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से आया था। रविवार को वह वापस जा रहा था। ठाकुरद्वारा-अलीगंज मार्ग पर ढेला नदी के पुल के निकट पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद चालक कैंटर सहित फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

पीडब्ल्यूडी ने कराई टूटी सड़कों की मरम्मत, राहत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : आखिर लोक निर्माण विभाग नींद से जाग ही गया। विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई गई।

कांठ-करणपुर मार्ग पर ग्राम मौढ़ी हजरतपुर से लेकर रामगंगा नदी के पुल तक सड़क में गहरे -गहरे गड्ढे हो गए थे। जिस कारण दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही थीं। सड़क में गड्ढों की वजह से लगातार हो रही दुर्घटनाओं में अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ग्राम बेगमपुर निवासी अधिवक्ता जितेंद्र सिंह एवं ग्राम खूंट खेड़ा निवासी ओमवीर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इन हादसों की वजह से हुई मौतों को लेकर ग्राम मिश्रीपुर हीरापुर, बेगमपुर, मौढ़ी हजरतपुर के प्रधान साजिद यासीन सहित अन्य ग्रामों के लोगों ने गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से की थी। परंतु लोक निर्माण विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया था। वहीं थाना कांठ में तैनात प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं एसडीएम को पत्र प्रेषित कर सड़क में हो रहे गड्ढों की मरम्मत करने की मांग की थी। अब जाकर विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और कांठ-करणपुर मार्ग पर हो रहे गड्ढों को भरा गया है। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है।

सड़क पर हुआ पैचवर्क। ● अमृत विचार

कार्यक्रम संत निरंकारी सत्संग भवन में साप्ताहिक संगत का आयोजन

मनुष्य को विवेकशील होकर करनी चाहिए पूजा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : मुरादाबाद रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में साप्ताहिक साध संगत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रचारक कृषि वैज्ञानिक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि मनुष्य को विवेकशील होना चाहिए। हम ही अपने सुख-दुख के लिए जिम्मेदार होते हैं।

भक्तों को प्रभु के गुणगान, प्यार, सहनशीलता और नम्रता में आनंद आता है, क्योंकि राम चरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि मनुष्य का शरीर बड़े सौभाग्य से मिलता है। सद्गुरु ब्रह्म ज्ञान देकर अपने भक्तों को सेवा, सिमरन और सत्संग से जोड़ता है और भक्त अहम् ब्रह्म अस्मि के भाव में जीवन जीता है। उन्होंने कहा कि मन का सकारात्मक परिवर्तन होना और सद्गुरु के चरणों में लगाना आवश्यक है। जो प्रेम करते हैं वे ही प्रभु को पाते हैं। संचालन नरेश चंचल ने किया। संगत में संचालक डॉ. रामकुमार सिंह, रघुनाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, प्रेमप्रकाश सिंह, विवेक, अंजलि, प्रीति, मेघा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, लक्ष्मी आदि ने भाग लिया।

ठाकुरद्वारा संत निरंकारी भवन में साध संगत के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सद्गुरु परम दयाल जी महाराज।

सद्गुरु परम दयाल का स्थापना दिवस मनाया

बिलारी, अमृत विचार : नगर के सराफा मार्केट स्थित मानवता मंदिर में सद्गुरु परम दयाल का 53 वां स्थापना दिवस विशेष पूजा अर्चना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मानवता मंदिर होशियापुर से संत कमल दयाल महाराज ने बताया कि आपके विचार में ही पूर्ण शक्ति है, अपने जीवन बदलने का सबसे बड़ा ज्ञान है, अपने को जानना अपने को पहचाना। संत छोटेलाल वशिष्ठ ने भी अमृत वचनों द्वारा संगत को आशीर्वाद दिया। इस दौरान मानवता मंदिर में आचार्य शशि शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विशाल क्वात्रा, दिनेश शर्मा, अरुण ग्रोवर, उमाशंकर शर्मा एडवोकेट, ममता शर्मा, राजकुमारी, नीता सिंघल, पूनम शर्मा, मिथिलेश, बाला चावला, आशा देवी, उमा मल्होत्रा, संध्या मल्होत्रा आदि मौजूद रहीं।

30 को होगा फ्री मेडिकल मेगा कैंप का आयोजन

कांठ, अमृत विचार : जनता नर्सिंग होम कांठ में 30 अप्रैल को फ्री मेडिकल मेगा कैंप का आयोजन डॉ. युसूफ अहमद के नेतृत्व में किया जा रहा है। कैंप में निशुल्क दवाओं का वितरण किया जाएगा।

जनता नर्सिंग होम एवं डायग्नोस्टिक सेंटर धामपुर रोड कांठ (लाल मस्जिद के सामने) 30 अप्रैल (मंगलवार) को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक समस्त बीमारियों का इलाज व परामर्श कैंप का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। जनता नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ. मोहम्मद युसूफ अहमद ने बताया कि इस कैंप में हड्डियों में कैल्शियम, गठिया, यूरिक एसिड व समस्त स्त्री रोग जांच निशुल्क की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैंप में रजिस्ट्रेशन करने पर अल्ट्रासाउंड व अन्य जांचों पर विशेष छूट दी जाएगी। शिविर में 3000 रुपये तक की जांच मुफ्त की जाएगी। पहले 100 मरीजों को प्राथमिकता भी दी जाएगी।

मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार

हाईस्कूल-इंटर के मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : साहू ब्रजरतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कांठ में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 92.5 % अंक प्राप्त करने वाले निरुल और 80% तक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें अभिभावकों सहित 35 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर रजत कुमार शर्मा ने बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहने की सीख दी। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति, व्यवस्था प्रमुख एवं आचार्य भावेश शर्मा, पंकज भदोरिया, डॉ. अनुज कुमार एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य महिमा शंकर पांडेय ने बताया कि एक अच्छी पुस्तक 1000 मित्रों के बराबर होती है और एक अच्छा मित्र एक पुस्तकालय के बराबर होता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

एक नजर

भूमि विवाद में दो भाइयों में मारपीट, एक घायल

हसनपुर, अमृत विचार : मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल का है। यहां के निवासी रोहतास पुत्र कालीचरण व उसकी पत्नी दोनों ही दिव्यांग हैं। रोहतास एवं उसके भाई बृजपाल में भूमि को लेकर विवाद है। विवाद के चलते रविवार सुबह बृजपाल ने अपनी पत्नी रामा व बेटे अभी के साथ भाई रोहतास व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। दिव्यांग दंपती फरियाद लेकर हसनपुर कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली पुलिस ने घायल दंपती को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दुकान के बाहर लगा बिजली का मीटर चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के अमरोहा बस स्टैंड के पास एक दुकान के बाहर लगा बिजली का मीटर चोरी हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। मोहल्ला राजपूत कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पुत्र जबर सिंह की नगर के अमरोहा अड्डे के निकट दुकान है। वहां पर उसने तीन किलोवाट का बिजली कनेक्शन ले रखा है। शनिवार रात जब दुकानदार दुकान बंद करके गया तो दुकान पर मीटर लगा था। लेकिन जब रविवार सुबह दुकान खोली तो बिजली का मीटर गायब था। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

महिला को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : घर में घुसकर महिला से उसके जेठ ने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट की। आरोपियों ने महिला के सिर में लाठी व चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव पपसरा खादर निवासी महिला रीहाना खातून पत्नी नजमुद्दीन घर में अकेली थी। आरोप है कि उसका जेठ सलाउद्दीन अपने बेटे अरमान व पुत्रवधू निखत के साथ उसके घर आए और मारपीट करने लगे। उसके बाद हाथ में चाकू और सिर में डंडा मारा। जिसके बाद रीहाना लहूलुहान होकर वहीं पर गिर गई। जानकारी पर महिला ने परिजनों की मदद से थाने पहुंचकर पुलिस को घटना बताई और तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में सलाउद्दीन व अरमान और निखत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर का पहिया खेत में जाने पर दो पक्षों में मारपीट

गजरौला, अमृत विचार : ट्रैक्टर का पहिया खेत में जाने को लेकर गाली-गलौज के बाद दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। क्षेत्र के पपसरा खादर गांव निवासी गब्बर और अलीहसन के खेत पासपास हैं। रविवार को गब्बर ट्रैक्टर से खेत में कुछ काम कर रहा था। तभी उसका पहिया अलीहसन के खेत में चला गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। गाली-गलौज के बाद दोनों गुटों के बीच मारपीट होने लगी। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। लोगों में शामिल किसी ने घटना का वीडियो बनाया तथा पर वायरल कर दिया। मारपीट में गब्बर और तैयब समेत तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

करंट लगने से युवक की मौत

ढक्का गांव का मामला, खेत में गेहूं निकासी के दौरान हुआ हादसा

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक की गेहूं की निकासी के दौरान करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के युवक के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

घटना थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ढक्का की है। यहां के निवासी भोलू का 26 वर्षीय बेटा सुलेमान कटर मशीन चलाता था। रविवार सुबह वह गांव निवासी किसान के गेहूं की निकासी करने के लिए मथना गांव के जंगल में गया हुआ था। गेहूं निकासी के दौरान अचानक कटर मशीन से आवाज आने लगी। जिसे देखने के लिए सुलेमान कटर मशीन पर चढ़ गया। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तार से युवक का सिर छू गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। हादसा देखकर मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन करंट लगने से झुलसे युवक को संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने युवक की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।



सुलेमान के घर के बाहर मौजूद पड़ोसी। ● अमृत विचार

- पुलिस को जानकारी दिए बिना परिजनों ने किया अंतिम संस्कार
- एक साल पहले ही हुई थी सुलेमान की शादी

युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के मृत युवक के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। परिजनों के मुताबिक युवक 10 भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। उसकी एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। युवक की मौत से पत्नी रूमा समेत परिजनों का बुरा हाल है। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। न ही इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त हुई है।

टायर फटने से टेम्पो पलटा, महिला घायल

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के गजरौला मार्ग पर टायर फटने से टेम्पो पलट गया। जिससे टेम्पो में बैठी सवारियों में अफरातफरी मच गई। टेम्पो पलटने से एक महिला घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। रविवार को नगर से टेम्पो सवारियां लेकर गजरौला के लिए जा रहा था। जैसे ही वह मनौटा पुल के निकट पहुंचा तो टायर फटने के कारण टेम्पो पलट गया। टेम्पो पलटने के कारण सवारियों में हड़कंप मच गया और टेम्पो में बैठी ग्राम सौहत निवासी दयावती पत्नी प्रेम गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया। सड़क किनारे टेंपो पलटने के कारण गजरौला मार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हो गया।

वीडियो वायरल कर पुलिस पर लगाए आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर कोतवाली पुलिस पर आरोपियों का साथ देने का आरोप लगाया है। महिला ने रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों को नहीं पकड़ने की बात कही है।

मोहल्ला काला शहीद निवासी विमला पत्नी जितेंद्र का पड़ोसियों से नाली को लेकर विवाद हो गया था। 23 अप्रैल को पड़ोसियों ने घर पर हमला कर विमला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। विमला ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थी।

पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज कर ली थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से नाराज घायल महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो में महिला कह रही है कि कोतवाली पुलिस आरोपियों के साथ मिली हुई है। जिसके कारण उसने खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं कर रही। वहीं, कोतवाली पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज की कार्रवाई की गई है।

सार-संक्षेप

कूड़ा डालने को लेकर मारपीट, चार पर रिपोर्ट दर्ज

चौधरपुर, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पायती कलां निवासी मल्लू खां ने पड़ोसी यामीन, रफी, आस मोहम्मद और जावेद पर कूड़ा डालने से मना करने को लेकर उसके भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव पायती कलां निवासी मल्लू खां का कहना है कि उसका भाई छोटे घर के पास खड़ा था। तभी पड़ोस में रहने वाले यासीन, रफी, आस मोहम्मद और जावेद रास्ते में कूड़ा डाल रहे थे। उसके भाई छोटे ने आरोपियों से रास्ते में कूड़ा डालने को मना किया तो वह आग बबूला हो गये और गाली गलौच करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके भाई को लाठी और लोहे की रॉड से मारापीटा और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर यासीन, रफी, आस मोहम्मद और जावेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंदिर से चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

हसनपुर, अमृत विचार : पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर शिव मंदिर से हुई चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को कस्बा पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शिव मंदिर में लगे सब मर्सिबल की मोटर, पाइप एवं केबल चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब भी कोतवाली पुलिस मंदिर में हुई चोरी के मामले में अंधेरे में तीर चला रही है। धार्मिक, सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों में मंदिर में हुई चोरी को लेकर रोष व्याप्त है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है, जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा।

कुत्ते से टकराकर बाइक फिसली, युवक घायल

गजरौला, अमृत विचार : जुबिलेंट फैक्ट्री के समीप कुत्ते से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा निवासी मोहित पुत्र दिवान सिंह शुक्रवार रात बाइक से दिल्ली से वापस अपने गांव पीठखेड़ा आ रहा था। जैसे ही वह गजरौला की जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के पास पहुंचा, अचानक सड़क पर कुत्ता आ गया। जिससे टकराकर उसकी बाइक फिसल गई। हादसे में मोहित गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को उपचार हेतु निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

चुनाव के बाद गेहूं की कटाई में जुटे किसान

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मतदान के बाद किसानों का रुख अब गेहूं की कटाई की ओर हो गया है। किसानों ने गेहूं की कटाई के साथ-साथ कंबाइन भी चलानी शुरू कर दी है। मंडी के साथ गेहूं क्रय केंद्रों पर दिन-प्रतिदिन गेहूं की आवक बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनाव में किसानों के व्यस्त होने के कारण गेहूं की कटाई में देरी हो रही थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद किसानों ने कटाई के साथ-साथ थ्रेशर से गेहूं निकालने व कंबाइन से कटाई कराना शुरू कर दिया। महीपाल यादव, अशोक कुमार, पवन सैनी व योगेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर किसान व्यस्त थे, लेकिन अब लोकसभा चुनाव का भी मतदान हो गया है, इसलिए अब सिर्फ गेहूं की कटाई हाथों व कंबाइन से कराने का कार्य शुरू कर दिया है। थ्रेशर से गेहूं निकालने की तैयारी भी शुरू हो गई है। कटाई का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है।

चुनाव ड्यूटी नहीं करने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : चुनाव में ड्यूटी नहीं करने वाले कर्मचारियों पर विभागीय कार्यवाई की जाएगी। सीडीओ ने कहा कि गैरहाजिर कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है। बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर 1486 पोलिंग पार्टियां बनाई गईं थीं। 25 अप्रैल को अमरोहा मंडी समिति से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं थीं। इस दौरान कई कर्मचारी गैरहाजिर रहे। जिसकी वजह से पोलिंग पार्टियों की रवानगी का कार्य प्रभावित हुआ था। बिना किसी प्रार्थना पत्र के जो भी कर्मचारी गैरहाजिर रहे और मतदान में नहीं पहुंचे। अब उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी दौरान कई कर्मचारी बिना सूचना के गैरहाजिर रहे थे और 40 कर्मचारी प्रशिक्षण में नहीं पहुंचे थे। उनके खिलाफ अब कार्रवाई होगी। गैरहाजिर कर्मचारियों की सूची बनाई जाएगी। इसके बाद उनको नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

कताई मिल के पास जंगल में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कताई मिल के पास शनिवार रात अचानक जंगल में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण उधर से गुजरे तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।

मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव यहियापुर के पास स्थित कताई मील के पास का है। यहां शनिवार रात अचानक जंगल में आग लग गई। यहां सड़क किनारे पेड़ों के पत्तों में आग लगी थी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। कुछ ही देर में आग जंगल में तेजी से फैलने लगी। इसी दौरान ग्रामीण उधर से गुजरे तो

जंगल में लगी आग। ● अमृत विचार

- सड़क पर पड़े पत्तों में लगी आग जंगल में फैल गई
- अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत अग्निशमन विभाग को आग लगने के बारे में बताया। तत्काल ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं जहां आग लगी थी उसके थोड़ी दूर ही खेतों में गेहूं की फसल खड़ी थी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अग्निशमन विभाग की टीम जल्द मौके पर नहीं पहुंचती तो किसानों की सैंकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल सकती थी।

दो पक्षों में घरों की छतों से पथराव, वीडियो वायरल

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : गांव में दो पक्षों में मारपीट और पथराव हुआ। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। घरों की छतों से जमकर पत्थर बरसाए गए। पथराव का लाइव वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मामला थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव कनैटा का है। यहां बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद पथराव हुआ। पथराव में इदरीश पक्ष की तरफ से उसकी पुत्री साफिया, अर्श पुत्र मेहराज निवासी जयतौली तथा इकरार पक्ष की तरफ से फैसल, साजेद घायल हो गए। इसके बाद घायल थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती

छत से पथराव करते लोग।

कराया है। पथराव के दौरान रास्ते में खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। गांव में तकरीबन 10 मिनट तक जमकर पथराव हुआ। पथराव का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। मामले में तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

बकाया वसूली के लिए आज से अभियान

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा डिविजन के बिजली उपभोक्ताओं पर करीब 20 करोड़ रुपये का बकाया है। जिसकी वसूली के लिए विभाग आज से अभियान चलाएगा।

जीडी प्रजापति ने बताया कि अमरोहा डिवीजन के बिजली उपभोक्ताओं पर 20 करोड़ रुपये का बकाया है। वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा था। जिसको चुनाव को देखते हुए रोक दिया था। उन्होंने बताया कि चुनाव समाप्त हो गया है और सभी बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने का नोटिस जारी कर दिया है। उपभोक्ताओं को जारी नोटिस में चेतावनी दी है कि अभियान के दौरान जिन बिजली उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किया है। उनके कनेक्शन काट दिए जाएंगे एवं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। विद्युत अधिकारी ने बताया कि सोमवार से टीम बनाकर अभियान शुरू किया जाएगा। टीम में विजिलेंस एवं सिविल पुलिस को भी शामिल किया है।

आंबेडकर पार्क बना अवैध पार्किंग स्थल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर स्थित आंबेडकर पार्क इन दिनों अवैध पार्किंग स्थल बना हुआ है। पार्क के चारों तरफ चार पहिया वाहन एवं ठेले खड़े होने के कारण राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस समस्या की ओर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी कोई भी ध्यान नहीं दे रहा, जिसके कारण नगरवासियों में रोष है।

एक ओर मुख्यमंत्री अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को कई बार सख्त निर्देश दे चुके हैं। वहीं नगर में इससे विपरीत आंबेडकर पार्क के चारों तरफ अवैध पार्किंग स्थल बन गया है। जहां पर दो पहिया, चार पहिया वाहन व चाट पकौड़ी के ठेले खड़े होने से राहगीरों के निकलने के लिए मार्ग नहीं बचता। कई बार तो हालत कहासुनी और मारपीट पर आ जाती है। कई व्यापारी संगठनों के

आंबेडकर पार्क के सामने अवैध रूप से खड़े चार पहिया वाहन। ● अमृत विचार

- अधिकारियों ने जल्द ही अभियान चलाने का दिया आश्वासन

द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई। लेकिन न तो पालिका के अधिकारी व न पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जबकि आंबेडकर पार्क से प्रतिदिन कई विभागों के अधिकारियों के वाहन गुजरते हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी ने कोशिश नहीं की गई कि अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को हटाया जाए। ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया कि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी चुनाव के चलते व्यस्त थे। अब जल्द ही दोनों विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने कहा कि नगर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका ही कार्रवाई कर सकती है। अभियान के लिए पुलिस सुरक्षा मांगेगी तो पुलिस बल मुहैया कराया जाएगा।

भूखंड बेचने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पे

गजरौला, अमृत विचार : भूखंड बेचने के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोपी ने रुपये लेकर प्लाट का बैनामा नहीं कराया। पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली है। आरोपी पर धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दिल्ली के बदरपुर पश्चिमी निवासी विजय कुमार का गजरौला में भानपुर फाटक के निकट 120 गज का भूखंड है। दिल्ली के बदरपुर में स्थित मकान नंबर सी 10 गली नंबर 14 ए निवासी सोहनवीर सिंह ने विजय का भूखंड 15 लाख 84 हजार रुपये में तय किया था। पीड़ित ने फरवरी 2019 में विजय को सारे रुपये दे दिए और लाकडाउन के बाद बैनामा कराने बात तय हुई थी। आरोप है कि विजय बैनामा करवाने को टालमटोल करता रहा। एक मार्च 2024 को सोहनवीर ने विजय से बैनामा करवाने को कहा तो उसने मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि विजय पर कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दहेज में कार न मिलने पर तोड़ा रिश्ता, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शादी तय होने के बाद मंगेतर ने दहेज में कार और स्कूटी की मांग की। मांग पूरी न होने पर उसने लड़की से रिश्ता तोड़ दिया। इसके बाद लड़की के पिता ने मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदाबाद उर्फ नसीरपुर का है। यहां के निवासी किसान इफ्तकार अली ने अपनी बेटी निशा का रिश्ता थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सिरसा जाट निवासी अफजल के साथ किया था। आरोप है कि मंगनी में करीब छह लाख रुपये खर्च हुए थे तथा शादी की तारीख भी रखी गई थी। जिसके बाद दोनों परिवारों ने शादी की तैयारी शुरू कर दी थी। लेकिन

कार्रवाई

- मंगनी होने के बाद वर पक्ष की ओर से मांगी गई कार और स्कूटी
- इनकार करने पर वर पक्ष ने शादी से मना कर दिया

इसी बीच दोनों पक्षों के बीच दहेज को लेकर विवाद हो गया। इफ्तेखार का आरोप है कि वर पक्ष शादी में क्रेटा कार व स्कूटी की मांग कर रहा है। इनकार करने पर उन्होंने शादी करने से मना कर दिया। इस मामले में दोनों पक्षों की पंचायत हुई। लेकिन कोई हल नहीं निकला। इसके बाद वर पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। जिसके बाद लड़की के पिता ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि इफ्तखार की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

जांच जिले में दूसरे चरण के मतदान के बाद मंडी समिति में रखी गईं हैं ईवीएम

मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने एडीएम सुरेंद्र कुमार सिंह के साथ मंडी समिति परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को चेक किया। दोनों अधिकारियों ने वहां तैनात पैरामिलिट्री के जवानों के साथ बातचीत की। उनसे सुरक्षा के संबंध में जानकारी हासिल की।

अमरोहा लोकसभा सीट पर हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पैरामिलिट्री के जवानों और सिविल पुलिस के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। रविवार सुबह जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने एडीएम सुरेंद्र सिंह के साथ मंडी

स्ट्रांग रूम का जायजा लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी साथ में अन्य। ● अमृत विचार

समिति पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्ट्रांग रूम पर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को चेक किया। इसके अलावा वहां तैनात पैरामिलिट्री के जवानों से बातचीत के और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। वहां पर सुरक्षा में तैनात पैरामिलिट्री के जवानों और सिविल पुलिस चेक कर्मचारी से सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली। उनको निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया और सुरक्षा की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम को भी देखा। वहां तैनात कर्मचारी को दिशा निर्देश भी दिए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। जिलाधिकारी ने मंडी समिति में साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए हैं। स्ट्रांग रूम क्षेत्र में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है।

हादसे के आठ दिन बाद कार मालिक ने दी तहरीर

सैदनगली, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर आठ दिन पहले सड़क दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में कार सवार लोग घायल हो गए थे। कार मालिक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगटकोला निवासी लल्लु सिंह पुत्र भरत सिंह गुर्जर ने बताया कि 22 अप्रैल को दोपहर उनका बेटा हेमराज उर्फ गुड्डू अपने परिवार के साथ सम्भल रोड पर गांव भीकनपुर शर्की जा रहे थे। गाड़ी को हेमराज उर्फ गुड्डू चला रहा था। जैसे ही ये लोग ग्राम भीकनपुर शर्की के पास न्यू सूमा कोल्ड स्टोर के सामने पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने गाड़ी में टक्कर मार दी थी। हादसे में कार में सवार ओम डोयला, ऋषभ व नन्दनी को चोटें आई थी। जिन्हें पिन्टू निवासी ग्राम जेबड़ा मुस्तकम ने अस्पताल में भर्ती कराया था। कार चालक के पिता लल्लू सिंह ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

यज्ञ कर वेदों के प्रचार का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आर्य समाज के प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हुआ। यज्ञ में ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचनम शांति करणम महामृत्युंजय मंत्र एवं देश में खुशहाली व समाज के कल्याण के लिए आहुतियां प्रदान की गईं। समाज में सुख-शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीर्घायु, यश, वैभव एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर वेदों के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

रविवार को आर्य समाज में यज्ञ के मुख्य यज्ञमान विनय प्रकाश आर्य रहे। इस मौके पर प्रधान अभय आर्य ने कहा कि वर्तमान परिवेश में वेदों का प्रचार-प्रचार जरूरी है। सभी समस्याओं का समाधान वेदों में छिपा है। हमें अपने बच्चों को वेदों से जोड़ना चाहिए। जिस घर में वेदों की ऋचाओं का वाचन होता है वहां

यज्ञ में आहुति देते आर्य समाज के सदस्य। ● अमृत विचार

- आर्य समाज के प्रधान ने कहा वेदों का प्रचार-प्रसार जरूरी
- बच्चों को वेदों से जोड़ने पर जोर सत्यार्थ प्रकाश का किया वाचन

से नकारात्मकता दूर हो जाती है। इस अवसर पर महर्षि दयानंद द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन हेतराम सागर, आर्य समाज के नियम विकास राठी एवं संगठन सुक्त सुभाष दुआ द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर मंत्री नत्थू सिंह आर्य, दिनेश रस्तोगी, अनिल जग्गा, डॉ. गजेन्द्र पाल सिंह, अंकुर अग्रवाल, राजीव यादव, मनोहर लाल आर्य आदि रहे।

एक नजर

बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बिसारु निवासी महीपाल शनिवार की रात साढ़े नौ बजे कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव निरयावली से बाइक से घर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लू सराय निवासी शिवम सरायतरीन से आ रहा था। संभल बहजोई मार्ग पर सरायतरीन में पातालेश्वर महादेव मंदिर के पास बाइकों की की भिड़ंत हो गई। जिसमें शिवम व महीपाल घायल हो गए।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

संभल, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गवां निवासी हितेश गिरि रविवार को अपनी बेटी सोनम 6 वर्ष के साथ बाइक से असमोली थाना क्षेत्र के गांव दुगावर में स्थित ससुराल जा रहा था। संभल मनोटा मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव नगला के पास पिकअप ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे हितेश गिरि घायल हो गया।

मतदान प्रशिक्षण से बाहर निकलते ही छोटे बच्चों को संभालने में जुटती हैं महिला कर्मचारी

चुनाव ड्यूटी के साथ मां का फर्ज भी निभा रहीं महिला कर्मी

सुनील कुमार,बहजोई/संभल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षण व अन्य कार्यक्रमों के दौरान महिला कर्मी चुनावी ड्यूटी के साथ ही मां होने का भी फर्ज निभा रही हैं। अधिकतर महिलाएं अपने बच्चों के साथ प्रशिक्षण में आ रही है। जब बच्चे रोते हैं तो वह बाहर जाकर बच्चों को खिलाने लगती हैं। बच्चे चुप हो जाते हैं तो वह फिर से प्रशिक्षण पाती है। उधर यह भी देखने को मिल रहा है कि जहां मम्मी प्रशिक्षण पा रही है तो कुछ पापा बच्चों को संभाल रहे हैं।

संभल लोकसभा की चंदौसी, संभल, असमोली, आंशिक बिलारी व बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा में चुनाव कराए जाने को लेकर 1648 बूथ पर 7200 का मतदान कार्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रशिक्षण के दौरान अपने बच्चे को संभालती महिला कार्मिक।

- **1648 बूथों पर 7200 मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगाई**
- **इनमें लगभग 1800 महिला मतदान कार्मिक हैं**

जिसमें लगभग 1800 महिला मतदान कर्मी हैं। इनमें से ऐसी सैंकड़ों महिला कर्मी हैं जिनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। यह महिलाएं छोटे बच्चों को साथ लेकर प्रशिक्षण में पहुंच रही है।

छोटे बच्चे को झूला झुलाकर मन बहलाने का प्रयास करता पिता।

प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षण लेते समय जब बच्चे रोने लगते हैं तो यह महिलाएं मां का भी फर्ज निभाने को भी मजबूर नजर आती हैं। प्रशिक्षण कक्ष से बाहर आकर रोते बच्चे को चुपाने का तथा खिलाने का काम महिला कर्मी करती हैं। मां का फर्ज निभाने के बाद बच्चे चुप हो जाते हैं तो वह प्रशिक्षण में शामिल हो जाती हैं।

मम्मी ले रही प्रशिक्षण तो बच्चों को संभाल रहे पापा

बहजोई, अमृत विचार : प्रशिक्षण स्थल पर छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मम्मी प्रशिक्षण लेने के लिए पहुंच रही हैं। कई महिलाओं के पति यानी बच्चों के पापा भी प्रशिक्षण स्तर पर पहुंच रहे हैं। जब मम्मी प्रशिक्षण लेने के लिए कक्ष में पहुंच जाती है तो बाहर यह पापा छोटे-छोटे बच्चों को मैदान में खिलाते हैं। स्कूल में बने झूले पर झुलाकर बच्चों को बहलाते हैं कभी आइसक्रीम तो कभी चिप्स देकर बच्चों को खुश रखने का प्रयास करते हैं। जब बच्चा पापा की नहीं सुनता तो फिर मां को प्रशिक्षण कक्ष से बाहर आना पड़ता है।

ड्यूटी कटवाने को अधिकारियों के चक्कर लगा रहीं माताएं

बहजोई, अमृत विचार : 200 से अधिक महिलाओं ने चुनाव से ड्यूटी कटवाने को लेकर सीडीओ को आवेदन दिया है। वहीं प्रशिक्षण स्थल पर सीडीओ भारत कुमार मिश्रा प्रशिक्षण का निरीक्षण कर रहे थे तो छोटे-छोटे बच्चों की माताएं अपने बच्चों को गोद में लेकर उनके पीछे चक्कर काट रही थीं। कह रही थीं कि उनकी ड्यूटी काट दो, उनके छोटे बच्चे हैं अगर वह चुनाव ड्यूटी पर चले जाएंगे तो उनके बच्चों को कौन देखेगा।

गृह क्लेश में ग्रामीण ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: गृह क्लेश के चलते ग्रामीण ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में देर रात्रि पर जिन्होंने ग्रामीण को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया।

बहजोई के गांव रामगढ़ निवासी दीपेंद्र सिंह उम्र 28 वर्ष का रात्रि में किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया था। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। बात इतनी बढ़ी कि गुस्से में आकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।

दीपेंद्र सिंह की अचानक हालत बिगड़ गई। आनन फानन में परिजनों ने दीपेंद्र सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो गंभीर हालत में मुरादाबाद के जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पिता कांता प्रसाद ने बताया कि खाना खाने को लेकर कुछ विवाद हुआ था। इसी को लेकर उसने यह कदम उठा लिया।

ससुराल वालों से विवाद को लेकर फंदे पर लटका

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति की हयातनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला सरायतरीन में स्थित ससुराल है। रविवार की सुबह छह बजे व्यक्ति ससुराल पहुंचा और किसी बात को लेकर चल रहे विवाद में कमरे में पहुंचकर फंदे पर लटक गया। ससुराल वालों ने फंदा खोलकर व्यक्ति को नीचे उतारा और आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचे परिजन तबीयत में सुधार होने पर बिना किसी पर आरोप लगाए व्यक्ति को लेकर घर चले गए।

परिपक्वता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें

दूसरे दिन 129 मतदान कार्मियों ने पोस्टल बैलट से किया मतदान

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दूसरे दिन भी मतदान कार्मियों को प्रशिक्षण में जहां ईवीएम के बारे में जानकारी दी गई। वहीं निर्वाचन आयोग के नियमों के बारे में बताया गया। दूसरे दिन 21 मतदान कर्मी गैर हाजिर रहे। जिन पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निरीक्षण कर दक्षता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के कार्मिकों को निर्देश दिए।

मतदान कार्मियों के प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रथम पाली व द्वितीय पाली में प्रशिक्षण दिया गया। मतदान के दिन काम आने वाले नियमों के बारे में बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान कार्मियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनों से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में कोई भी कर्मी अगर देर से आता है या अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर सभी कार्मियों को अच्छे से प्रशिक्षित दें ताकि चुनाव के दिन कोई समस्या न आए।

इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीआईओएस बेदराम, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, बीएसए चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।

ईवीएम की तकनीकी जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल।

कार्मियों में भी नहीं दिखा मतदान के प्रति उत्साह

बहजोई, अमृत विचार : प्रशिक्षण स्थल पर ही मतदान कार्मियों के लिए मतदान करने का मौका दिया गया है। पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कार्मिक मतदान कर सकते हैं। दोनों पाली में 1920 मतदान कार्मियों में से केवल 129 मतदान कार्मिकों ने ही मतदान किया। जिसमें गन्नौर में सबसे अधिक 68, चंदौसी में 42, असमोली के 11 व संभल के सबसे कम 8 मतदान कार्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में पोस्टल बैलट से मतदान किया।

22 मतदान कार्मियों रहे गैर हाजिर होगी कार्रवाई

बहजोई, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल की चेतावनी के बाद भी मतदान कार्मियों का गैर हाजिर रहना बंद नहीं हो रहा है। पहले दिन 47 मतदान कर्मी अनुपस्थित रहे थे। तब डीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए कार्रवाई करने की बात कही थी। कुछ मतदान कार्मियों का एक दिन का वेतन भी रोका था। लेकिन बावजूद इसके के दूसरे दिन भी प्रथम पाली में 10 कार्मिक अनुपस्थित रहे तो द्वितीय पाली में 12 कर्मी गैर हाजिर रहे। 2 दिन में कुल 69 कर्मी गैर हाजिर रहे हैं। डीएम ने इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

हर दो घंटे बाद एप बतायेगा कितना हो गया मतदान

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत निकालने को लेकर पीठासीन अधिकारी को कागजी कार्रवाई नहीं करनी पड़ेगी। निर्वाचन आयोग का मतदान प्रतिशत संकलन एप वोटो की फीडिंग के आधार पर हर दो घंटे बाद मतदान का प्रतिशत बतायेगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन से जुड़े लोग इस एप से मतदान प्रतिशत देख पाएंगे।

लोकसभा चुनाव में हर 2 घंटे बाद मतदान प्रतिशत बताने को लेकर पीठासीन अधिकारी को कागजी झंझट से छुटकारा भारत निर्वाचन आयोग ने दिला दिया है। अब निर्वाचन आयोग ने ऐसा ऐप बनाया है कि पीठासीन अधिकारी वोटो की फीडिंग करेंगे और प्रतिशत को हर 2 घंटे बाद अपडेट करेंगे। इसमें कुल मतदाता, पुरुष मतदाता, महिला मतदाता व ट्रांसजेंडर मतदाता का आंकड़ा फीड होगा। 7 बजे मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल कराया जाएगा। 9 बजे यानी 2 घंटे के अंतराल पर पीठासीन अधिकारी एमपीएस पर मतदान प्रतिशत अपडेट करेंगे। अपडेट करने में अगर कोई त्रुटि हुई है तो आधा घंटे में संशोधन कर सकेंगे।

> इस बार भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत की जानकारी के लिए एमपीएस एप बनाया है। हर 2 घंटे पर यह एप मतदान प्रतिशत बताया। यह एप केवल निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को प्रतिशत बताएगा।
>
> **- ओंकार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी**

पीठासीन अधिकारियों को ऐप का दिया प्रशिक्षण

बहजोई, अमृत विचार : एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को एमपीएस ऐप चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें इसकी बारीकियां को बताया जा रहा है कि कैसे यह ऐप चलाया जाएगा और कैसे ऐप डाउनलोड होगा। पोलिंग पार्टी जहां से रवाना होगी उसी दिन ही ऐप को डाउनलोड किया जाएगा और यह कार्य करना प्रारंभ कर देगा।

सार-संक्षेप

बबराला के गांव में आग से जला मकान। ● अमृत विचार

घर में लगी आग, हजारों का सामान जला

बबराला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव फरीदपुर में बिजली के तार की चिंगारी से कच्चे घर में आग लग गई। आग से घर का सामान जलकर राख हो गया। गांव फरीदपुर में साबिर पुत्र बाबू खां के झोपड़ीनुमा घर के आंगन में रखे पूलों में रविवार सुबह करीब दस बजे बिजली के तारों में शार्ट सर्किट से आग लग गई। उस वक्त साबिर की पत्नी साहबजादी परिवार के लिए खाना बना रही थी। साहबजादी ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन देखते ही देखते आग पूरे घर में धधक उठी। आग से हजारों का घरेलू सामान जल गया।

संभल में पैदल मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। रविवार को भी संभल शहर में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने कई क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते हुए निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। रविवार को संभल में शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से कोतवाल पवन कुमार की अगुवाई में पैदल मार्च शुरू हुआ। पैदल मार्च में पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बल के जवान भी शामिल हुए। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से चौधरी चरण सिंह पार्क, बरेली सराय, हल्लू सराय, प्रेमशंकर वाटिका, आलम सराय, सेंट मेरी स्कूल तक गए। इस बीच लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया गया। संदेश दिया कि निर्भीक होकर घरों से निकलकर मतदान किया जाए।

बाइक फिसलने से दो फोटोग्राफर सहित तीन घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग पर बाइक फिसलने से बाइक सवार फोटोग्राफर सहित तीन लोग घायल हो गए। दुल्हन को लेकर आ रहे परिजनों ने घायलों को कार से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर एक फोटोग्राफर को हायर सेंटर रेफर किया गया। नखासा थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर देव निवासी मोहम्मद सलमान शनिवार की रात नौ बजे हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी अपने साले शाहरुख की शादी समारोह में शामिल होकर रामपुर जिले की तहसील शाहाबाद से आ रहा था। बाइक पर मोहम्मद सलमान के साथ दो फोटोग्राफर भी सवार थे। सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर गांव मोहम्मदपुर टांडा के पास बाइक फिसल गई। जिससे मोहम्मद सलमान और फोटोग्राफर जनपद मुरादाबाद की तहसील बिलारी निवासी दिलशाद व गांव राजा का सहसपुर निवासी पिंटू घायल हो गया। पीछे आ रहे अन्य बरातियों ने कार से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर यहां से प्राथमिक उपचार देकर पिंटू को हायर सेंटर रेफर किया गया।

सिरसी में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम। ● अमृत विचार

फाइनल जीतकर सादात क्लब का ट्रॉफी पर कब्जा

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी के जवाहरलाल मैमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रहे सिरसी चैंपियन कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच सिरसी सादात क्लब और किंग मेकर के बीच खेला गया। जिसमें सादात क्लब ने किंग मेकर को 34 रन से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को चौधरी हसन आरिफ ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में टॉस सादात क्लब के कप्तान अरगान ने जीता और उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 .5 ओवर में 133 रन बनाए। जिसमें अतीब ने 26 रन और शबी ने 23 रन बनाए। किंग मेकर के गेंदबाज समीर, दानिश वारसी, फैजान और हैदर ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग मेकर निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बना पाई। सादात क्लब ने 34 रन से फाइनल मैच जीत लिया। किंग मेकर टीम की ओर से दानिश वारसी ने 23 रन और हसन ने 22 रन बनाए।

दूल्हे के परिजनों ने कार चालकों को पीटा, हंगामा

संवाददाता, संभल

- **पुलिस ने चालकों व दूल्हे के परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया**

अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र से मुरादाबाद जिले में जा रही बरात में बरातियों को क्षमता से अधिक कार में बैठाने को लेकर हुए विवाद में दूल्हे के परिजनों ने चालकों के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालकों व दूल्हे के परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। जब कहीं जाकर दूल्हा बरातियों सहित दुल्हन लाने के लिए ससुराल रवाना हुआ।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बारातियों को लेकर जाने के लिए संभल में सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला में स्थित ट्रांसपोर्ट से चार कारें बुक की थी। चालक बरात लेकर जाने के लिए शनिवार की शाम कार लेकर दूल्हे के घर पहुंचे। आरोप है कि दूल्हे के परिजन कार में 6 की जगह 8-9 लोग बैठाने लगे। इस बात का विरोध करने पर परिजनों व चालकों के बीच विवाद होने लगा। परिजनों ने गाली गलौज करते हुए चालकों की लात घूसों से पिटाई कर दी। उस समय मौके पर इकठ्ठा हुए ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर चालकों को दूल्हे के परिजनों से छुड़ाया। जिसके बाद चालक बरातियों को कार में बैठाकर मुहल्ला चौधरी सराय आ गए। यहां आकर चालकों ने कार को रोक लिया और गांव में हुए विवाद को लेकर चालक व दूल्हे के परिजनों के बीच फिर से मारपीट होने लगी। जिसमें दूल्हे के परिजन फिर से चालकों पर भारी पड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को सुलझाकर कार से बरात को दुल्हन लाने के लिए रवाना किया।

केबल लगाने को लेकर टेंट कर्मियों से मारपीट

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में शादी समारोह में लगे जनरेटर के तारों में घर का केबल जोड़ने से मना करने पर गांव के ही एक व्यक्ति ने टेंट लगाने वाले मजदूरों के साथ मारपीट की।

ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव पंसुखा निवासी सगे भाई आजम व एजाज रविवार को नखासा थाना क्षेत्र के गांव पल्था निवासी युवती की शादी समारोह में टेंट लगा रहे थे। गांव का ही एक व्यक्ति जनरेटर के तारों में अपना केबल लगवाने के लिए कहने लगा। आजम ने मना किया तो व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए आजम व एजाज को घायल कर दिया। जिसके बाद युवती पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और व्यक्ति व उसके परिजनों से आजम व एजाज को छुड़ाया। सूचना मिलने पर मौके पर परिजन आजम व एजाज को लेकर थाने आ गए और व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने आदित्य पर की अमर्यादित टिप्पणी

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के बिगड़े बोल का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वह गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे हैं, जिसमें बदायूं के सपा प्रत्याशी आदित्य यादव को किराये का टट्टू बोल रहे हैं।

मौसम के साथ ही बढ़ रही चुनावी तपिश में यूपी के गन्ना मंत्री के बिगड़े बोल ने विवाद को न्यौता दे दिया है।

रविवार को गुन्नौर में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुंचे राज्य मंत्री संजय गंगवार ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाजपा सरकार की शान में कसीदे पढ़े। बोले- इन दिनों गुंडे, भ्रष्टाचारी थर-थर कांप रहे हैं। सपा सरकार के दौरान गुंडई हावी थी। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था, बहन बेटियों के साथ खुलेआम गुंडई देखने को मिलती थी। संबोधन के दौरान उन्होंने अखिलेश- राहुल का नाम लिए बगैर डब्बू- पप्पू की जोड़ी कहा तो तालियां बजने लगीं। इससे मंत्री जी अतिरेक में आ गए फिर बदायूं के सपा प्रत्याशी आदित्य यादव को शिवपाल यादव का किराए का टट्टू बोल गए। कहा बदायूं में कोई प्रत्याशी नहीं बचा था जो कि आदित्य यादव को लाने की जरूरत पड़ गई।

पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश सरकार के मंत्री संजय गंगवार।

चुनाव रजपुरा क्षेत्र के नए मतदाता वोट डालने के लिए उत्साहित, उठा रहे मुद्दे

मूलभूत सुविधाओं को दिलाने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर 7 मई को मतदान है। उम्मीदवार मतदाताओं को रिझा रहे हैं तो गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं को लेकर वादों का पिटारा खोला जा रहा है। इस बीच नए मतदाताओं में भी मतदान को लेकर उत्सुकता का माहौल नजर आ रहा है।

यह मतदाता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने वाले को सांसद चुनना चाहते हैं।

अमृत विचार ने रजपुरा क्षेत्र के पहली बार वोट डालने का इंतजार कर रहे युवाओं से बातचीत की तो अपने-अपने मुद्दे उठाते हुए ईमानदार और विकास कराने वाले सांसद को चुनने की बात कही।

> मुझे पहली बार वोट डालने का मौका मिलेगा। शत प्रतिशत मतदान के लिए हर व्यक्ति को वोट की आहुति देनी चाहिए। मुझे युवाओं के हित में बारे में सोचने वाले को सांसद चुनना है। युवाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम होना चाहिए। **-सृष्टि वार्ष्णेय**

> क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए तो विकास कराने के साथ-साथ जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराए। खासकर युवाओं की सुविधाओं की तरफ ध्यान दे। युवा शिक्षा ग्रहण करके आगे बढ़ेंगे तो क्षेत्र का नाम रोशन होगा। **-राधा शर्मा**

> इस साल मेरा भी वोट बन गया है। सरकार के गठन के लिए वोट किया जाएगा। वोट डालने को लेकर काफी उत्साहित हूं। सांसद ऐसा होना चाहिए जो युवाओं के हित की बात करते हुए उन्हें सुविधाएं दिलाने का काम करें। **-स्वाति शर्मा**

> मैं उस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करूंगी जिससे विकास कराने की पूरी उम्मीद होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर काम होने चाहिए। साथ ही, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलने बेहद जरूरी है। **-नगमा सैफी**

चूरन समझकर खा लिया जहरीला पदार्थ

गुन्नौर, अमृत विचार : गांव ईसमपुर डांडा में जहर को चूरन समझकर खाने से अधेड़ की हालत बिगड़ गई। सीएचसी में भर्ती व्यक्ति की हालत में सुधार बताया गया है।

क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा निवासी गब्बर सिंह खेतिहर किसान है। रविवार सुबह पेट खराब होने पर घर में रखा हाजमे का चूरन समझकर उसने कीटनाशक की पुड़िया मुंह में उड़ेल ली और पानी पी लिया। कुछ देर बाद पेट में जलन हुई और हालत बिगड़ी तो गब्बर ने परिजनों को बताया। जब पता चला कि उसने चूरन नहीं, जहर गटक लिया है। बेहोशी की हालत में आनन फानन परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक डॉ. अजहर अली ने उपचार शुरू किया। डॉक्टर ने बताया कि गब्बर सिंह की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर है।

आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

4213 मरीजों का निःशुल्क उपचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद संभल के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 4213 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। वहीं 223 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।

स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 45 डॉक्टरों और 130 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1571 पुरुषों, 1471 महिलाओं और 1171 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। 141 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई तो सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 223 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा आदि ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और जरूरी निर्देश दिए।

एक नजर

रास्ते के विवाद में मां बेटी से मारपीट

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी छोटे की पत्नी कमलेश ने रविवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सुबह दस अपनी बेटी 15 वर्षीय गुड्डो के साथ काम करने खेत पर गई थी। देखा तो गांव का ही व्यक्ति रास्ते को काटकर अपने खेत में मिला रहा था। आरोप है कि इस बात का विरोध करने पर कमलेश का व्यक्ति से विवाद हो गया। विवाद होने की सूचना मिलने पर व्यक्ति के अन्य परिजन भी मौके पर आ गए और गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट करते हुए कमलेश व गुड्डो को चोटिल कर दिया।

महिला ने लगाया धारदार हथियार से हमले का आरोप

संभल, अमृत विचार : मुहल्ला हल्लू सराय निवासी शहबान की पत्नी नाजमीन ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पहले हुई कहासुनी को लेकर पड़ोसी पिता पुत्र घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। नाजमीन को बचाने पहुंचे उसकी ननद महक के साथ भी मारपीट करते हुए पिता पुत्र ने कपड़े फाड़ दिए और नाजमीन को किसी धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने महक व नाजमीन का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

आपस में विवाद पर छह लोग गिरफ्तार

सिरसी, अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी उस्मान, मुन्ने, जीशान, अशरफ, इरशाद और बुलंदशहर के गांव रामपुर निवासी बृजेश रविवार को आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उस्मान, मुन्ने, जीशान, अशरफ, इरशाद, बृजेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

शाक्य सरनेम हटाकर आर्य लिखने का प्रस्ताव

बबराला, अमृत विचार : आर्य समाज की सभा में बदायूं के भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य का सरनेम बदल दिया गया। पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने मंच से घोषणा की कि आगे से उनके नाम के आगे शाक्य नहीं आर्य लगाया जाए। रविवार को देर रात बबराला में आर्य समाज के सम्मेलन में दुर्विजय सिंह का सरनेम बदलने का प्रस्ताव पास हुआ।

युवा बदल सकते हैं राजनीति की दिशा

भारत की मजबूत स्थिति युवाओं के वोट का ही नतीजा है : कपिल देव अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

भाजपा युवा सम्मेलन में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व गुलाब देवी को सम्मानित करते भाजपाई। ● अमृत विचार

- भाजपा लोकसभा युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन
- जो कार्य पहले कभी नहीं हुए, वह मोदी व योगी ने करके दिखाए

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी लोकसभा युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन मुरादाबाद रोड स्थित कान्हा विहार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के साथ छोटी सी सेना थी और रावण के पास एक विशाल सेना थी। फिर भी जीत सत्य व विश्वास की हुई। वहीं पांडवों को लेकर कहा कि पांडव पांच भाई थे और कौरव सौ फिर भी पांडवों की विजय हुई।

मुख्य अतिथि ने धारा 370 से लेकर पाकिस्तान के आतंकवाद तक की बात कही। कहा कि जिस तरह धारा 370 हटाई गई और पाकिस्तान के आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। आज भारत मजबूत स्थिति में है, जो केवल युवाओं के एक वोट का ही नतीजा है। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी व संभल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने भी युवाओं में उत्साह भरा। कहा कि जो कार्य पहले कभी नहीं हुए, वह आज मोदी व योगी ने करके दिखाए। भाजपा तोड़ने का नहीं जोड़ने का कार्य करती है। आज विदेशों में भारत का डंका बज रहा है। इस दौरान शिखर गोयल, सोनू चाहल, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, हेमंत राजपूत, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज गुप्ता, अमन खटीक, राजेश सिंगल, विनोद कुमार बिन्नी, आकाश आहूजा, राजेश शंकर राजू, आकाश अग्रवाल, अंकित जैन, अनामिका यादव, लता वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, अरुण पंडित, अभिनव शर्मा, टीएस पाल, आलोक शाक्य, ऋषभ रस्तोगी आदि रहे।

डीसीएम की टक्कर से मां बेटी सहित चार घायल

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर डीसीएम की टक्कर से ई रिक्शा में सवार मां बेटी सहित चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम कब्जे मे लेकर चालक को पकड़ लिया। इस हादसे में घायल दो लोगों ने निजी डॉक्टर से इलाज कराया। जबकि घायल मां बेटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पंवासा निवासी रवि राघव रविवार को गांव निवासी अपनी मौसी ममता पत्नी अजेंद्र राघव और मौसेरी बहन करिश्मा 22 वर्ष व दो अन्य व्यक्तियों के साथ ई रिक्शा में सवार होकर किसी काम से संभल आ रहा था। चालक ई रिक्शा लेकर जैसे ही हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर गांव मुजफ्फरपुर के पास पहुंचा तो डीसीएम ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ममता, करिश्मा व दो अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक पकड़ कर डीसीएम को कब्जे में ले लिया।

मुख्यमंत्री 3 मई को कैला देवी में

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

अमृत विचार: संभल लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का चुनावी माहौल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मतदान से चार दिन पहले 3 मई को असमोली विधानसभा क्षेत्र के कैला देवी धाम पर जनसभा को संबोधित करेंगे। रविवार को भाजपा नेताओं के साथ ही डीएम व एसपी से भी मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनसभा स्थल को देखा।

असमोली विधानसभा क्षेत्र के कैला देवी में 3 मई को मुख्यमंत्री की जनसभा का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। रविवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनसभा स्थल का दौरा कर वहां सुरक्षा इंतजामों का आंकलन किया। इसके साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह सहित कई भाजपा नेता भी आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री का आधिकारिक कार्यक्रम अभी जारी नहीं हुआ है लेकिन कार्यक्रम तय माना जा रहा है। भाजपा के मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तौगी ने बताया कि मुख्यमंत्री की कैला देवी में 3 को जनसभा का कार्यक्रम संभावित है।

रोडवेज परिसर में शव मिलने से सनसनी

चन्दौसी, अमृत विचार : रोडवेज बस स्टैंड पर रविवार की दोपहर से बैठे व्यक्ति की रात आठ बजे मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा का निवासी है। रविवार की दोपहर 12 बजे रोडवेज के कर्मचारी ने 55 वर्षीय व्यक्ति को टिन शेट के नीचे बैठा देखा। पूछताछ की तो बताया कि उसे मुरादाबाद जाना है। रात आठ बजे वह व्यक्ति टीन शेड के नीचे अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में व्यक्ति को सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने दी कलर बेल्ट परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा देते बच्चे। ● अमृत विचार

- परीक्षा के दौरान उत्साह में नजर आए नन्हे-मुन्ने खिलाड़ी
- 85 खिलाड़ियों ने अलग-अलग बेल्ट की परीक्षा दी

अमृत विचार: संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में खिलाड़ियों के मध्य कलर बेल्ट परीक्षा कराई गई। जिसमें 85 खिलाड़ियों ने अलग-अलग बेल्ट की परीक्षा दी।

ईशान, अर्जित, रैना, अभय, सर्वश्रेष्ठ, शोएब, रुद्र, रितिका, अक्षत, अनिका, मनन, मुस्कान, श्रृष्टि, कृष्णा, अगस्त्य, अनवी, गुणिषा, जिज्ञासा, सैयंम, शौर्य, शिवांग, समर्थ, उदित ने येलो बेल्ट परीक्षा दी। ग्रीन बेल्ट की परीक्षा मुकुल, जतिन, गरिमा, आरव, अंशिका, अयामी, अभिनव, निकुंज, शुभ, आहिल, राघव, आयुषी, टोली, दिव्यांशी ने दी।

ग्रीन वन की परीक्षा त्रिशा, अरुणिता, वशिष्ठ, वेदांत, हुकुम, आदित्य, अश्विन, वेदांश, अर्पित, अनुष्का, अनिक, आर्नोल्ड, आर्यन ने दी। ब्लू बेल्ट की परीक्षा अंशिका चौहान, ब्लू वन की अनिष्का, ध्रुव, समीर, आदित्य, रेड बेल्ट की निवेश, अनन्या, रेड वन बेल्ट की परीक्षा वैभव, अपर्णा ने दी। परीक्षक के तौर पर तीन डिग्री ब्लैक बेल्ट होल्डर जया रानी, रेखा रहीं। पुरुष ब्लैक बेल्ट में अजय कुमार, पूरब प्रकाश सिंह रहे। ऋषभ पाल, रिया, आराध्या, श्याम, अवनि, कृतिका ने सहयोग किया। परीक्षा कार्यक्रम संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव सुरेश कुमार की देखरेख में हुआ।

मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

मतदान की शपथ लेते मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के सदस्य।

- चुनाव का पर्व, लोकतंत्र का गर्व विषय पर विचार गोष्ठी

अमृत विचार: मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी ने रविवार को घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय पर चुनाव का पर्व लोकतंत्र का गर्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने चुनाव के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही मतदान करने और लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह चौहान ने पहले मतदान, बाद में जलपान का नारा लगाते हुए सभी को शपथ ग्रहण कराई। मुख्य अतिथि अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए मतदान जरुरी है। जनता का प्रतिनिधि पढ़ा लिखा हो। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि किसी भी देश का लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब शत प्रतिशत मतदान करने का प्रयास किया जाए। संचालन करते हुए डॉ. जयशंकर दुबे ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है क्योंकि एक वोट से भी हार जीत हो जाती है। वोट की कीमत अनमोल है। कार्यक्रम अध्यक्ष विनय कुमार ने मतदान के लिए सभी को जागरुक करते हुए मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जगदीश सिंह राणा, क्षेमप्रकाश, मुकेश अग्रवाल, केजी गुप्ता, सुभाष चंद्र, साधना श्रीवास्तव, रेनू दीक्षित, अलका सक्सैना, रोहित ठाकुर, रमेश चंद्र आर्य, नरेश चंद्र गुप्ता, जयप्रकाश, डॉ. योगेंद्र मोहन शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

मारपीट में पिता-पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार: गांव मझावली निवासी जसवीर गिरी पुत्र राधे गिरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में ही जनसेवा केंद्र चलाता है। गांव का ही रोहित गिरी पुत्र नरेंद्र गिरी भी उसके आसपास ही जनसेवा केंद्र चलाता है। जिससे ग्राहकों को लेकर आए दिन विवाद बना रहता है। जिसके कारण शनिवार की शाम जब वह दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था। तब रास्ते में रोहित गिरी, रजत गिरी व नरेंद्र गिरी ने उसे रोक लिया और गाली-गलौच शुरु कर दी। उसने गाली देने से मना किया तो मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुन कर आसपास मौजूद लोग आ गए। जिससे हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित गिरी, रजत गिरी व नरेंद्र गिरी निवासी गण गांव मझावली थाना बनियाठेर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल का सीएचसी में उपचार कराया है।

महिला से दुष्कर्म पर पति ने दिया तलाक का नोटिस

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में चाकू दिखाकर जेठ के बेटे ने महिला से दुष्कर्म किया। ससुर के कहने पर पति ने भी दुष्कर्म को लेकर सहमति से जोड़ते हुए नोटिस देकर तलाक की धमकी दी। स्थानीय पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो पीड़िता ने डीआईजी से गुहार लगाई। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने डीआईजी को दी तहरीर में कहा कि शादी के बाद से पति व ससुर नाराज रहते हैं। महिला को बेचने को कहते रहते हैं। महिला का पति बाहर जेसीबी चलाता है। आरोप है कि पति और ससुर की सह पर आठ फरवरी की रात को जेठ का बेटा महिला के कमरे में चाकू लेकर घुस आया। उसने धमकी देते हुए महिला से दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी शिकायत ससुर और सास से की तो उल्टे उसे आरोपी के साथ रहने को कहा। ससुर ने पति से महिला को तलाक देने की बात कही। पति ने महिला को दुष्कर्म को लेकर सहमति जाहिर करते हुए 13 फरवरी को नोटिस द्वारा तलाक देने की धमकी दी। एक सप्ताह बाद महिला मायके पहुंची और घटना की जानकारी दी। पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद महिला ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र दिया। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद जुबैर के अलावा गांव कमालपुर काफूरपुर निवासी पति इरफान और ससुर फारुख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस ने अवैध खनन कर रहे नौ डंपरों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

पुलिस द्वारा पकड़े गये डंपर।

अमृत विचार: अवैध खनन को लेकर फजीहत के बाद संभल जनपद की कैलादेवी थाना पुलिस ने मिट्टी से लदे 9 डंपर पकड़कर उन पर कार्रवाई की है। कहा जा रहा है कि थाना क्षेत्र में डीएम व एसपी के दौरे की वजह से पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

कैला देवी थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ व अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना अंतर्गत रानी वाला के जंगल में बड़ी मात्रा में अवैध खनन चल रहा है। जहां से रोजाना सैकड़ो डंपर ओवरलोड मिट्टी लादकर संभल गवां मार्ग से निकलते हैं।

इनमें से कुछ डंपर शकरपुर होते हुए खिरनी में बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी डालने का काम करते हैं जबकि अधिकांश डंपर संभल व दूसरी जगहों पर मिट्टी लेर जाते हैं। रविवार को डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत कैला देवी थाना क्षेत्र में दौरे पर थे। इसी दौरान खिरनी चौकी पुलिस ने खनन से भरे ओवरलोड साथ डंपर रोक लिए। लगातार कई घंटे तक सभी डंपर खिरनी चौकी में खड़े रहे।

थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि नियमों का पालन न करने पर 9 डंपर रोक कर उन पर कार्रवाई की गई है।

तैयारी | रेलवे क्रासिंग 36बी पर दोनों ओर 350 मीटर का बनेगा ओवरब्रिज

ओवरब्रिज के लिए नापजोख का कार्य पूरा, दोनों ओर बनेगी सड़क

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

चन्दौसी में रेलवे क्रासिंग 36बी से होकर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

- सड़क बनाने के लिए कई दुकानों समेत मंदिर का भी हटेगा हिस्सा
- रिपोर्ट सेतु निगम और रेलवे बोर्ड को भेजी, पास होने के बाद शुरू होगा निर्माण

> ओवरब्रिज निर्माण के लिए नपत का कार्य पूर्ण हो चुका है। रिपोर्ट बना कर संबन्धित विभागों को भेज दी गई है। अनुमति मिलने के बाद आगे का कार्य शुरू किया जाएगा।
>
> **-शशिकांत, प्रोजेक्ट मैनेजर, सेतु निगम**

अमृत विचार: मंडी समिति के निकट रेलवे क्रासिंग 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए शहरवासी आस लगाए हैं। ओवरब्रिज निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा। जिससे वहां की दुकानों आदि को हटाया जाएगा। इसके लिए नापजोख का कार्य पूरा हो चुका है।

रेलवे क्रासिंग 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए शासन से मंजूरी मिले काफी समय हो गया। शासन ने धनराशि की दो किस्त भी जारी हो चुकी हैं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने शिलान्यास भी कर दिया है। पिछले माह शिलान्यास के बाद के नापजोख का कार्य शुरु हो गया था। रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर 350 मीटर का ओवरब्रिज बनाया जाएगा। कुल 700 मीटर का ओवरब्रिज बनना है। सेतु निगम की टीम ने नापजोख का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ओवरब्रिज निर्माण के लिए चार पिलर बड़े खड़े किए जाएंगे। इसके साथ आरीबाल बनाई जाएगी। ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए कितनी दुकानें हटेंगी। इसकी संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। टीम ने रिपोर्ट बना कर संबन्धित विभाग और रेलवे को भेज दी है। विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही दुकानों को हटाने का कार्य आरंभ किया जाएगा।

जाम की समस्या से मिलेगी निजात

चन्दौसी, अमृत विचार : रेलवे क्रासिंग 36बी से करीब अप डाउन की सवा सौ से अधिक ट्रेनें चौबीस घंटे में गुजरती हैं। जिससे फाटक अधिकांश समय बंद ही रहता है। जिससे यहां लंबा जाम लग जाता है। जाम में फंस कर मंडी जाने वाले किसानों व व्यापारियों समेत स्कूली बच्चों को परेशान होना पड़ता है। मुरादाबाद जाने वाले मरीजों की जान पर बन आती है। ओवरब्रिज निर्माण होने के बाद जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

सार-संक्षेप

परिवार की मदद को घरेलू सामान भेंट करती समिति की पदाधिकारी।

जनकल्याण सेवा समिति ने की गरीब परिवार की मदद

चन्दौसी, अमृत विचार : जनकल्याण सेवा समिति ने खुर्जा गेट के एक गरीब परिवार की मदद हेतु कदम उठाया है। परिवार के पास सोने के लिए बिस्तर तक नहीं थे। समिति की महिलाओं ने नर सेवा नारायण सेवा का मन में विचार रखते हुए परिवार के लिए पलंग, गद्दा, पंखा, बेडशीट, वाटर कूलर समेत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा राशन का सामान व इलाज के लिए 1100 रुपये नगद दिए। साथ ही उस परिवार को भरासो दिलाया कि भविष्य में भी किसी प्रकार की कोई आवश्यकता होगी, तो कृपया समिति से संपर्क करें। समिति उसकी और भी मदद के लिए आगे आएगी तथा उसके लिए रोजगार की व्यवस्था भी करने क्या प्रयास करेगी। समिति अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि हम प्रतिवर्ष गरीब कन्याओं का विवाह तथा गरीबों की मदद व पशुओं की सेवा आदि के प्रोजेक्ट निरंतर चलाते रहते हैं। सचिव भावना गुप्ता ने कहा कि हमने सर्दियों में गरीबों के बीच कंबल वितरित किए तथा अन्य ऊनी वस्त्र भी कैंप लगाकर वितरित किए। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी व कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने भी सेवा कार्यों का ब्योरा दिया। इस अवसर पर पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा अंशु, सीमा सिंह, सोनी रस्तोगी, रुचि अग्रवाल, दया वार्ष्णेय, मोहन नक्षत्र, कांता अदालक्खा, अलका अग्रवाल, पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

राम कथा सुनकर मंत्र मुग्ध हुए श्रद्धालु

कथा वाचक वीरेश रामायणी।

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक वीरेश रामायणी ने कहा कि भगवान राम इस भूधरा पर ऐसे ही नहीं आए। इसमें संतों का भक्तों का बड़ा ही आशीर्वाद रहा। श्री राम का अवतार होने की भूमिका तो पहले ही शुरू हो चुकी थी। क्योंकि मनु और शतरूपा ने भगवान की तपस्या करके भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने का आशीर्वाद मांगा और भगवान ने वह आशीर्वाद मनु और शतरूपा को दिया। जब रावण का अत्याचार बढ़ने लगा तो यह पृथ्वी को अच्छा नहीं लगा। इसलिए पृथ्वी ने गाय का रूप धारण किया और भगवान ब्रह्मा के पास पृथ्वी पहुंची। देवताओं ने तय किया कि भगवान विष्णु का चिंतन किया जाए। सभी देवताओं, ऋषियों ने भगवान शंकर की बात को मन करके भगवान विष्णु की स्तुति प्रारंभ की। भगवान विष्णु ने प्रकट होकर अयोध्या नगरी में राजा दशरथ के यहां अवतार लेने की बात कही। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शरद अग्रवाल, भारती, गरिमा, विपिन अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, जिवेन्द्र कुमार, अनूप कुमार, प्रदीप कुमार, सोमप्रकाश, विनय अग्रवाल आदि रहे।

हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, एनके मिश्रा, रवि शंकर शर्मा, वाईके शर्मा, बृजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने यह काम तुमने कौन सा हनुमान कर दिया, अजय सक्सेना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, विशाल शर्मा ने हे दुख भंजन, मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार आदि भजन प्रस्तुत किए। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, प्रवीम मोहन तिवारी, गुलशन अरोरा, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, अविनेश शर्मा, अशोक पाठक, मीनाक्षी पांडे आदि मौजूद रहे।

दोबारा बनाई गई होलिका दहन से उखड़ी सड़क। ● अमृत विचार

होली दहन पर क्षतिग्रस्त सड़क का हुआ पुनः निर्माण

चन्दौसी, अमृत विचार : गोशाला रोड की आठ माह पूर्व बनी नई सड़क होलिका दहन के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। अमृत विचार में प्रकाशिता खबर का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने उक्त क्षतिग्रस्त टुकड़े का शनिवार की रात पुनः निर्माण करा दिया है। होलिका दहन से कोलतार पिघलने से सड़क का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। सड़क पर आवाजाही बनी रहने से क्षतिग्रस्त हिस्सा और खराब होने लगा था। अब खबर का संज्ञान लेते हुए नगर पालिका ने गोशाला रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क पर 25 मीटर सड़क का निर्माण शनिवार की रात करा दिया। जिससे क्षतिग्रस्त सड़क अब दुरुस्त करा दी गई है।

संभल में कथा प्रवचन सुनती महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संभल, अमृत विचार : श्रीमद भागवत चरित्र सेवा समिति के तत्वावधान में हो रही श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने सुदामा चरित्र, सुखदेव विदाई का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यशोदा चौराहा के पास स्थित आरके पैलेस में श्रीमद भागवत कथा प्रवचन करते हुए कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया। उन्होंने सुखदेव विदाई और व्यास पूजन की कथा सुनाई तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भजनों के बीच में फूलों की होली भी खेली गई। जिससे माहौल भक्तिमय बन गया। इस दौरान मुख्य अतथि विशेष कुमार गुप्ता, राधा गुप्ता, शशांक अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मुख्य यजमान माधव गुप्ता, रश्मि गुप्ता, आशु गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, मनोज ठाकुर, नीतू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती समेत तीन घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : गंगाघाट से मुंडन संस्कार की दावत खाकर लौट रहे बाइक सवार पति, पत्नी और बहन कार की टक्कर से घायल हो गए। बदायूं जिले के थाना जरीफनगर के गांव भोजीपुरा निवासी मनोज रविवार को पत्नी ममता व बहन अनीता के साथ रिश्तेदार के बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने राजघाट गंगाघाट गया था। मुंडन संस्कार की दावत खाकर सभी बाइक से लौटने लगे। दोपहर को मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर बांके बिहारी पेट्रोल पंप के सामने किसी तेज रफ्तार कार उनकी बाइक में साइड मारते हुए निकल गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में तीनों घायल हो गए।

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

नगीना, अमृत विचार : बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव में मानसिक मंदित किशोरी से दो युवकों द्वारा दुष्कर्म के प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है। गांव के ही जर्रार और अमजद उसकी पुत्री को चॉकलेट का बहाना देकर बाइक से जंगल ले गए। वहां पर दोनों युवकों ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर दोनों युवक किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवती ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत गंभीर

शाहबाद, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवती रसूलपुर गांव की रहने वाली है। रविवार की सुबह उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि परिजनों से हुए झगड़े बाद युवती ने आत्मघाती कदम उठाया है।

थाने जा रहे होमगार्ड की वाहन की टक्कर से मौत

ड्यूटी जाते समय गांव मुजफ्फरपुर के पास हुआ हादसा

संवाददाता, बढ़ापुर

अमृत विचार : थाना किरतपुर क्षेत्र में एक होमगार्ड को ड्यूटी पर जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी। जिससे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच कर होमगार्ड को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अज्ञात वाहन चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव राजारामपुर निवासी अनिल कुमार होमगार्ड था। वह शनिवार देर शाम अपनी बाइक से बढ़ापुर थाने में ड्यूटी के लिए आ रहा था। बताया जाता है कि गांव मुजफ्फरपुर के समीप अज्ञात वाहन ने होमगार्ड की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड अनिल कुमार को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच कर होमगार्ड को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

बस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक सहित तीन घायल

नहटौर, अमृत विचार : पैजनिया मार्ग पर गांव फलौदा में ईट भट्ठे के पास एक निजी बस की ई रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे में महिला सहित तीन ई रिक्शा सवार लोग घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव फलौदी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि रविवार को गांव बैरमपुर खजूरी निवासी संतोष कुमार की ई-रिक्शा में बैठकर उसके पिता प्रताप सिंह व गांव बैरमपुर खजूरी की महिला रेखा देवी नहटौर आ रहे थे। पैजनिया मार्ग पर गांव फलौदा के ईंट भट्ठे के पास निजी बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक सहित तीनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्रताप सिंह की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दुखद

- हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से हुआ फरार
- पुलिस ने हादसे का मामला दर्ज कर जांच शुरू की

रेल ट्रैक पर फोन से बात कर रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

मिलक, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पर बैठकर युवक फोन पर बात करने में इतना मगन हो गया कि उसे ट्रेन के आने का पता ही नहीं चला। परिणामस्वरूप उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। रविवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मिलक क्षेत्र के हाईवे स्थित लोहा गांव निवासी 24 वर्षीय करन मौर्य शनिवार की रात करीब दस बजे मोबाइल पर बात करते हुए रेलवे ट्रैक किनारे पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह फोन पर बात करते हुए रेलवे ट्रैक पर ही बैठ गया। इस दौरान बात करने में वह इतना मगन हो गया कि उसे ट्रेन के आने का पता ही नहीं चला और ट्रेन की चपेट आर मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी आ गई। इस बीच रोते-बिलखते युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को परिजनों ने करन का अंतिम संस्कार कर दिया।

मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम और लेखपाल। ● अमृत विचार

यूकेलिप्टिस के अवैध रूप से काटे गए 30 पेड़ जब्त

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : ग्राम समाज की भूमि से अवैध रूप से पेड़ कटवाने वाले युवक के खिलाफ लेखपाल ने नामजद शिकायती पत्र थाना प्रभारी को देकर कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके से बरामद कटे पेड़ों को प्रधान को सुपुर्द करते हुए पंचायत घर में रखवाया है। शनिवार रात ग्राम कुम्हेडा के मौजा शेखुपूरा आशु में ग्राम समाज के चारागाह में खड़े यूकेलिप्टिस के 30 पेड़ों को युवक ने अवैध रूप से कटवा दिया।

रविवार सुबह जब आरोपी युवक कटे पेड़ों को उठाने आया तो गांव में अवैध रूप से पेड़ काटे जाने की बात पता चली। सूचना पर ग्राम प्रधान विपिन और लेखपाल बाबू राम भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अवैध रूप से काटे गए पेड़ों को कब्जे में ले लिया। कटे हुए पेड़ों को लेखपाल बाबू राम ने ग्राम प्रधान विपिन कुमार की सुपुर्दगी में देकर पंचायत घर में रखवा दिया। हल्का लेखपाल बाबू राम ने बताया कि ग्राम औरंगपुर नंदलाल निवासी जय चंद पुत्र झबरे ने उन पेड़ों को अवैध रूप से कटवाया था। रविवार की सुबह वह कटे पेड़ों को उठवा रहा था। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपित जय चंद के खिलाफ किरतपुर पुलिस को तहरीर दे दी है।

50 हजार पशुओं का किया गया टीकाकरण

नहटौर, अमृत विचार : पशु पालन विभाग की ओर से नहटौर ब्लॉक के 193 गांवों में से 173 गांवो में करीब 50 हजार पशुओं का खुरपका-मुंहपका का टीकाकरण पूरा हो गया है। विभाग की चार टीमें ब्लॉक के अंतर्गत गांवों में टीकाकरण में लगी हुई हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी के मुताबिक ब्लॉक आंकू के अंतर्गत 193 गांवों में 55,200 पशुओं के टीकाकरण लक्ष्य के सापेक्ष 175 गांवों में करीब 50 हजार पशुओं के खुरपका-मुंहपका का टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। जो गांव-गांव जाकर पशुओं के टीकाकरण के साथ पशुओं को अन्य बीमारियों से बचाने के लिए भी पशुपालकों को जागरूक कर रही हैं। बदलते मौसम में पशुओं की देखभाल के लिए भी बताया जा रहा है। रविवार को गांव फिरोजपुर, अमीनाबाद, मुकर्रमपुर, मंडौरी, फजलपुर आदि में टीकाकरण किया गया है। शेष गांवों में भी शीघ्र ही टीकाकरण पूरा किया जाएगा। टीकाकरण टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी मोनिका चौहान, मनीष कुमार सिसौदिया, मनोज कुमार, राजकुमार, राधेश्याम आदि हैं।

रास्ते की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत

बिजनौर, अमृत विचार : रास्ते की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए अधिकारियों से शिकायत की गई है।

कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम निजाबतपूरा के निवासी शाहिद पुत्र रसीद ने थाने और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमें पीड़ित ने कहा है कि खसरा नंबर 414 हमारी पैतृक भूमि है। जिसमें लगभग 22 वर्षों से आबादी है। जिस पर मजरू, नसरू, नौशाद व इकबाल पुत्र इस्लामुद्दीन के मकान बने हैं। जब प्रार्थी के पिता अब्दुल रशीद जिंदा थे। तब मजरू आदि ने हमारी जमीन से लगभग एक मीटर चौड़े रास्ते की जमीन कब्जा करके घेर ली थी। तब गांव के लोगों ने फैसला करा दिया था। जिसको गांव के जिम्मेदार लोगों ने रास्ते को छुड़वा दिया था। लेकिन अब आरोपी उस रास्ते में अवैध निर्माण कर रास्ते को बंद कर कब्जा कर रहे हैं।

शिक्षित होकर देश की सेवा करें : दीपक

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे व बालिग का अधिकार है। यह विचार इकबाल मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल के वार्षिक समारोह में नगर की जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम ने कही।

नगर के मोहल्ला अकाबरान स्थित इकबाल मैमोरियल जूनियर हाईस्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने बच्चों से शिक्षित होकर देश की सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने स्कूल के टॉपर्स को स्मृति चिह्न व रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम ने कहा कि शिक्षा सुखी व समृद्ध देश की स्थापना करती है, जिस देश का नागरिक शिक्षित होगा। इस मौके पर कक्षा आठ के विद्यालय टॉपर मुहम्मद इमरान को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नर्सरी के उजैर जैदी प्रथम, हुसैन अहमद द्वितीय, इनाया परवीन तृतीय, एलकेजी में मुहम्मद समीर प्रथम, जैनब द्वितीय, मुहम्मद आरिज तृतीय रहे। कक्षा पांच में मुहम्मद अदनान प्रथम, मुहम्मद कादिर द्वितीय, नबिया परवीन तृतीय रहे। कक्षा छह में जोया प्रथम, अलसबा द्वितीय, मुहम्मद हम्माद तृतीय रहे। कक्षा सात में आयशा प्रथम, नशरा परवीन द्वितीय, अब्दुल्ला तृतीय रहे। कक्षा आठ में मुहम्मद इमरान प्रथम व स्कूल टॉपर भी रहा। शाफिया द्वितीय, फलक तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर तुफैल अहमद, तनवीर अख्तर, सैय्यद मुनीर जैदी, तंजील आलम, परवेज आदिल माही, नवेद इकराम, जावेद हुसैन, सादिक अनीस, शेख परवेज पाशी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती मुहम्मद उवैस अकरम ने, जबकि संचालन डॉ. शेख नगीनवी ने किया। अंत में स्कूल प्रबन्धक हसन जावेद ने मेहमानों का आभार जताया।

छात्र को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

सुसाइड नोट का अलर्ट मिलने पर दौड़ी पुलिस

शाहबाद, अमृत विचार : बीए के छात्र ने सोशल साइट पर सुसाइड नोट पोस्ट कर दिया। जानकारी पर पुलिस अधिकारी युवक के घर पहुंचे तो कहानी दूसरी निकली। युवक ने बताया कि उसके फोन में खराबी आ गई है। इस बारे में उसे जानकारी नहीं है।

सीओ शाहबाद अतुल पांडेय ने बताया कि रविवार को ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव गदमर पट्टी निवासी युवक ने अपने फेसबुक एकाउंट से सुसाइड संबंधी पोस्ट किया था। यह मामला लखनऊ पुलिस मुख्यालय के संज्ञान में आ गया। वहां से तुरंत सोशल मीडिया सेल को निर्देशित किया गया। सोशल मीडिया सेल से उन्हें जांच के निर्देश मिले। इस पर वह पुलिस टीम के साथ युवक के घर पहुंच गए। युवक ने बताया कि फोन में खराबी की वजह से सुसाइड अलर्ट चला गया। पूछा गया कि प्रेम-प्रसंग या अन्य कोई अवसाद तो नहीं है। इसके बाद उसे जीवन का महत्व समझाया गया।

छात्रा को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

रिधिमा और वंशिका का किया सम्मान

संवाददाता, नजीबाबाद

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन परिवार द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रिधिमा अग्रवाल को यूपी बोर्ड की इंटर परीक्षा में जिले में प्रथम आने पर व वंशिका अग्रवाल को इसरो में युवा वैज्ञानिक के रूप में चयनित होने पर सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने दोनों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने कहा कि दोनों युवतियों ने जनपद में वैश्य समुदाय का नाम रोशन किया है। इस मान सम्मान के लिए रिधिमा अग्रवाल व वंशिका अग्रवाल ने संगठन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रितु अग्रवाल, मीना अग्रवाल, वासु अग्रवाल, वैभव गर्ग, विजय मोहन गुप्ता, वैभव अग्रवाल, चिराग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जेएमएस ग्रुप ने किया पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन राकेश सिंघल ने संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राओं से कहा की संस्थान के लिए ये गौरव का दिन है। आज देश की नामचीन कम्पनियों में संस्थान के पूर्व छात्र इंजीनियर, आर्किटेक्ट, मैनेजर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर तथा अन्य सरकारी सेवाओं तथा प्रशासनिक सेवाओं में हैं।

संस्थान के फाउंडर चैयरमेन राकेश सिंघल ने संस्थान के एलुमनाई मीट सखा समागम 2024 में आए सभी पूर्व छात्र-छात्राओं का संस्थान में स्वागत किया। संस्थान के वाइस चैयरमेन डॉ. हिमांशु सिंघल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। संस्थान के महानिदेशक प्रो. डॉ. सुभाष गौतम ने पूर्व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की वर्तमान समय में संस्थान ने अपनी विशेष पहचान कायम की है। संस्थान के सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने वर्ष 2010 से वर्ष 2024 तक की अपनी यादें ताजा कीं। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर के निर्देशन में संस्थान के वर्तमान छात्र छात्राओं द्वारा फैशन शो, डांस, स्किट, ग्रुप डांस, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सभी पूर्व छात्र छात्राओं को अवार्ड, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने पर छात्र-छात्राएं भावुक हो गए और सभी ने वर्तमान छात्र छात्राओं को रोजगार दिलाने के लिए भी आश्वस्त किया। कहा कि एलुमनाई मीट सखा समागम 2024 से सभी पूर्व छात्रों को जेएमएस ग्रुप के साथियों को संस्थान से जोड़ने का भी अवसर मिला।

फसल जलने से पीड़ित किसानों को मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में लगातार गेहूं के खेतों में आग लगने की खबरें सामने आ रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो चुका है। प्रशासन एवं शासन की ओर से पीड़ित किसानों को कोई मुआवजा या सहायता देने की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। इसे लेकर किसानों व संगठनों ने मुआवजे की घोषणा की मांग की है।

कई दिन पहले मंडी धनौरा के गांव शेरपुर में गेहूं के खेत में आग लग गई थी। आग से आठ एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी। गेहूं की फसल बर्बाद होने से किसान परेशान है। वहीं, दो दिन पहले गजरौला के गांव पाल निवासी रामकिशोर के पांच बीघा गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। खेत में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। पीड़ित किसान ने बताया कि आग लगने से उसे 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इससे पहले गांव जीतपुर में भी गेहूं के खेत में आग लग जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं 20 अप्रैल को आदमपुर थाना क्षेत्र में भी तीन बीघा गेहूं के खेत में हाई टेंशन बिजली लाइन के तारों से निकली चिंगारी गिरने से आग लग गई।

तहसील हसनपुर के गांव फतेहपुर खादर में 22 अप्रैल को बलेश पुत्र चेतराम के पांच बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो गई। हसनपुर के गांव रजोहा में 25 अप्रैल को कुलदीप के 23 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल में विद्युत लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण निकली चिंगारी से आग लग गई। खेत में खड़ी सारी फसल जलकर बर्बाद हो गई। दमकल टीम मौके पर पहुंची तब फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। हालांकि 10 बीघा गेहूं की फसल को बचा लिया गया। उधर, फतेहपुर खादर में भी गेहूं की फसल में आग लगने से किसान को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। गेहूं के खेतों में लगी आग की खबर मिलने पर अधिकारी मौके पहुंचे और किसानों को मदद करने का आश्वासन दिया है। लेकिन किसी ने भी मुआवजा दिलाने की बात नहीं कही है। गेहूं की फसल जलने से किसान परेशान हैं। अमरोहा जनपद में गेहूं की फसल में आग लगने की घटनाएं कई घटनाएं हो चुकी हैं। बताया जाता है कि अब तक 150 बीघा गेहूं की फसल जल चुकी है। किसानों के सामने गेहूं की फसल नष्ट होने से जीवन यापन करने का सहारा छिन गया है। वहीं अधिकारियों की ओर से आश्वासन तो मिला लेकिन मुआवजे की बात नहीं की गई।

आग लगने से जिले के कई किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। गेहूं की फसल बर्बाद हो जाने से किसानों के सामने जीवन यापन करने की समस्या खड़ी हुई है। किसानों ने जिस फसल को कर्ज लेकर बोया था वही फसल नष्ट हो गई। ऐसे किसानों को सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देना चाहिए। – **नरेश चौधरी**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन

जिले के हसनपुर, गजरौला, धनौरा और आदमपुर क्षेत्र में किसान के गेहूं के खेत में आग लग जाने से लाखों रुपये कीमत का गेहूं राख हो गया। गेहूं की फसल बर्बाद होने पर किसानों के सामने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। सरकार को पीड़ित किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देना चाहिए। उनको अगली बोआई के लिए बीज व खाद की व्यवस्था करनी चाहिए। – **सुमित कुमार**, राष्ट्रीय महासचिव भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति

रेस्टोरेंट की दीवार में नकब लगाकर लाखों रुपये की चोरी

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

अमृत विचार : रेस्टोरेंट में नकब लगाकर चोर लाखों रुपये का सामाना समेट कर ले गए। रेस्टोरेंट स्वामी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के निकट रहने वाले नेमचंद भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। उनका एक मकान हाईवे स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास है। इसमें उनका पुत्र प्रमोद कुमार वंश नाम से रेस्टोरेंट का संचालन करता है। प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात दस बजे रेस्टोरेंट बंद कर प्रमोद घर आ गया। देर रात चोरों ने रेस्टोरेंट की पिछली दीवार में नकब लगा दिया। इसके बाद चोर जनरेटर का अल्टीनेटर, सोलर पैनल, चार बैटरे, कोल्ड ड्रिंक की 10 पेटी, पांच कढ़ाई, 150 प्लेट, इंडक्शन चूल्हा, जेटपंप, इन्वर्टर ले गए। रविवार को प्रमोद ने रेस्टोरेंट का शटर खोलकर देखा तो दीवार में नकब लगी थी। सूचना पर पहुंचे कोतवाल धनंजय सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्रमोद ने बताया कि चोर छह लाख रुपये का सामान समेट कर ले गए।

गश्त कर रही पुलिस को नहीं लगी भनक

पीड़ित प्रमोद ने बताया कि इतना भारी सामान चोर आसानी से नहीं ले जा सकते। मकान के पीछे टाटा मैजिक के टायरों के निशान बने हैं। जो हाईवे तक जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। चोरी से पूर्व चोरों ने रैकी की होगी। चोर सामान को टाटा मैजिक में भरकर ले गए। रात भर हाईवे पर दौड़ने वाली पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

अनदेखी अधिकतम तापमान पहुंचा 39 डिग्री, घर से बाहर निकलते ही सूख रहा लोगों का गला

खराब हैंडपंप खोल रहे सरकार के दावों की पोल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अब गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। भीषण गर्मी के चलते लोगों का दोपहर के समय घरों से निकलना दुश्वार हो गया है।

वहीं दोपहर के समय बाजारों में भी सन्नाटा पसरा नजर आता हैं, जो लोग जरूरी कार्यों से बाहर निकलते हैं, बीच रास्ते में गला सूख जाता है। प्यास बुझाने के लिए जब हैंडपंप के पास पहुंचते हैं तो वो खराब मिलता है। यह हालत एक-दो नहीं, शहर के रेलवे स्टेशन रोड, नाईपुरा, समेत कई स्थानों की है। जहां हैंडपंप खराब पड़े हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में किसी हैंडपंप का पाइप गल गया है तो किसी की चेन खराब है या अन्य कोई तकनीकी समस्या है। फिर मायूस होकर लोगों को पास की दुकान से पैसे खर्च कर प्यास बुझाने के लिए पानी की बोतल खरीदनी पड़ती हैं। लोगों का कहना है कि हैंडपंप तो लगा दिया लेकिन जब भी खराब होता है, तो कोई सही कराने नहीं आता। तब लोग अपने पास से पैसा इकट्ठा करके इनको सही कराते हैं।

गजरौला नाईपुरा में खराब हैंडपंप।

गजरौला अल्लीपुर में खराब हैंडपंप।

रेलवे स्टेशन रोड पर खराब हैंडपंप।

शहर में खराब पड़े हैंडपम्पों को जल्द ही सही कराया जाएगा। लोगों को हो रहीं समस्याओं को दूर किया जाएगा। –**शालिनी गुप्ता, ईओ**

भीषण गर्मी ने किया लोगों का जीना मुहाल

मंडी धनौरा, अमृत विचार : सूरज के सख्त तेवर से गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। चिलचिलाती धूप और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल है। लू के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं। रविवार को दोपहर में बाजारों और व्यस्त रहने वाली सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी से लोगों के गले सूख रहे हैं। हर कोई बेहाल दिखाई दे रहा है। गर्मी से बचने के लिए हर कोई ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेने पर मजबूर हैं। शहर में बाजारों के साथ-साथ बस अड्डे पर भी यात्रियों की संख्या में कमी आती नजर आ रही है। वहीं, कहीं बिजली कट तो कहीं पेयजल की कमी से लोग बेहाल हैं। बिजली की अघोषित कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब शहरी क्षेत्र में भी बिजली के अघोषित कट लग रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात बेहद खराब है।

करंट की चपेट में आकर इंटर की छात्रा की मौत

स्वार (रामपुर), अमृत विचार : पानी की मोटर का तार लगाते समय करंट की चपेट में आने से इंटर की छात्रा की मौत हो गई।

छात्रा की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीनगर निवासी जगदीश सरन की 16 वर्षीया बेटी मौनी ने इसी वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह बीए में प्रवेश की तैयारी कर रही थी। रविवार को मौनी टैंक में पानी भरने के लिए मोटर का तार स्विच में लगा रही थी। अचानक बिजली के करंट ने छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। करंट से बचने के लिए छात्रा छटपटाई और शोर मचा दिया। शोर सुनकेर मौके पर पहुंचे परिजनों ने डंडे की मदद से बिजली के तार को हटाया। लेकिन, तब तक छात्रा बुरी तरह झुलस चुकी थी। परिजन उसे सीएचसी ले गए। लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किसान ने ट्यूबवेल पर खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/पटवाई

अमृत विचार : पटवाई में किसान ने ट्यूबवेल पर जाकर विषैला पदार्थ खा लिया। जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने किसान को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नरखेड़ा निवासी रामभरोसे का 32 वर्षीय बेटा सुमेरी सिंह किसान था। शनिवार को वह किसी काम से पटवाई गया था। शाम पांच बजे वह घर पहुंचा और कुछ देर रुकने के बाद खेत पर चला गया। वहां ट्यूबवेल के पास जाकर बैठ गया। इसके बाद उसने विषैला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद लोग वहां से गुजरे तो सुमेरी के मुंह से झाग निकलते देख रुक गए और परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद परिजन तत्काल मौके पहुंचे और उसे निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए सुमेरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती कराते समय उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने सुमेरी का शव परिजनों के हवाले कर दिया।

विलाप करते किसान के परिजन। ● अमृत विचार

नहीं हो सका जहर खाने के कारण का खुलासा

मृतक के परिजनों का कहना है कि घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था। शाम को पटवाई से आने के बाद सुमेरी गांव में जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद लोगों ने उसके जहर खाने की सूचना दी। सुमेरी पर किसी प्रकार का कर्ज भी नहीं था। उसकी दस साल पहले शादी हुई थी। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और एक बेटी है। किसी की समझ में यह नहीं आ रहा है कि सुमेरी ने जहर क्यों खाया।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (अईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

कैसे बहने लगी पूर्वोत्तर में बदलाव की बयार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है।

बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में फैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुई। दूसरे चरण की पोलिंग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78.53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में क्रमश: 89 फीसद से कुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोई हिंसा भी नहीं हुई।

मतदान के ये आंकड़े बहुत कुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं, जो दावा करते थे कि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूर्वोत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूर्वोत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है।

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके कैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है।

दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहां उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूर्वोत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गई। अगर पूर्वोत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र को अमित शाह ने पूर्वोत्तर में मन से लागू किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कई कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान

पूर्वोत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार,आदिवासी कल्याण आदि हो।

2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा । उन्होंने वास्तव में दुनिया को दिखाया है कि रणनीति और नीति के माध्यम से किसी क्षेत्र पर कैसे काबू पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में गृह मंत्री के ठोस प्रयासों ने पूर्वोत्तर भारत का चेहरा-मोहरा बदल दिया है। बदले हुए पूर्वोत्तर की नामवर हस्तियों को सारा देश पहचानने लगा है। मुक्केबाज मैरी कॉम को कश्मीर से लेकर गोवा तक का बच्चा-बच्चा अपना मानता है। मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। पर पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान देते रहना होगा। उसकी अब अनदेखी नहीं की जा सकती।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है। शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है।

प्रसंगवश

बिखराव व अलगाव के जिम्मेदार

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा ।

हम सात दोस्तों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। पहले कभी इसमें हम सुख-दुख बांटा करते थे । फिर इसे जमाने की हवा लग गई। अब इस पर जहर बोया और काटा जाता है। दो मोदी जी के भक्त हैं, दो विरोधी । बाकी के तीन डर और लिहाज की मिली जुली प्रेरणा से चुप रहते हैं।यह चारों सुबह-शाम हम बचे तीन लोगों को संदेश, वीडियो, अखबारी कतरनों से अपनी ओर मिलाने का प्रयास करते हैं। मेरा व्यापारी मन हैरान होता है। इतनी मेहनत सिर्फ तीन वोटो के लिए? रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के लिहाज से यह सौदा घाटे का है । पर उनका समर्पण देख मैं नतमस्तक हो जाता हूं।

संजय वर्मा
इंदौर

यह अकेले मेरे दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप की समस्या नहीं है। परिवार, व्यापार, कॉलोनी तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर यही जहर सुबह शाम बंट रहा है। लोग अपने नेता के लिए रिश्ते नाते कुर्बान कर रहे हैं। कभी सोचता हूं क्या मोदी जी या राहुल गांधी को पता है सुदूर इंदौर में कोई उनका पार्टी कार्यालय रोशन करने के लिए अपना घर जला रहा है। मतलब सारे रिश्ते नाते तोड़ के आ गई(गया), ले मैं तेरे वास्ते सब छोड़ के....।

क्यूं कर रहे हैं लोग ऐसा ? यह मुझे सामूहिक हिस्टीरिया जैसा लगता है वरना हमारे ग्रुप का एक वैज्ञानिक दोस्त किसी अतार्किक ऊलजलूल बात के समर्थन में तर्क क्यों ढूंढ कर लाता ?

मनोविज्ञान कहता है इन समर्थकों ने एक काल्पनिक दुनिया बना ली है, जिसमें पार्टी इनका परिवार खानदान और कबीला है जिसकी रक्षा के लिए वे अपना सर्वस्व कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का नेता उनका बड़ा भाई पिता या बाबा है, उसके संरक्षण में वे सुरक्षित महसूस करते हैं, प्रेम देते लेते हैं ।

मेरे एक मामा जी थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। बुढ़ापे तक आते-आते सब बिछड़ गए। उन्होंने देवी मां को अपना सगा मान लिया। दिनभर उनसे बातें करते। चाय पीने की इच्छा होती तो मां की मूर्ति के पास जाकर पूछते- मां चाय पियोगी ? फिर खुद ही जवाब देते- हां हां अभी बना कर लाता हूं ।

अकेला आदमी अपनी एक काल्पनिक दुनिया बसा लेता है।

अपने नेता के लिए जीने मरने वाले ये मित्र भी क्या मेरे मामा की तरह अपने कुटुंब कबीले से बिछड़ गए हैं ? पर एक समस्या और है , इस तरह हम उनके प्रेम को तो समझ सकते हैं , पर विरोधी गुट से उनकी नफरत को कैसे समझें जिसमें वे दिन रात उबल रहे हैं ?

एक मनोवैज्ञानिक ने बताया है - कभी कभी नफरत भी इंसान को जीने का मकसद देती है। खास तौर पर जब वह किसी समूह से हो। निरर्थक बेमकसद जीवन को किसी सागर में भटकी नाव की तरह नफरत का किनारा मिल जाता है। जीने का मकसद मिल जाता है।

बताते हैं जब इंसान कबीलों में रहता था तब अपने परिचय में नाम, पिता, कबीले और दीगर जानकारी के अलावा अपने दुश्मन का नाम भी बताता था। मतलब आपकी पहचान में आपका दुश्मन भी शामिल था। संभव है यह आदिम प्रवृत्ति हमारे भीतर अब भी हो । हम अब भी अपनी पहचान के लिए दुश्मन और उससे नफरत पर निर्भर करते हों । संभव है अपनी पहचान के संकट से जूझता इंसान नफरत में अपने होने को तलाश रहा है । इस नफरत से एक फायदा और होता है । जब आप एक समूह से नफरत करते हैं तो नफरत करने वालों का भी एक समूह बन जाता है और उनमें आपस में भाईचारा हो जाता है ।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा । मैं अचानक अपने आप को अपराधी महसूस करने लगा हूं।

विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली



ए.के. जैतली
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बरेली

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा की गई है। परंतु विश्वविद्यालय सामाजिक भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गए हैं। कुलपति अपने गलत कामों को सही ठहरने के लिए शिक्षकों का प्रयोग करने लगे हैं। सवाल है क्या इस तरह हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता दे पाएंगे। इन दिनों एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव के बीच चल रही अधिकारों और दायित्वों की जंग चर्चा में है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में स्पष्ट है कि कुलपति को राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं एवं परिनियम में वर्णित प्रावधानों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय का संचालन करना होगा। किन्तु देखने में आया है कि कुलपति जब नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो वह राजभवन को शामिल करने की चेष्टा करते हैं।

कुलपतियों की नियुक्ति में भी अपनाया जा रहा रवैया अजब है। कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति में किसी दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति को ही एक सदस्य बना कर अध्यक्ष बनाया जाता है। पांच साल का इतिहास देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक कुलपति की नियुक्ति में दूसरे विश्वविद्यालय का कुलपति अहम भूमिका निभाता है। फिर वही नियुक्त कुलपति दूसरे विश्वविद्यालय में नियुक्ति हेतु उसी के कुलपति हेतु चयन में मदद करता है जिसने उसे पूर्व में कुलपति हेतु चयनित किया था। 2020 में एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति की चयन समिति में यूपीटीयू के कुलपति अध्यक्ष थे, और उनके द्वारा ही एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का चयन किया गया था । तत्पश्चात जब कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन का नंबर आया, तो वहीं एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, चयन समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने उन्हीं यूपीटीयू के कुलपति का नाम कानपुर में चयनित किया, जिन्होंने उन्हें पूर्व एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय हेतु चयनित किया था । इस तरह की चयन प्रणाली एक जांच का विषय है। इस तरह से विश्वविद्यालय के चयनित कुलपति विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप कैसे खरे उतर सकते हैं?

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी। उस सूचना के आधार पर तो एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चयनित शिक्षकों का वेतन निर्धारण यूजीसी एवं शासन के मानकों के अनुरूप नहीं होगा। कुल सचिव व वित्त अधिकारी शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उनसे राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परनियमों के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों से शासन को अवगत कराएंगे । यही कारण था कि पूर्व वित्त अधिकारी ने विश्वविद्यालय में की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं से राजभवन व शासन को अवगत कराया था। जिस पर जांच प्रस्तावित है। हाल में ही एमजेपी विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे। यह भयावक स्थिति है इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा। विश्वविद्यालय के अधिनियम व परिनियम में कुलसचिव, उप कुलसचिव व सहायक कुलसचिव शासन के अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड सर्विस से गवर्न होते हैं। शासन के अनुसार ये विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड सर्विस से इसलिए नियुक्त किए जाते हैं ताकि वह अपने दायित्वों से पूर्ण नियम व कानून को कुलपति के समक्ष रखें और कुलपति को उसी के अनुसार कार्य करने की सलाह दें, चाहे वह वित्तीय या प्रशासनिक। जब तक कुलपति व शासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के बीच टकराव नहीं होता, तब तक सब सही चलता रहता है और जब अहम के टकराव होते हैं, तो वही होता है जो विश्वविद्यालय में हो रहा है।

शिक्षा के उत्थान के लिए सरकार चाहे जितने कार्य कर ले, जब तक विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के आचरण और कर्तव्यों में नियम कानून का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक देश, प्रदेश की शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, समाज का उत्थान, समाज को दिशा देने का कार्य विश्वविद्यालय कैसे कर सकते हैं विश्वविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता नियम संगत कार्य करने की होनी चाहिए तभी विद्यार्थियों और समाज का कल्याण हो सकता है।

सोशल फोरम

फर्ज के कर्ज में जिंदगी

मतदान कर के आया तो एक ज्ञानी बुजुर्ग महोदय से मैंने पूछ लिया किस का स्कोर कितना होगा। वह बोले, यह तो नहीं बतला सकता पर आज मुझ पर, आप पर, हर एक पर 1.46 लाख रूपया कर्ज है।

प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

हर जन्मा बच्चा इस बेरहम समाज का कर्जदार हो कर आता है। आज हम पर 20.5 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। खरबपति, खगपति बढ़ते जा रहे हैं। कंगाली बढ़ रही है और मॉल है कि कह रहे हैं, लूट लो। कर्ज तो देश के विकास के लिए है पर खरबपति आगे बढ़ रहे हैं। यानी कि पर्दा हमारे नाम से उट्ठा ईद मनाई लोगों ने।

आमदनी अठन्नी खर्चा रूपया के हिसाब में जब रोजगार नहीं है, मतदाता को रिझाने में सब मुफ्त होईगा तो यही होएगा। मानव संसाधन का प्रयोग नहीं है, 23 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हो गए हैं। पंचतत्व आदमी के भोगी प्रवृत्ति के कारण असंतुलन में हैं।

याद आई एक किताब लैरी इलियट और डॉन एटकिंसन की द गाड्स दैट फेल्ड। कारण एक खास के लिए करोड़ों को समर्पित किए जाने का जलवा। आर्थिक असंतुलन इस विश्व का कृत्रिम नेचर बन गया है। विश्व बाजार सूदखोर है। ब्रिटेन ने तो बैंक, सूदखोरी अर्थशास्त्र के सहारे दुनिया में राज किया। यह अर्थ, अनर्थ है।

हम भारतीय तो अपनी संस्कृति के द्वारा ही कर्जदार कर दिए जाते हैं। मातृऋण, पितृ ऋण, देव ऋण... जिंदगी न हुई सूदखोरी हो गई। सारी जिंदगी ऋण उतारने में चली जाती है, जिएंगे कब।

माता-पिता के लिए बच्चे कर्जदार क्यों। आज के बाजार में तो बच्चे हो लिए पैकेजेज। कैसा अर्थशास्त्र। एहसान तले दाब दो जन्म जन्मान्तर तक, उसका सूद खाते रहो। माता-पिता बच्चे का संबंध हो या प्यार कभी कर्ज नहीं होता, सहज जीने का एहसास है। ऋण तो भाषाई तिलिस्म है।

बच्चों को पालने में माता-पिता का आनंद है तो मां-बाप को पालने में बच्चों को भी आनंद ही आना चाहिए। दोस्ती है असल संबंध। चाहे बच्चों माता-पिता के बीच हो, पति-पत्नी के बीच। सारे संबंध कृत्रिम । और अब कृत्रिम बुद्धि।

-फेसबुक वॉल से

पुराण में सांप और जीवाश्म विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दुनिया में पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के 'बॉडी-साइज़' अर्थात इनके शरीर की आकृति, आमाप और आकार में फर्क क्यों है? क्या ये एव्ल्युशन की प्रक्रिया के दौरान स्थिर हो गए हैं। कुदरत ने सभी जीवधारियों के शरीर के सम्बन्ध में कुछ घटकों को कैसे निश्चित किया? क्या फार्मूला रहा होगा?

कुछ दिन पहले पुराविदों को सरीसर्प का एक जीवाश्म जमीन में दबा मिला कहा गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सांप हुआ करता। इस बारे में हमारे यहां तो पुराण कथाओं में किसी और तरीके से कहानियां गढ़ी गई है जो सिर्फ एंटरटेन करती हैं, विज्ञान की बात नहीं बताती। आप चाहें तो इसे वासुकी नाग से जोड़ सकते हैं जिसके फन पर पृथ्वी टिकी हुई है। कोई कहता है यह वाराह के थूथन पर टिकी है। इस मामले में सबसे बढ़िया विवरण डेविड कोप का दिया हुआ है, जिसे हमें पढ़ना चाहिए।

कोप के विवरण जीवाश्म विज्ञान (पेलियंटोलॉजी) से संबंधित हैं। इस विषय पर हमारे यहां एक विशिष्ट टाइप का इंस्टिट्यूट लखनऊ में सन 1946 से कार्यरत है जिसका नाम है बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेलियोसाइंसेज। इसके काम काज के बारे में आमजन या अधिकांश फेस-बुकिये तो क्या जानेंगे विज्ञान लेखक भी कभी इस तरफ ध्यान नहीं देते। अधिकांश काम नर्मदा घाटी और हिमालय के जीवाश्मों की तरफ है और बेसिक रिसर्च से कोई खास लेना-देना नहीं। इंडियन सोसाइटी ऑफ़ पेलियोलॉजी भी है जो एक जर्नल का प्रकाशन करती है। डेविड कोप ने इनवरटीब्रेट्स (अरीढ़धारियों) के बारे में सूचना एकत्र कर इसे पचास खंडों में प्रकाशित किया और यह सब करते हुए एव्ल्युशन के बारे में खूब लिखा। पृथ्वी के जीवधारियों के विकासक्रम के बारे में रिसर्च का काम चलता रहता है और नयी थ्योरीज सामने आती रहती हैं। पॉपुलर साइंस पत्रिकाएं भी इस विषय पर कम कवरेज देती हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध प्रकाशित करने वाली कुछेक पत्रिकाओं में इस बाबत जानकारी का प्रकाशन नियमित होता है, खासतौर से 'नेचर इकोलॉजी एंड एव्ल्युशन' जर्नल में।

सांप का जो नया जीवाश्म मिला है और इस खबर को भारत में भी अधिकांश अखबारों ने प्रकाशित किया है उसमें डिटेल्स तो हैं ही नहीं! रिसर्च से मालूम होता है कि विकास क्रम की प्रक्रिया में कुदरती हालात के बदलते रहने का जीवधारियों के बॉडी साइज़ को तय करने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ता रहा है। इसमें डेविड कोप की 'आईलैंड थ्योरी' का अध्ययन भी जरूरी है। कुल मिलाकर यह बड़ा रोचक विषय है।

निर्भर करता है कि जीवधारियों के बारे में जानकारी लेने के हमारे नज़रिए को पौराणिक आख्यान प्रभावित करते हैं या आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति? और अगर, दोनों के कारण मौजूद हैं तो फिर तुलनात्मक बात कहनी और समझनी चाहिए।

हमारे लाला जी का फ़िल्मी शौक

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमें फ़िल्मी शौक यों ही नहीं है। ये हमें विरासत में मिला है। बल्कि कहिए कि डीएनए में है। हमारे पिता जी भी खूब फ़िल्में देखते थे। हमारे दादा जी को ये शौक जुनून की हद तक था। पार्टीशन से पहले वो अपने शहर मियांवाली में बजाजे का काम करते थे। उन्हें लाला जी कहा जाता था, लाला लक्ष्मण दास बजाजे आले। उन दिनों शहर में कोई सिनेमा हाल नहीं था। सिनेमा देखने वो कई बार लाहौर और रावलपिंडी गए।

लाला जी की तरह के कई फ़िल्मी कीड़े थे। उन्हीं में एक थे - टिंबर मर्चेंट लाला गद्दी राम मानकताला। उन्होंने सिनेमाहाल बनाने की शुरुआत की। हमारे लाला जी और एक अन्य लाल चंद चुग भी उसमें पार्टनर बन गए। सिनेमाहाल का नाम रखा गया - दिलरुबा टॉकीज़। ये बात 1933 की है। शहर में तहलका मच गया। लोगों की लाईफ स्टाईल ही बदल गई। मनोरंजन का एक नया ज़रिया मिल गया। छोटा-बड़ा, जवान-बूढ़ा, हिंदू-मुसलमान, अमीर-फ़कीर, जिसे देखो सिनेमा की बात कर रहा है।

उन दिनों मियांवाली शहर में बिजली नहीं होती थी। दिलरुबा टॉकीज़ डीज़ल के जनरेटर से चलाया गया। शुरुआत के दिनों में प्रोजेक्टर भी एक था। लिहाज़ा रील ख़तम हुई नहीं कि दस मिनट का इंटरवल होता था। टॉकीज़ में भीड़ बहुत होती थी। पीछे की दो पंक्तियां लेडीज़ के लिए रिज़र्व होती थीं। जब कोई धार्मिक फ़िल्म लगती थी तो दोपहर का एक शो लेडीज़ स्पेशल रखा जाता था। कुछ साल बाद टॉकीज़ बंद हो गया। पार्टनर्स में आपसी मन-मुटाव ख़ास वज़ह थी। तब इसे बहादुर शाह अधलखा ने खरीद लिया और नया नाम दिया - बहादुर टॉकीज़।

लाला जी पार्टीशन के बाद दिल्ली में सेटल हो गए। यहां भी उन्होंने बजाजे का धंधा शुरू किया। लेकिन क़िस्मत ने साथ नहीं दिया। फिर उन्होंने चाबी के छल्ले और चेन के धंधे में हाथ डाला। काम जम गया। पहले रिटेल और फिर थोक व्यापारी हो गए। सदर बाजार में एक छोटी सी दुकान रख ली। सदर के पास बारह टूटी में वेस्टएंड सिनेमा हॉल था। लाला जी दुकान से उठकर चुपके से उठ कर फिल्म देख आते थे।

हम लोगों का गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली जाना होता था। लाला जी जेब खर्च के लिए रोज़ाना चवन्नी देते थे। जो आगे चल कर पांच रूपए हो गया। सिनेमा देखने के पैसे अलग से मिलते थे।

छत्तीसगढ़ के रण में जीत का प्रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं। इनमें चार सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 में से नौ सीटें जीतकर शानदार सफलता पाई थी। कांग्रेस केवल दो सीटों पर सिमट कर रह गई थी। भाजपा को 50.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 40.9 प्रतिशत था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में राज्य में चार माह पहले विधानसभा चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने पार्टी की सांसद टैली को डबल डिजिट में पहुंचाने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस विधान सभा चुनाव की हार के गम से उबरकर खुद को मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित करने की हर संभव कोशिश में लगी है। राज्य में दो चरणों में मतदान हो चुका है अब तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग और जांजगीर-चांपा सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण को भाजपा-कांग्रेस के बीच असली लड़ाई माना जा रहा है। इसमें कांग्रेस के प्रण और भाजपा के रण की परीक्षा होगी।

- भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाले इस राज्य में दोनों दलों ने जीत के लिए बिछाई है बिसात
- तीसरे चरण में सात सीटों पर जबर्दस्त घमासान, भाजपा और कांग्रेस के सितारे उतरेंगे जमीन पर
- विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में, तो कांग्रेस लेना चाहती हार का बदला

बीते तीन चुनावों में भाजपा का वोट छह तो कांग्रेस का चार फीसदी बढ़ा

- छत्तीसगढ़ में नौ लोकसभा सीटों पर काबिज भाजपा पार्टी के मिशन-400 पार को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की तरह इस बार राज्य में भी क्लीन स्वीप करके सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद पार्टी का यह उत्साह बेवजह भी नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में हर बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का वोट शेयर 2009 से 2019 तक जहां छह फीसदी बढ़ा है, वहीं वोट तो कांग्रेस का भी चार प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन उसे सीटों का खास फायदा नहीं हुआ।
- 2009 में भाजपा ने 10 सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। 2014 में फिर भाजपा के खाते में 10 सीटें आईं और कांग्रेस के हाथ एक ही सीट लगी। 2019 में जरूर भाजपा नौ सीटें ही जीत पायी थीं और कांग्रेस ने 2 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले साल दिसंबर में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर पिछले चुनाव के 33 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी से ज्यादा हो गया था। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर थोड़ा घटा था। 2018 में पार्टी का वोट प्रतिशत 43 फीसदी था, लेकिन 2023 में कांग्रेस को 42 .23 फीसदी वोट ही मिले थे।
- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दलित, आदिवासी और ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जा रहा था। लेकिन भाजपा की दो घोषणा धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और महतारी बंधन योजना ने उसके नाराज समर्थकों के साथ फ्लोटिंग वोटरों को भाजपा के पक्ष में खड़ा कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी और चेहरा है, जो भाजपा को आगे खड़ा दिखा रहा है।



2019 में मत प्रतिशत

50.7% भाजपा
40.9% कांग्रेस

2014 में मत प्रतिशत

48.7% भाजपा
38.4% कांग्रेस

2019 का दलीय परिणाम

दल	सीट	प्राप्त वोट
भाजपा	09	69,02,477
कांग्रेस	02	55,69,183

2014 का दलीय परिणाम

दल	सीट	प्राप्त वोट
भाजपा	10	59,73,904
कांग्रेस	01	47,02,813

विस चुनाव में आठ लोस सीटों पर आगे रही थी भाजपा

विधान सभा परिणामों के मुताबिक राज्य में आठ लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस तीन सीटों पर आगे रही है। कांग्रेस जिन सीटों पर आगे रही थी, वह तीसरे चरण में आती हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट चुनावी अभियान का जायजा ले गए हैं। सोमवार को राहुल गांधी और 30 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद दो मई को प्रियंका गांधी आने का कार्यक्रम है। भाजपा के भी स्टार प्रचारकों इस चरण में चुनाव प्रचार में ताकत लगाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले दो दिनों में कोरबा में सभा का कार्यक्रम बन रहा है। मोदी इससे पहले भी राज्य में चार सभाएं कर चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के कार्यक्रम बनाए हैं।

रायपुर में दिग्गज नेता और युवा चेहरे के बीच रोचक हुई लड़ाई

रायपुर लोकसभा सीट पर बीते 28 साल से भाजपा काबिज है। यहां से 1991 में अंतिम बार कांग्रेस नेता विद्या चरण शुक्ल जीते थे। भाजपा से मैदान में उतरे कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं। इनके मुकाबले कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को उतारा है। वह युवा चेहरा हैं। वह स्थानीय समस्याएं उठाकर भाजपा को घेरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

बिलासपुर में हो सकता कांटे का मुकाबला

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा सात बार से जीत रही है। 2019 में यहां से अरुण साव बड़े अंतर से जीते थे। यहां भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। यहां यादव और साहू वोटरों का बाहुल्य है, इस कारण मुकाबला करीबी माना जा रहा है। 2019 में भाजपा को 52 और कांग्रेस को 41 प्रतिशत मत मिले थे।

जाजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह कमलेश जांगड़ को उतारा है। उनके सामने कांग्रेस के डा .शिवकुमार डहरिया चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के गुआरम अजगले ने करीब 82 हजार मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। इस बार यहां कांग्रेस जोर लगा रही है।

रायगढ़ में ढाई दशक से भाजपा का कब्जा

- रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस से सारंगढ़ राज परिवार की डॉ . मेनका देवी सिंह मुकाबले में हैं। इस सीट पर 1999 से भाजपा का कब्जा है। यहां की भाजपा सांसद गोमती साय ने इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव जीती थीं। भाजपा उनके आदिवासी होने पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस में भी उनकी प्रत्याशिता पर नाराजगी के स्वर हैं।

कोरबा में कांग्रेस को फिर जीत की आस

- कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है। यहां से भाजपा की पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत हैं। यहां बागेश्वर बाबा की कथा में आए श्रद्धालुओं को भाजपा का पटका पहनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछली बार कांग्रेस यह सीट करीब 27 हजार मतों से जीती थी।

राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत ओबीसी वोटरों पर निर्भर

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार के सबसे मुकाबला दिलचस्प में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय से हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के पास 5 और भाजपा के पास 3 सीटें हैं। पिछली बार संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग की बहुलता को देखते हुए भूपेश बघेल को उतारा था।

महाराज के आगे भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगी शशि सिंह

सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट आदिवासी बेल्ट मानी जाती है। 2019 में यहां से भाजपा की रेणुका सिंह बड़े अंतर से जीती थीं। यहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज जो राज्य के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं, को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। उनका मुकाबले में कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव लड़ रही हैं। यहां जानकार भाजपा को मजबूत मान रहे हैं।

दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस के बीच मानी जा रही कड़ी टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा जीती थी। भाजपा के विजय बघेल ने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को बड़े अंतर से हराया था। हालांकि 2014 में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा की सरोज पांडेय को यहां शिकस्त दी थी। भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने अपने जमीनी कार्यकर्ता राजेंद्र साहू को उतारा है। यहां इस बार करीबी मुकाबला माना जा रहा है।

बस्तर दे चुका बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की विजय का संदेश

संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर सीट पर 68 .29 प्रतिशत मतदान करके लोग बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की जीत का संदेश दे चुके हैं। कांकेर में 78, राजनांदगांव में 77 और महासमुंद में 77 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े थे, जो पिछली बार से ज्यादा थे। दूसरे राज्यों में कम मतदान की जगह छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोट पड़ना सकरात्मक संदेश है।

बिरनपुर हिंसा व पीएससी घोटाला फिर बना कांग्रेस के गले की फांस

- भूपेश बघेल सरकार में हुई बिरनपुर हिंसा और पीएससी घोटाला का मुद्दा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ा था, अब लोकसभा चुनाव में भी ये दोनों मुद्दे कांग्रेस के लिए गले की फांस बनते दिख रहे हैं। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद दोनों मामलों में सीबीआई जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी अभियान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। वह कह रहे हैं कि पीएससी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि बिरनपुर हिंसा में शामिल आरोपितों को जेल भेजा जाएगा। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। इसके बाद भाजपा ने भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकट दिया था। वह चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

नासिक में दौड़ी अघाड़ी की गाड़ी, महायुति में गतिरोध का पेच

चुनाव डेस्क

नासिक। महाविकास अघाड़ी से शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे नासिक लोकसभा सीट पर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन महायुति में प्रत्याशी चयन को लेकर दरार अभी भी बनी हुई है। बीते 45 दिनों से नासिक लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर फंसा पेंच नहीं सुलझ सका है। उधर, महाविकास अघाड़ी ने अपना उम्मीदवार तय करके प्रचार में बढ़त बना ली है।

छगन भुजबल द्वारा नासिक सीट पर चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सत्तारूढ़ शिवसेना गुट का सीट पर दावा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इस सीट से दो बार के सांसद हेमंत गोडसे शिंदे गुट के साथहैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2019 में शिवसेना के टिकट पर हेमंत गोडसे ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,63,599 वोट मिले थे, जबकि एनसीपी के समीर भुजबल ने 2,71,395 वोट पाए थे।



छगन भुजबल

एकनाथ शिंदे

अजित पवार

भाजपा से इस सीट पर पूर्व विधायक राहुल ढिकले का नाम सबसे आगे है। लेकिन नासिक सीट पर राकांपा (अजित पवार गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों प्रत्याशिता के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। शिंदे गुट आसानी से नासिक सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उधर, छगन भुजबल के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद भी राकांपा ने नासिक सीट पर अपनी जिद नहीं छोड़ी है। इसलिए नासिक सीट पर महायुति में गतिरोध नहीं दूर हो पा रहा है। इससे महायुति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता असमंजस में हैं।

- शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल
- शिवसेना शिंदे के साथ राकांपा अजित अड़े हैं चुनाव लड़ने को लेकर

तीसरे चरण में तय होगा शिवसेना राकांपा टूट में कौन ताकतवर : महाराष्ट्र में तीसरे चरण में सात मई को रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सातारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले सीट पर मतदान होना है। सबसे रोचक मुकाबला बारामती में सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार गुट) का सुनेत्रा पवार (एनसीपी अजित गुट) से है।

माधा सीट पर रणजीत सिंह नाइक (भाजपा) का मुकाबला धैर्यशील मोहिते पाटिल (एनसीपी पवार) से है। उस्मानाबाद सीट पर अर्चना पाटिल (भाजपा) के सामने ओमप्रकाश राजे निंबालकर (शिवसेना उद्धव) हैं। लातूर में सुधाकर श्रंगारे (भाजपा) का मुकाबला शिवाजीराव कालगे (कांग्रेस) से है। हातकणंगले में राजू शेट्टी (स्वाभिमानी पक्ष), सत्यजीत पाटिल (शिवसेना शिंदे) और धैर्यशील माने (शिवसेना उद्धव) में त्रिकोणीय मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से छत्रपति शाहू महाराज (कांग्रेस) का सीधा मुकाबला संजय मांडलिक (शिवसेना शिंदे) से है। शोलापुर में मुकाबला प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) और राम सातपुते (भाजपा) के बीच हो रहा है।

मतदाताओं को रिझाया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। इस दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए उन्होंने वाद्य यंत्र भी बजाया।

मांगे वोट

नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

35 सालों से कांग्रेस का चक्रव्यूह भेदती आ रही भाजपा

भिंड संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ा हुआ है। 35 सालों में नौ चुनाव हुए और सभी में भाजपा को यहां जीत मिली। अब पार्टी 10 वीं बार जीत दर्ज करने के लिए वर्तमान सांसद संध्या राय के साथ मैदान में है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस भी आतुर दिख रही है और इस बार उसने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

अब के चुनावों में मुख्य मुकाबले में रही कांग्रेस के लिए उसके बागी देवाशीष जरारिया मुसीबत बन गए हैं। देवाशीष को बसपा ने हाथी का महावत बना लिया है। देवाशीष इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा की संध्या राय ने हराया था।

2019 में चुनाव में देवाशीष जरारिया कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे तब उनके मुकाबले भाजपा ने नया चेहरा संध्या राय के रूप में उतारा था। संध्या ने उन्हें पटखनी दी तो इस बार कांग्रेस ने जरारिया से किनारा कर लिया। पार्टी को उम्मीद थी कि फूल सिंह बरैया को जीत दिलाने में जरारिया शिद्दत के साथ लगेंगे लेकिन उन्होंने तो हाथ का साथ छोड़कर हाथी की सवारी कर ली। इसे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जा रहा है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इससे पहले 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड में सभा करेंगे।

इस सीट से 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी सांसद रह चुकी हैं। यहां से ज्यादातर दूसरे जिलों के उम्मीदवार ही सांसद बनते रहे हैं। यहां तक कि वर्तमान सांसद संध्या राय भी मुरैना जिले की निवासी हैं। वह दिमनी से विधायक रह चुकी हैं।



10, 19 ,722 पुरुष मतदाता	37 ट्रांसजेण्डर मतदाता हैं
8,73 ,872 महिला मतदाता	18, 93, 631 कुल मतदाता

- 10 वीं बार जीत के लिए पार्टी ने वर्तमान सांसद संध्या पर जताया विश्वास
- कांगेस ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है
- कांग्रेस के बागी देवाशीष बने हाथी के महावत, लड़ाई में आने को आतुर

इस बार कांटे का मुकाबला

इस चुनाव में मुकाबला कांटे का हो सकता है। क्योंकि प्रदेश की सत्ता पर भाजपा भले ही काबिज है लगातार 35 सालों से इस संसदीय सीट को जीतती आ रही है लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे जबरदस्त टक्कर दी थी। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस और चार पर भाजपा काबिज है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है।

भाजपा के रामलखन सिंह लगातार चार बार जीते

- भाजपा ने पहली बार 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब नरसिंह राव दीक्षित सांसद बने थे। इसके बाद भाजपा के 1991 में योगानंद सरस्वती को सांसद बनने का मौका मिला। 1996 के चुनाव में राम लखन सिंह सांसद बने और वे 2004 तक जीते। इस तरह चार बार सांसद बनने का मौका उन्हें मिला। पार्टी ने इसके बाद अशोक अर्गल पर दांव लगाया और वे भी 2009 में सांसद बनने में कामयाब हुए। 2014 में भागीरथ प्रसाद को जीत मिली तो 2019 में संध्या राय सांसद बनीं।

नरोत्तम मिश्रा भी यहां से हारे

- शिवराज सिंह सरकार में गृह मंत्री रहते हुए नरोत्तम मिश्रा को यहां की दतिया विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार ने ही पटखनी दी। नरोत्तम मिश्रा की हार भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं थी। इससे भी कांग्रेस का मनोबल भिंड लोकसभा के चुनाव में बढ़ा हुआ है।

पांच सालों में कराए विकास कार्यों से ज्यादा स्मृति इरानी रट रहीं राहुल का नाम

अमेठी लोकसभा सीट से अभी राहुल गांधी की प्रत्याशिता का कांग्रेस हाईकमान की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन स्मृति इरानी ने पहले उनके लिए रण छोड़ दास का शोर मचाया, अब पिछले कुछ दिनों से राहुल फिर लड़ने आ रहे हैं, का ऐलान करती घूम रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि जिस चुनाव में स्मृति इरानी को पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की रट लगानी चाहिए थी, उस चुनाव में वह राहुल गांधी नाम का जाप कर रही हैं। हालांकि वह पांच साल में कराए गए अपने काम भी गिनाती हैं, लेकिन उतनी दमदारी से नहीं, जितनी गंभीरता उनके भाषणों में राहुल के नाम को लेकर नजर आती है। हालांकि सोमवार को नामांकन से पहले रविवार को स्मृति इरानी अयोध्या पहुंचकर रामलला का आशीर्वाद लिया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की तरफ से हाई प्रोफाइल चुनावी योद्धा केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह अमेठी से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, और वहां प्रचार में दिन-रात सक्रिय हैं। 2014 में अमेठी से इरानी हार गई थीं, जबकि 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। अब अमेठी को उन्होंने घर बनाकर 'अपना' बना लिया है। राहुल गांधी को 2019 के पिछले आम चुनाव में परास्त कर ईरानी ने एक तरह से राजनीतिक रूप से भी 'बेघर' कर दिया था। राहुल गांधी का अमेठी में अपना कोई घर नहीं है। वह राजीव गांधी चाइल्ड टेबल ट्रस्ट या राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा संचालित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस से ही अपनी चुनावी गतिविधियां चलाते थे।

अमेठी में आशियाना बनाने के बाद भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ने खुद को मान लिया 'अजेय'

- पिछले चुनाव में 55,000 वोटों से जीत दर्ज कराने वाली स्मृति इरानी अब अमेठी की मतदाता बन चुकी हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही वह लगातार अमेठी संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हैं। अमेठी में अपना आशियाना बनाने के बाद उन्होंने खुद को 'अजेय' मान लिया है। इसी कारण गृह प्रवेश के मौके पर भी राहुल गांधी पर तंज करने से वह नहीं चूकी थीं।

राहुल का नाम लिए बिना पूरा नहीं होता भाषण

अब तो जैसे-जैसे चुनावी अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्मृति इरानी राहुल गांधी के नाम की 'रट' भी बढ़ाती चली जा रही हैं। उनका कोई भी भाषण राहुल का नाम लिए बिना पूरा ही नहीं होता जैसे कोई यज्ञ बिना 'स्वाहा' के संपन्न नहीं होता। हालांकि स्मृति इरानी का दावा है कि अमेठी में 5 साल में उन्होंने इतने काम कर दिए हैं जो प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी भी नहीं करा पाए थे। राहुल गांधी द्वारा कराए गए कामों को वह कोई काम मानती ही नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह इरानी के कराए तमाम कामों को राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किया हुआ बताते हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आम मतदाता भी हैरान है कि आखिर सांसद स्मृति इरानी राहुल गांधी पर इतना हमलावर क्यों है? जिन्होंने अभी तक अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा तक नहीं की है। हालांकि अब माना जा रहा है कि वायनाड के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

- रायबरेली के राजनीतिक विश्लेषक डॉ राम बहादुर वर्मा मानते हैं कि स्मृति इरानी इस समय 'राहुल फोबिया' से ग्रसित नजर आ रही हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के बारे में फैसला करने में देरी लगा रहा है। लेकिन स्मृति ईरानी पहले ही अपनी सभा में इस बात का ऐलान कर चुकी हैं कि 26 के बाद राहुल गांधी अमेठी आ जाएंगे। राहुल नाम रटने के पीछे एक यही कारण माना जा सकता है कि कोई उनसे 5 साल का हिसाब न मांगे और जवाबदेही तय न की जा सके, लेकिन सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना इसे सुनियोजित रणनीति मानते हैं। वह कहते हैं कि स्मृति इरानी उस रणनीति पर अमल कर रही हैं जिसमें कहा जाता है कि इतना शोर करो कि दुश्मन आने की हिम्मत ही न जुटा पाए। वह यह भी कहते हैं कि इसकी वजह देने वाले भी खुद राहुल गांधी हैं, हारने के बाद अगर वह पांच साल वह अमेठी से अपना संपर्क न तोड़ते तो आज इरानी के इन हमलों का जवाब जनता खुद दे रही होती। उनका मानना है कि राहुल पर हमले इसलिए ज्यादा प्रसारित हो रहे हैं कि मीडिया भाषण के उन्हीं अंशों को हाईलाइट करता है, जो चटपटे हों। अब अमेठी के मतदाता तय करेंगे कि राहुल नाम की रट स्मृति इरानी को चुनावी वैतरणी पार कराएगी या उनका वोट बैंक चट कर जाएगी। अमेठी में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन गांधी परिवार अभी उम्मीदवार तय नहीं कर पाया है।

– गौरव अवस्थी

मैनपुरी लोकसभा सीट

मनोज त्रिपाठी

विरासत की रियासत में बदलाव की चाहत

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बड़ी बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पांचवी बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए परिवार की परंपरागत मैनपुरी सीट के मैदान में दोबारा उतरी हैं। डिंपल यादव ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2009 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सिने स्टार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर के खिलाफ लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद डिंपल 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं, जहां उन्हें सफलता मिली और सांसद बनी। 2014 के आम चुनावों में भी कन्नौज सीट से जीत हासिल की, लेकिन 2019 में कन्नौज की जनता ने उन्हें नकार दिया और भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताकर संसद भेजा। इससे पहले मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल यादव जीत का परचम फहरा चुकी है, यहां से लगातार दूसरी जीत का रिकॉर्ड कायम रखने के लिए सपा ने उन पर दूसरी बार दांव लगाया है। भाजपा ने सपा के इस मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तो बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने की रणनीति के तहत शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर इस बार मैनपुरी का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

डिंपल यादव के सामने भाजपा के मैनपुरी से विधायक, मंत्री जयवीर सिंह तथा बसपा के शिव प्रताप यादव की दोहरी चुनौती

क्या एमपी के सीएम मोहन यादव साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

- भाजपा अपने प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने के लिए हर दांव चल रही है। यादव वोट तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लगाया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए साफ कहा कि मैनपुरी कभी सपा का गढ़ थी, लेकिन अब सब मोदी मय हैं। उधर, अखिलेश यादव आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने डिवाइड एंड रूल के तहत मोहन यादव को यहां प्रचार का जिम्मा सौंपा है।

पिछले चुनाव में जीत का अंतर कम होना सपा के लिए चिंता का कारण

- मैनपुरी लोकसभा सीट जिसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत नहीं पाई। सपा यहां लाखों वोटों से चुनाव जीतती रही। लेकिन 2019 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत तो दर्ज की पर पहली बार ऐसा हुआ कि उनकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे सरक गया। सपा-बसपा गठबंधन के बाद भी मुलायम सिंह भाजपा के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 94 हजार वोटों से ही हरा सके। कांग्रेस ने भी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा था। हालांकि 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए पूरे सैफई कुनबे ने ताकत लगाई और पार्टी ने जीत का अंतर 2.88 लाख पहुंचा दिया। लेकिन 2019 की स्थितियां सपा के लिए चिंता का सबब मानी जा रही हैं।

सपा भी कर रही क्षत्रिय मतदाताओं को साधने का प्रयास

- मैनपुरी सीट पर लगभग दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, इन्हें साधने के लिए सपा भी पत्ते चल रही है। भाजपा से नाराजगी की बात उठाई जा रही है। डिंपल यादव खुद इस काम में जुटी हैं। दरअसल, डिंपल का मायका पक्ष ठाकुर है तो ससुराल यादव परिवार में है। इस बात से यादव-ठाकुर के बीच संबंध जोड़ा जा रहा है। डिंपल यादव के पिता सेना में कर्नल थे। उनकी बहन उनके प्रचार में साथ निभा रही हैं, तो इस बार बेटी अदिति भी सक्रिय है।

जयवीर सिंह कद्दावर नेता पूरा परिवार राजनीति में

मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव भाजपा ने वोट प्रतिशत के लिहाज से बड़ी उछाल लगाकर सपा के सामने जोरदार चुनौती पेश की थी। इसके चलते इस बार सपा प्रत्याशी डिपल यादव के सामने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान उतारे जाने से भाजपाई उत्साह में हैं। जयवीर सिंह का मैनपुरी से पुराना नाता रहा है। वह जिले की घिरोर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर विधायक बने लेकिन सपा में शामिल होकर मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बने। लेकिन वर्ष 2007 में उन्होंने फिर बसपा से ही चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इस बार भी वह प्रदेश सरकार में मंत्री बने। वर्ष 2022 में उन्होंने मैनपुरी विधानसभा सीट पर सपा के वर्चस्व को तोड़कर जीत हासिल की थी। जयवीर सिंह 2012 और 2018 में विधान परिषद के सदस्य भी चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी चौहान 2009 में अलीगढ़ से बसपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। पुत्र अरविंद सिंह 2014 में बसपा से अलीगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अरविंद सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर गौतमबुद्ध नगर से चुनाव लड़ा था।

2022 उपचुनाव मुकाबला

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	डिंपल यादव	6,18,120	64.08
भाजपा	रघुराज सिंह शाक्य	3,29,659	34.18

2019 लोकसभा चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	मुलायम सिंह यादव	5,24,926	53.75
भाजपा	प्रेम सिंह शाक्य	4,30,537	44.09

उपचुनाव 2014 उप चुनाव का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	तेज प्रताप सिंह यादव	6,53,786	64.46
भाजपा	प्रेम सिंह शाक्य	3,32,537	32.79

2014 लोकसभा चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	मुलायम सिंह यादव	595,918	59.63
भाजपा	शत्रुघ्न सिंह चौहान	2,31,252	23.14
बसपा	डॉ. संघमित्रा मौर्य	1,42,833	14.29

मतदाताओं का अनुमानित जातीय गणित

यादव	4.20 लाख
शाक्य	3.25 लाख
क्षत्रिय	1.90 लाख
जाटव	1.20 लाख
अन्य दलित	90 हजार
ब्राह्मण	1.10 लाख
लोधी	1.05 लाख
वैश्य	70 हजार
मुस्लिम	85 हजार

1996 से अजेय सपा का किला फतह करने के लिए भाजपा इस बार कर रही धुंधाधार प्रचार, झोंकी जोरदार ताकत

2002 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे जयवीर सिंह, बाद में सपा में शामिल हो गए थे और मंत्री बने थे

कमजोर नहीं बसपा की चुनौती, घोसी यादव वोटों में सेंधमारी

बसपा ने मैनपुरी में नामांकन से पहले अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब पार्टी की ओर से भरथना के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी सीट पर जातीय समीकरण देखते हुए पहले डा. गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन नामांकन से पहले उनकी टिकट काट दी। इस पर डा. गुलशन शाक्य अब सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव मूल रूप से औरेया के बिधूना क्षेत्र के गांव हरदू के रहने वाले हैं। उनकी पहचान शिक्षाविद् के रूप में है। उन्होंने वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर भरथना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सपा के प्रदीप यादव को हराकर विधायक बने थे। वह घोसी यादव समाज से आते हैं। शिव प्रसाद यादव भाजपा में भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्वजन सुखाय पार्टी भी बनाई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोबारा बसपा में शामिल हो गए थे। जानकारों का मानना है कि उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा ने यादव मतदाताओं में सेंधमारी की तैयारी कर रही है। सपा प्रत्याशी डिंपल यादव कमरिया यादव समाज से आती हैं, जबकि मैनपुरी में करीब 33 प्रतिशत यादव मतदाता घोसी बिरादरी के हैं।

28 साल पहले मुलायम ने फहराया परचम, फिर मैनपुरी बन गई पारिवारिक सीट

- 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना करने वाले मुलायम सिंह यादव 1996 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी से जीते थे। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में सपा के टिकट से बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने। 2004 में फिर से मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होने प्रदेश की सियासत में रहने का फैसला लेते हुए इस सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद साल 2004 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव मैनपुरी से चुनाव जीते। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद बने। साल 2014 में मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों लोकसभा सीटों पर चुनाव जीते। इसके बाद उन्होने मैनपुरी सीट छोड़ दी। एक बार फिर सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए तो परिवार के तेजप्रताप सिंह यादव सांसद बने। वह मुलायम सिंह के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं।

नेताजी के कारण हुए तीन बार उपचुनाव

- 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर का असर मैनपुरी सीट पर देखने के नहीं मिला था। नेताजी मुलायम सिंह जीते और उनके सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में उनके पौत्र तेजप्रताप को 65 प्रतिशत वोट मिले। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में भी मैनपुरी से जीतने के बाद सीट छोड़ी थी। इसके बाद धर्मेंद्र यादव यहां से उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी सीट पर तीसरी बार उपचुनाव मुलायम सिंह के निधन के कारण 2022 में हुए।

सपा से सीधे मुकाबले में फंसे नजर आ रहे केंद्रीय मंत्री डॉ.महेंद्र नाथ

चंदौली संसदीय सीट

चुनाव डेस्क।

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि वाराणसी से सटी चंदौली संसदीय सीट भी प्रदेश की हॉट सीट की श्रेणी में गिनी जाती है। इस सीट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय जहां हैट्रिक लगाने को आतुर हैं तो उनकी राह में रोकने को सपा उम्मीदवार पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। वैसे तो इस सीट पर मुख्य मुकाबले में सपा ही नजर आ रही है लेकिन बसपा के सत्येंद्र कुमार भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए जीजान से जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार जहां खुद के द्वारा कराए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रहे हैं तो सपा और बसपा मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि भाजपा पुनः सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी।

चंदौली के मतदाताओं ने हर दल को जीत का मौका दिया। किसी को भी निराश नहीं किया। बसपा, सपा, कांग्रेस, जनता पार्टी, जनता दल सभी के उम्मीदवार यहां से जीत चुके हैं। 1991 की राम लहर में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को पहली बार अपनाया था। इसके बाद 1996 और 1998 में भी भाजपा के उम्मीदवार यहां से जीते।

तीनों ही चुनावों में भाजपा ने आनंद रत्न मौर्य पर ही दांव लगाया और वे हर बार नेतृत्व की उम्मीदों पर खरे उतरे। जब 1999 का चुनाव हुआ तो समाजवादी पार्टी ने यहां से से जवाहर जयसवाल को मैदान में उतार दिया। जवाहर जयसवाल ने इस सीट को सपा की झोली में डाल दिया था पर जब 2004 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने सपा के बजाय बसपा को तरजीह दी। पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कैलाश नाथ यादव पुनः सांसद बनने में कामयाब हो गए थे। पहली बार वे जनता दल के टिकट पर 1989 में चुने गए थे।

2009 के चुनाव में सपा के रामकिशुन यादव यहां से जीते लेकिन 2014 की मोदी लहर में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भगवा यहां से लहराया और फिर दोबारा वे 2019 में भी जीते। इस बार वे हैट्रिक लगाकर अपनी ही पार्टी के सांसद रहे आनंद रत्न मौर्य के रिकार्ड की बराबरी कराना चाहते हैं। वे इसमें कितना सफल होते हैं ये तो वक्त ही बताएगा।

सिर्फ 13,959 वोट से जीते थे महेंद्रनाथ पांडेय

- 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को सपा उम्मीदवार संजय सिंह चौहान से कड़ी टक्कर मिली थी। बसपा से गठबंधन कर चुनावी समर में उतरी सपा से डॉ. पांडेय मात्र 13,959 वोटों के अंतर से ही जीत पाए थे। जबकि 2014 के चुनाव में जब सपा और बसपा अकेले मैदान में उतरीं थीं तो उन्होंने बसपा के अनिल कुमार मौर्य को 1,56,756 मतों के अंतर से हराया था

चार विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चार मुगलसराय, सैयदराजा, अजगरा और शिवपुर सीट पर भाजपा के विधायक हैं जबकि सकलडीहा सीट पर सपा काबिज है। विधानसभा चुनावों और दो बार के लोकसभा चुनाव परिणाम को देखते हुए तो भाजपा का पलड़ा भारी लगता है लेकिन सपा और उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस की कोशिश है कि इस बार हर हाल में भाजपा से आगे निकला जाए। बसपा को लगता है कि सपा- भाजपा की लड़ाई में जीत उसकी होगी।

दो बार विधायक रहे हैं वीरेंद्र सिंह

- सपा उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। इसके बाद उन्होंने 2003 में इसी सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की। बसपा छोड़ने के बाद वे कांग्रेस में गए। कांग्रेस से पुन: बसपा में गए और वहां से सपा में आ गए। इस पर पार्टी ने उन्हें टिकट दे दिया।



जीत की हुंकार एटा में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पदाधिकारियों ने घंटा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला।

यादव कुनबे की तीन सीटों पर परीक्षा, दो हारी थीं पिछली बार

तीसरे चरण का मतदान

चुनाव डेस्क। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इस चरण में यूपी की दस सीटों संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में वोट पड़ेंगे। इनमें से समाजवादी पार्टी के लिए तीन लोकसभा सीटें मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद बेहद खास हैं। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव के परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले दो चुनावों से हार का सामना करना पड़ रहा है। इस बार यहां से पार्टी ने शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। वह पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरे हैं।

बदायूं लोकसभा, फिरोजाबाद लोकसभा और मैनपुरी लोकसभा सीट की। इन तीनों सीटों पर मुलायम सिंह यादव परिवार के सदस्य चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी को पिछले चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार यहां से सपा ने शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। यह आदित्य यादव का पहला लोकसभा चुनाव है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर भी सपा को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा के बाहरी मुद्दे से जौनपुर में रोचक लड़ाई

चुनाव डेस्क। जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने के आसार हैं। पिछले चुनाव में बसपा ने सपा से गठजोड़ के बाद इस सीट को जीता था। इस बार पार्टी ने अपने सांसद का टिकट काटकर पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। पहले धनंजय को ही टिकट मिलना था लेकिन अदालत से सजा मिलने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर रोक लग गई। धनंजय जेल में थे तो श्रीकला को चुनाव प्रबंधन में दिक्कत आ रही थी लेकिन जमानत पर उनकी रिहाई के बाद अब यहां के समीकरण बदले हैं। माना जा रहा है कि अब बसपा मुकाबले को आसानी से त्रिकोणीय बना ले जाएगी। पार्टी यहां स्थानीय बनाम बाहरी पर आकर टिकट गई है। भाजपा ने जौनपुर निवासी कृपा शंकर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वर्षों से वे मुंबई में ही राजनीति कर रहे थे। इसी तरह सपा से पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को उतारा है। वे भी जौनपुर के निवासी नहीं हैं। ऐसे में बसपा इसे भुनाने में लगी हुई है। धनंजय के आने से बसपा का प्रचार भी तेज हो गया है।

यूपी-बिहार छोड़ो, तमिलनाडु की परीक्षा में भी सेंधमारी

नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देहरादून में हुई गिरफ्तारी, दोनों आरोपी बिहार के, मेरठ एसटीएफ ने पूछताछ कर कार्रवाई शुरू की

अमृत विचार : यूपी, एमपी और बिहार की परीक्षाओं में शिक्षा माफियाओं की दखलंदाजी के बाद अब तमिलनाडु की परीक्षाओं में भी एक नये गैंग की सक्रियता सामने आई है। इस बार जो अभियुक्त पकड़े गए हैं, वह प्रतिष्ठित संस्थान वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी प्राइवेट यूनिवर्सटी इन वेल्लूर, तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा-2024 में प्रश्नपत्र हल कराने में सक्रिय थे। आरोपियों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्नपत्र हल कराकर मोटी रकम वसूल ली।

उप्र. एसटीएफ की मेरठ इकाई ने सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून से राहुल कुमार निवासी अघोरिया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार एवं जितेश कुमार निवासी रूनी शैदपुर सीतामढ़ी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार एडमिट कार्ड एवं चार अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा के डिसप्ले की छाया प्रति बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा धांधली को लेकर सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त जितेश ने रायपुर देहरादून में ईडीयू च्वाइस कंसलटेंसी का कार्यालय खोला था। वहीं जितेश कुमार की मुलाकात दूसरे अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने कार्यालय में पार्टनर बना लिया। दोनों के द्वारा सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी कराया गया। एडमिशन के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर निवासी हरियाणा, देहरादून स्थित आईटी पार्क के निकट सेंट जेवियरर्स स्कूल कनाल रोड धोरन्फ्ड के नाम से ऑनलाइन परीक्षा की लैब है, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से संपर्क कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने को कहा। इस दौरान कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई, जिसकी जान पहचान अन्य लैब में भी थी, जिसके जरिये ये लोग अन्य लैब में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे। आरोपियों ने बताया कि पेपर हल करवाने के एवज में वे अभ्यर्थियो से एक से डेढ लाख रुपये तक की रकम लेते हैं जिसे बाद में वे आपस में बांट लेते हैं।

नहीं हो पाई बस में मिले 95 बच्चों की सुपुर्दगी

अयोध्या, अमृत विचार : मानव तस्करी की आशंका में अरुणाचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों के मामले में रविवार को भी बच्चों की सुपुर्दगी उनके अभिभावकों को नहीं हो पाई। जनपद पहुंचे बच्चों के अभिभावक रविवार को कागजात तैयार कराने के बाद इधर-उधर चक्कर काटते रहे। अभिभावकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए सीडब्लूसी के अध्यक्ष की सुनवाई का इंतजार है। शुक्रवार को दिल्ली के एक एनजीओ की ओर से मानव तस्करी की शिकायत पर राज्य बाल आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के पत्र पर बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व पुलिस की संयुक्त टीम ने अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत बस से बिहार के अररिया जिले से सहारनपुर जा रहे 97 बच्चों को पकड़ा था। पुलिस ने बस पर सवार यात्रियों और उनके दो बच्चों को जाने दिया था। बाल कल्याण समिति ने 95 बच्चों को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेजवाया था। रविवार को छुट्टी होने के चलते अभिभावक कागजात सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके।

गृह मंत्री का एडिटेड वीडियो वायरल, एफआईआर दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक एडिटेड वीडियो वायरल होने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसको लेकर दिल्ली पुलिस को शिकायतें मिली थीं। इसमें एक शिकायत बीजेपी की ओर से की गई थी, जबकि दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय की तरफ से की गई।

शिकायत पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साइबर विंग आईएफएसओ यूनिट ने एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि अमित शाह के एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। एडिटेड वीडियो में गृहमंत्री को एससी/एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। इस एडिटेड वीडियो को लेकर बीजेपी ने देशभर में एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है। उधर, बीजेपी सूत्रों ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने की बात नहीं की है और यह वीडियो फर्जी है।

ई- रिक्शा की बैटरी में धमाका, युवक की मौत

नोएडा,एजेंसी : गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के अट्टा गांव में एक ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय फटने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डी.पी. शुक्ल ने बताया कि अट्टा गांव में रहने वाले मंजूर अंसारी (22) तथा उनके पिता फारूक अंसारी अपने ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे, तभी बैटरी में धमाका हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस गए और दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने मंजूर को मृत घोषित कर दिया। शुक्ल ने बताया कि फारुख की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे उपचार के लिए दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती करवाया गया है।

सार-संक्षेप

रामलला के समक्ष पांच मिनट हाथ जोड़े खड़ी रहीं स्मृति

अयोध्या, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर नामांकन करने से पहले भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। उन्होंने रामलला की वंदना की और विजयीभव : का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद हनुमानगढ़ी पर पूजा अर्चना कर मणि रामदास छावनी पहुंचीं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास सहित प्रमुख संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। स्मृति ईरानी अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से सीधे रामलला के दरबार में पहुंचीं। शीश झुकाया और पांच मिनट तक हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष खड़ी रहीं। अपनी भावनाओं को मीडिया से साझा करते हुए कहा कि मैंने श्रीरामलला के चरणों में राष्ट्र की प्रगति, देश के प्रधान सेवक के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है। केंद्रीय मंत्री के साथ अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

आईआईटी ने शुरू किया साइबर सिक्योरिटी कोर्स

कानपुर, अमृत विचार : आईआईटी कानपुर ने साइबर सिक्योरिटी में ई-मास्टर्स डिग्री की शुरुआत की है। इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। जुलाई से इसकी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इस मास्टर्स कोर्स की कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर संचालित होंगी। पेशेवरों के लिए शुरू किए गए इस प्रोग्राम में गेट स्कोर की जरूरत नहीं होगी। यह प्रोग्राम साइबर सुरक्षा से जुड़े पेशेवरों के लिए बनाया गया है। संस्थान का मानना है कि साइबर सुरक्षा को लेकर पेशेवरों की मांग में इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रोग्राम के बारे में पेशेवरों और साइबर सुरक्षा के प्रति उत्साही लोगों को एप्लिकेशन सुरक्षा, वेब सुरक्षा, नेटवर्क सुरक्षा, मोबाइल सुरक्षा, हार्डवेयर सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी, आईओटी सुरक्षा, , मशीन लर्निंग आधारित सुरक्षा टूल की पढ़ाई कराई जाएगी। कंप्यूटर विज्ञान में प्रासंगिक विषय जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग और साइबर सुरक्षा से संबंधित गणित सहित साइबर सुरक्षा में नवीनतम अवधारणाओं से परिचित कराया जाएगा। कामकाजी पेशेवरों के व्यस्त कार्यक्रम के अनुरूप इसकी पढ़ाई कराई जाएगी। ईमास्टर्स इन साइबर सिक्योरिटी व कार्यक्रम समन्वयक प्रो संदीप के. शुक्ला ने बताया कि इस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग बढ़ी है। साइबर सुरक्षा में ई-मास्टर डिग्री पेशेवरों को साइबर हमलों के बढ़ते खतरों से निपटने और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए जरूरी कौशल और ज्ञान से लैस करेगी।

14 सीटों पर चुनाव को 29 से शुरू होंगे नामांकन

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भी नामांकन होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटों के लिए चुनाव होंगे। इस चरण की कुल लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी व भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच नामांकन किये जा सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जायेगी। नौ मई को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केन्द्र व 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं।

पत्नी ने देवर के साथ मिलकर पति को चाकू से मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वारदात को अंजाम देने के बाद पत्नी और देवर फरार

अमृत विचार : कमिश्नरेट के बिधनू थानाक्षेत्र में खेरसा गांव में अवैध संबंधों में बाधक बने पति की पत्नी ने देवर के साथ मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने रस्सी से हाथ-पैर बांधकर शव को तालाब में फेंक दिया। रविवार सुबह तालाब से शव मिलने के बाद पत्नी और देवर फरार हो गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव बाहर निकालकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस को मृतक के घर के दरवाजे पर ताला लगा मिला। दरवाजे के बाहर खून से सनी रुई के टुकड़े, बड़ा चाकू, सिंदूर की छोटी खाली डिब्बी और बरामदे की टांड़ में बिजली का तार मिला।

घर से तालाब तक शव को घसीटने के निशान बने हुए थे। आशंका है कि घर में चाकू से हमला करके उसे मारा गया। खेरसा गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश अवस्थी उर्फ बाबा पत्नी संतो उर्फ राखी और छोटे भाई मनोज अवस्थी के साथ गांव में एक ही मकान में रहता था। करीब दो वर्ष पहले दिनेश लखीमपुर से राखी उर्फ संतो नाम की युवती से प्रेम विवाह कर खेरसा ले आया था। रविवार सुबह घर से सटे तालाब में दिनेश का शव उतराता मिला। पुलिस जांच में देवर मनोज और भाभी संतो के बीच अवैध संबंधों की बात सामने आई है। शव मिलने के बाद पत्नी राखी और भाई मनोज घर से फरार हो गए। इस संबंध में बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि युवक की हत्या करने के बाद से पत्नी और भाई फरार हैं। दिनेश का सबसे छोटा भाई मयानंद लखीमपुर के कुडरीरूपसेना मूलगांव में रहता है। उससे संपर्क कर बुलाया गया है।

डंपर की टक्कर से पलटी कार, बाल-बाल बचा परिवार

कानपुर, अमृत विचार : यशोदा नगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार पलट गई। हादसे में कार सवार बैंक मैनेजर का परिवार बाल-बाल बच गया लेकिन घटना के कुछ समय बाद बैंक मैनेजर की मां की घर में मौत हो गई। सदमे से उनकी मौत की चर्चा रही। लखनऊ, जानकीपुरम-वन निवासी अजय श्रीवास्तव यूको बैंक में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर वह अपनी कार से पत्नी रंजना, बेटे हर्षित और बेटी शैलवी के साथ नौबस्ता निवासी साढू राहुल के घर जा रहे थे। यशोदा नगर फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार पलट गई। हादसे में सभी मामूली रूप से चुटहिल हुए। डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। नौबस्ता पुलिस ने मैनेजर के परिवार को सकुशल बाहर निकाला और डंपर जब्त कर लिया।

शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति, तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो शिक्षकों ने ज्वाइन भी कर लिया, अब हुआ खुलासा

अमृत विचार : फर्जी ई-मेल के जरिये शिक्षा विभाग में हुई फर्जी नियुक्ति मामले में 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से दी गई तहरीर में उन सभी 9 नामों को शामिल किया गया है, जिनके नाम फर्जी ई-मेल में नियुक्ति के लिए पैनल के तहत दिए गए थे। मामले की जांच शिक्षा विभाग की ओर से भी की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति का मामला रविवार को भी गर्माया रहा। छुट्टी होने के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय आकर अभिलेखों की जांच करते रहे। शिक्षा विभाग की ओर से अभिलेखों की जांच में ई-मेल आईडी, पैनल में शामिल आरोपी शिक्षकों की ओर से जमा किए गए दस्तावेज, दोनो ही स्कूलों की ओर से अब तक भेजे गए दस्तावेज सहित अन्य दस्तावेज को शामिल किया गया है। जांच के बाद देर शाम को विभाग की ओर से 9 आरोपियों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दर्ज की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच बारीकी से की जा रही है। दी गई तहरीर में अरविंद सिंह यादव, स्वाती द्विवेदी, आशीष कुमार, नितिन कुमार, ज्योति यादव, विनय सिंह, विनीता देवी, रिक्षा पाण्डेय व विनीत चौधरी के नाम शामिल हैं।

फर्जी ई-मेल के जरिये भेजे गए 9 शिक्षकों के पैनल में 2 शिक्षक ऐसे रहे जिन्होंने स्कूल ज्वाइन कर लिया था। इनमें आरोपी विनीता देवी ने 12 दिसंबर को मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में तो रिक्षा पाण्डेय ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज में कार्यभार भी ग्रहण कर लिया था। इन शिक्षकों को वेतन भी जारी होता रहा। शिक्षा विभाग की जांच में 5 विभागीय कर्मचारियों पर भी शक की सुई घूम रही है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि इसमें विभागीय कर्मचारियों की भी मिली भगत संभव हो सकती है।

यह है पूरा मामला

माध्यमिक शिक्षा विभाग में अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की ओर से एक ई-मेल में शिक्षकों की नियुक्ति का पैनल भेजा गया था। इस पैनल में नौ शिक्षकों के नाम दिए गए थे। नौ में से दो शिक्षकों ने नौकरी भी शुरू कर दी थी। उनके वेतन का भुगतान भी होने लगा था।

वर्ग पहेली-54

बाएं से दाएं

1. प्राकृतिक रूप में भूगर्भ से प्राप्त होने वाला तेल; (पेट्रोलियम)।
3. पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाने का फंदा; पाशक।
7. समुद्र में ज्वार के बाद लहरों की वह स्थिति जब वे उतार पर होती हैं।
8. स्वर्ग में निवास करने वाला।
9. 1. तड़क-भड़क 2. वैभव; सुख-समृद्धि 3. ऐश्वर्य का प्रदर्शन; आडंबर।

ऊपर से नीचे

2. दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से हड़पने वाला।
4. 1. कसने
5. अपनी सहायता से किसी को लेटने की स्थिति में लाना।
6. दे. हंबा।



वर्ग पहेली -53 का हल

	1 झि			2 फि		
	3 मि	क	दा	र		4 जु
5 फ़ि	ट			6 क	पू	त
	7 ना	8 ग	फ	नी		वा
9 बा		वे				ना
ति		ष			10 फाँ	
नी		11 क	च	वाँ	सी	

20 माह में जन्मभूमि परिसर की सूरत बदलेगी

अयोध्या कार्यालय

- राम मंदिर ट्रस्ट का दावा, छह मंदिर और टनल का चल रहा है निर्माण

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी निर्माणाधीन राम मंदिर और परिसर की योजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का दावा है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर के प्रथम स्थल और द्वितीय तल का निर्माण पूरा हो जाएगा। अगले 20 माह में राम जन्मभूमि परिसर की सूरत बदल जाएगी।

राम मंदिर के प्रथम तल और द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में परकोटे का भी निर्माण चल रहा है, जिसमें छह मंदिर और भीड़ नियंत्रण के लिए टनल का निर्माण किया जा रहा है। इन सभी का निर्माण राजस्थान के पत्थरों से किया जा रहा है। इसके अलावा जन्मभूमि परिसर में आठ अन्य मंदिर का निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें शेषावतार, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी का मंदिर प्रस्तावित है। इन मंदिरों को भी राजस्थान के पत्थरों से ही तैयार किया जाएगा और यात्री सुविधा केंद्र, प्रशासनिक भवन, यज्ञशाला का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही जन्मभूमि परिसर में नवग्रह और पुष्प वाटिका भी बनाया गया है।

श्री राम जन्मभूमि के क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के मुताबिक राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर, परकोटा, सात अन्य मंदिर और एक नया शेषावतार मंदिर को जोड़ा गया है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए अन्य व्यवस्थाएं हैं। अगले 20 माह में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। दावा करते हुए कहा कि यहां पर जितने भी मंदिरों का निर्माण हो रहा है वह सभी पत्थरों के हैं।

बच्चा भूख से रोया तो रेलवे ने संडीला में रोकी ट्रेन

संवाददाता, हरदोई

- वाराणसी से हरिद्वार 13009 दून एक्सप्रेस में माता-पिता के साथ यात्रा कर रहा था बच्चा

अमृत विचार : भारतीय रेल सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों का लगातार संज्ञान लेकर उनका समाधान करता रहता है। इसी कड़ी में रविवार को रेलवे ने दून एक्सप्रेस में परिजनों के साथ सफर कर रहे बच्चे को भूख लगने पर उसके दूध के लिए गर्म पानी उपलब्ध कराया।

हरदोई स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि एक परिवार अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ वाराणसी से हरिद्वार के बीच दून एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था। ट्रेन के लखनऊ निकलने के बाद बच्चे को भूख लगी, परिजनों के पास दूध पाउडर तो था लेकिन दूध बनाने के लिए गर्म पानी नहीं था। इस पर यात्री ने सोशल मीडिया पर रेल प्रशासन से गर्म पानी की मांग की। यात्री की मांग पर रेलवे बोर्ड तुरंत हरकत में आया और मुरादाबाद मंडल को इस बाबत निर्देशित दिया। रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों का मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद में संज्ञान लेते हुए सीएमआई मनीष बाजपेई को तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमआई मनीष बाजपेई ने तत्परता दिखाई और रेल नीर की बोतल को खुलवाकर पानी गर्म कराया और संडीला रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस के पहुंचते ही बच्चे के परिजनों को गर्म पानी उपलब्ध कराया। इसके बाद दंपति ने दूध बनाकर बच्चे को पिलाया।

सुडोकू-133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7			9			6
6			5					
2					4			
	1			4	8			
9			3		8			8
			9	5				
			4		7			
	4				1			
7	2					3		

सुडोकू -132 का हल

3	2	5	1	9	7	6	4	8
4	7	8	2	5	6	9	1	3
9	1	6	3	8	4	5	2	7
7	6	3	9	1	5	4	8	2
2	5	4	7	6	8	3	9	1
8	9	1	4	2	3	7	5	6
1	4	9	6	3	2	8	7	5
6	8	2	5	7	9	1	3	4
5	3	7	8	4	1	2	6	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07.57 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 30 अप्रैल 04.42 तक तत्पश्चात उत्तरषाढ़ा।

मेष — आज नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। काम को लेकर शंका रहेगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे। किसी रिश्तेदार के द्वारा भी आपकी सहायता की जाएगी।

वृष — आज मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने का विचार मन में आएगा। किसी अपने के द्वारा आपको खुशी मिलेगी।

मिथुन — आज परीक्षा को लेकर चिंता रह सकती है और ज्यादातर समय पढ़ाई में ही व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों का साथ मिलेगा और उनके द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

कर्क — आज यदि आप सिंगल हैं तो किसी के साथ सकारात्मक बातचीत शुरू होगी। ऐसे में शुरू में ही उत्तेजित होने से बचें अन्यथा बात बिगड़ सकती है। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। अपनी कार्य क्षमता का कुशल उपयोग करेंगे। आपकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा।

सिंह — आज शारीरिक रूप से एकदम स्वस्थ रहेंगे और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पुरानी बीमारी से आराम मिलेगा लेकिन घरवालों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। मन में नये काम को लेकर उत्साह रहेगा।

कन्या — आज यदि किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो उनके साथ कुछ बातों को लेकर अनबन होगी लेकिन यदि आपने धैर्य से काम लिया और उन्हें समझने का प्रयास किया तो स्थिति संभल जाएगी। प्रेम संबंधों का आनन्द उठायेंगे। धार्मिक स्थलों पर जाने का अवसर बनेगा।

तुला — आज दिन शुभ तो रहेगा लेकिन किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा लेकिन उनकी भी आपसे किसी बात को लेकर अपेक्षा रहेगी। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक — आज मानसिक रूप से कोई समस्या रह सकती है। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे। उल्टी होने की समस्या हो सकती है। नव-दम्पति को सन्तान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं।

धनु — आज विवाह को कुछ समय हो गया है तो आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है। आप दोनों के बीच कुछ ऐसा होगा जो मीठी याद बनकर रह जाएगा। साझेदारी में किये जा रहे व्यापार से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

मकर — आज राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं तो आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहें क्योंकि वे आपकी गलतियों को पकड़ कर उन्हें बड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षायें बढ़ सकती हैं।

कुंभ — आज निजी नौकरी करते हैं और किसी प्रोजेक्ट पर कुछ महीनों से काम कर रहे थे तो आज के दिन उसमे असफलता हाथ लग सकती है। बॉस भी आपको लेकर आशंकित रहेंगे और काम से खुश नहीं होंगे।

मीन — आज विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे हैं तो किसी का रिश्ता तो आएगा लेकिन किसी कारणवश बात आगे नही बढ़ पाएगी। ऐसे में उदास होने की बजाए सकारात्मक रवैया अपनाएंगे तो बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम — सुबह : 11.16
- खेल — रात : 08.45

SONY PIX
- द मास्क — सुबह : 10.56
- 2012 — शाम : 06.19

SONY SMAX
- स्टाइल — सुबह : 08.00
- शेफ — शाम : 06.00

ZEE CINEMA
- सिर्फ तुम — सुबह : 10.50
- कमांडो — रात : 08.30

colors CINEPLEX
- अचानक — सुबह : 07.49
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम :06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं...

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

एक नजर

खूंखार गौंडर ग्रुप का सदस्य गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित अपराध पर कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गौंडर ग्रुप के खूंखार गैंगस्टर को हथियारों और हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गैंगस्टर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले लंबित थे और वह हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अन्य जैसे संगठित अपराध में शामिल था। उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विक्की गौंडर गिरोह से जुड़ा एक गैंगस्टर शहर में सक्रिय है और जालंधर और अन्य शहरों में अवैध हथियारों की आपूर्ति सहित कई अपराधों में शामिल है। उन्होने कहा कि मुखबिर द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, स्पेशल सेल टीम ने सुरिंदर कुमार पुत्र सोम नाथ निवासी जालंधर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया।

मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

इंफाल। चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह मतदान केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। यहां शुक्रवार को मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को हथियारबंद लोगों द्वारा धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी। गत 26 अप्रैल को मतदान के दौरान धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम नष्ट करने की खबरें भी सामने आयी थीं।

नाकाबंदी में वाहन की जांच कराने से मना करने पर भाजपा का निलंबित नेता गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भाजपा से निलंबित नेता उस्मान गनी को पुलिस नाकाबंदी के दौरान अपने वाहन की जांच कराने से इनकार करने पर एतियातन गिरफ्तार किया है। राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया था। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि गनी को मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाने के बाहर नाकाबंदी के दौरान वाहन की जांच के लिए रोका गया था।

नवी मुंबई में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी और पीड़िता उलवे इलाके में एक ही इमारत के रहते हैं। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शनिवार की शाम जब पीड़िता आरोपी के घर खेलने के लिए गई थी तब उसने कथित तौर पर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले भी बच्ची का यौन उत्पीड़न कर चुका है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को बच्ची ने इस संबंध में परिजनों को बताया। उन्होंने बताया कि माता-पिता की शिकायत के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सड़क दुर्घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज में रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी, तभी एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार पुलिस के दो कांस्टेबल अशोक कुमार उरांव (पूर्णिया निवासी) और पवन महतो (बेतिया निवासी) के रूप में की गई है।

शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया पर नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कानून और व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर भी किए प्रहार

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों के किए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इसे होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस

● पीएम ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे

को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। जनसभा में मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया... शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी शख्सियतों का अपमान किया है जिनकी देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। शहजादे मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। औरंगजेब ने कई मंदिरों को अपवित्र किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे।

जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे

सिरसी (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उत्तर कन्नड जिले के इस तालुका मुख्यालय शहर की जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके दरबारियों ने 70 वर्षों तक कोशिश की है कि राम मंदिर नहीं बनाया जाना चाहिए।

अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल गांधी

कटक, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।

गांधी ने कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि भले ही बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को

● कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में बीजद और भाजपा पर साझेदारी का लगाया आरोप

पीएएएनएन दिया है, अर्थात् पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ का था। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि तेलंगाना में बीआरएस भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

धनशोधन मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस पर सुनवाई कर सकती है।

केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इउनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर हमला है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दायर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब आचार संहिता लागू थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आप और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन बाद ईडी ने मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया।

● केंद्र सरकार ने आप नेताओं को कुचलने के लिए ईडी और उसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया

आप के चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगाया: आतिशी

नई दिल्ली। आप ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के चुनाव प्रचार गीत जेल के जवाब में हम वोट देंगे पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। आप नेता आतिशी ने कहा कि यह संभवत: पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है।

सुनीता को जेल में केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं मिली

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुनीता को अपने पति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से 29 अप्रैल को मिलने की अनुमति नहीं दी। आप सूत्रों ने बताया कि सुनीता सोमवार को केजरीवाल से मिलने वाली थीं लेकिन तिहाड़ प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इसकी कोई वजह नहीं बताई।

भाजपा के कार्यक्रमों के बहिष्कार का सर्वखाप ने लिया निर्णय

भिवानी। हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वखाप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंगलवार को होने वाली रैली समेत भाजपा व जजपा के नेताओं के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सर्वखाप के मुताबिक रविवार को हुई बैठक में कहा गया कि चुनाव के दौरान नेताओं के चक्कर में आपसी भाईचारा खराब नहीं होने देंगे। दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में सर्वखाप की बैठक हुई, जिसमें सांगवान, श्योराण, फोगाट सहित आधा दर्जन खापों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांसद प्रज्वल की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

रेवन्ना हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की एसपी सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में प्रसार किया गया है।

प्रियंका को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नकली गांधी बताया

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी हैं और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान की रैली में कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमाई और मूल्यवान चीजों को घुसपैठियों और उन लोगों को देने की है, जिनकी अधिक संतान हैं। यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र कुर्बान किया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नहीं पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही ससुराल का सरनेम लगा देते हैं लेकिन ये वोट के भूखे लोग अपना सरनेम भूल कर गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

धार्मिक पोस्टर पर तस्वीर को लेकर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस

कोरबा/रायगढ़। निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर और बैनर पर उनकी तस्वीर को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद कोरबा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे को नोटिस जारी कर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब मांगा। शिकायत अनुसार भाजपा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के चिरमिरी में धीरेंद्र गिरि शास्त्री के कार्यक्रम के लिए पांडे और राज्य के मंत्रियों की तस्वीरों वाले बैनर और पोस्टर लगाए थे।

कारोबार/कृषि

हिंदुजा की शाखा से समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहें : आरकैप

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल (आरकैप) के ऋणदाताओं ने समाधान योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताई है। उन्होंने हिंदुजा समूह की शाखा इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड से जरूरी नियामक मंजूरियां लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने और 27 मई की समाधान योजना की समयसीमा पर टिके रहने को कहा है। इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शुक्रवार को मुंबई में हुई बैठक में आरकैप के ऋणदाताओं ने कहा कि कंपनी को उक्त तिथि तक उन्हें 9,650 करोड़ का भुगतान करना है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मुंबई ने 27 फरवरी को समाधान योजना को मंजूरी देते हुए आईआईएचएल को 90 दिनों में यानी 27 मई तक समाधान योजना को लागू करने का निर्देश दिया था।

हिमाद्री स्पेशलिटी पश्चिम बंगाल में 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

कोलकाता। कोलकाता की विशेष रसायन कंपनी हिमाद्री स्पेशियलिटी 220 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ पश्चिम बंगाल में एक विस्तार परियोजना में अपनी विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता का विस्तार करेगी। कंपनी के अधिकारी ने रविवार को कहा कि यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के बीच यूरोप से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार की परिकल्पना की गई है। हुगली जिले के सिंगूर में स्थित इस विस्तार का परिचालन अगले 18 महीनों में करने का लक्ष्य है। इसका वित्त पोषण आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि 70,000 टन प्रति वर्ष की यह अतिरिक्त क्षमता कंपनी की विशेष कार्बन ब्लैक क्षमता को 1.3 लाख टन प्रति वर्ष तक बढ़ाएगी, जिससे संचयी क्षमता मौजूदा 1.8 लाख टन से बढ़कर 2.5 लाख टन हो जाएगी। हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुराग चौधरी ने कहा कि हम विशिष्ट कार्बन ब्लैक की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद करते हैं, खासकर यूरोपीय संघ में रूसी कार्बन ब्लैक आयात पर आसन्न प्रतिबंध के साथ।

मौद्रिक नीति से ज्यादा प्रभावित हो सकता है शेयर बाजार

इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव, लक्ष्य और पथ दोनों कारकों से होता है प्रभावित

मुंबई, एजेंसी

भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति घोषणा के दिन नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में शेयर बाजार मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे। आरबीआई के अधिकारियों के शोध पत्र के अनुसार मौद्रिक नीति के साथ ही घोषित किए जाने वाले विनियामक और विकास उपाय भी शेयर बाजारों को प्रभावित करते हैं। शोध पत्र में कहा गया कि भविष्य में इक्विटी बाजार नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे।

इसमें कहा गया कि नीतिगत घोषणा के दिन इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव ''लक्ष्य

और पथ' दोनों कारकों से प्रभावित होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार नीतिगत घोषणाओं को पचा लेते हैं और व्यापारी पूरे दिन अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते हैं। 'इक्विटी बाजार और मौद्रिक नीति के आश्चर्य' शीर्षक वाले इस शोध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के मयंक गुप्ता, अमित पवार, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोरड और सुब्रत कुमार सीट ने तैयार किया गया है।

अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

नई दिल्ली। कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे।

भारतीय युवाओं में बेरोजगारी अस्थायी है: एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। गोयल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर जवाब दे रही थीं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि युवा आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है, इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां बहुत अच्छा करते हैं। हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में कमी आई है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है, न कि स्थायी सरकारी नौकरियां देकर, जो सुरक्षा प्रदान करती हैं और साथ ही ठहराव भी।

अधिकांश खाद्य तेलों में आई तेजी, दालें महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293

रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया।

● पहले के आदेश को किया संशोधित ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा

शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा कि सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो। सेबी ने जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि, 3 फर्मों ने सेबी को मसौदा पत्र भेजा

नई दिल्ली। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों एएमसी व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको ने मार्च-अप्रैल के दौरान इस थीम पर मसौदा पत्र सेबी को भेजा हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं।

इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत : नरेन्द्रन

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है।

नरेन्द्रन ने कहा कि यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। मांग पर एक

● भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंचा

अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा।

अडाणी कॉनेक्स आठ वैश्विक बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर

नई दिल्ली। अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम के लिए अडाणी कॉनेक्स ने 1.44 अरब डॉलर जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने बताया कि उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड तीन साल में नए डेटा सेंटर कारोबार पर 1.5 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। एजकॉनेक्स के साथ इसका संयुक्त उद्यम बढ़ती डिजिटल सेवाओं की मांग के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2030 तक एक गीगावाट की कुल क्षमता वाले नौ डेटा सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

दोपहर 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	09	447
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	09	14
हर्षल पटेल (पंजाब)	09	14
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13

मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गए ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।

केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाए। केकेआर के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

सैमसन में विश्व कप के लिए मजबूत किया दावा : स्मिथ

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

स्मिथ ने कहा कि राहुल और सैमसन साझेदारी बनाने की जरूरत थी। राहुल ने इसे दीपक हुडा के साथ किया और संजू ने इसे ध्रुव जुरेल के साथ खूबसूरती से निभाया। दोनों में अंतर यह था कि संजू ने मैच को सफलतापूर्वक खत्म किया जबकि राहुल अहम मौके पर आउट हो गए।

तीरंदाज दीपिका को रिकर्व स्पर्धा में मिला रजत

शंघाई। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारत की दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

खेल डायरी

भारतीय महिला टीम थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में

चेंगदू। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चीन के चेंगदू में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

कर्स्टन और गिलेस्पी बने पाकिस्तानी टीम के कोच

लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का मुख्य कोच नियुक्त किया है। इसके अलावा न्यूजीलैंड सीरीज के अस्थायी तौर पर नियुक्त किए अजहर महमूद सहायक कोच के रूप में सेवाओं को जारी रखेंगे। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने घोषणा करते हुए कहा हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फिटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनके रिकॉर्ड शानदार रहा है।

बैच ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंचे सेंथिल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्किथानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

सरकार ने गुकेश को दिया 75 लाख का नकद पुरस्कार

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रूपये दिये थे।

इस आईपीएल में बल्लेबाजों ने प्रगति की : क्लूसनर

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच लांस क्लूसनर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीमों के लगातार बड़े स्कोर बनाने के लिए बल्लेबाजों की तेजी से हुई प्रगति को श्रेय दिया जो मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। इस आईपीएल में टीमें 200 और 250 रन का स्कोर आसानी से बना ले रही हैं और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आल राउंडर का मानना है कि गेंदबाजों का अंतिम ओवरों में साधारण प्रदर्शन भी बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में मदद कर रहा है। क्लूसनर ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में गेंदबाजी प्रदर्शन को देखो तो मुझे लगता है कि यह बहुत निराशाजनक रहा है। टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी नहीं हुई। काफी साधारण गेंदबाजी हुई है और इन दिनों बल्लेबाज इतना अच्छा कर रहे हैं, वे मिले मौकों का पूरा फायदा उठा रहे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाइटंस को नौ विकेट से हराया, विल जैक्स ने जड़ा तेज तर्रार नाबाद शतक, कोहली ने खेली 74 रनों की पारी

जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात



अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 49 गेंद में बनाए नाबाद 84 रन

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।

इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाए।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

गुजरात 200/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा का कर्ण बो स्वप्निल	5	4	1/0
शुभमन गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल	16	19	1/0
साई सुदर्शन नाबाद	84	49	8/4
शाहरुख खान बो सिराज	58	30	3/5
डेविड मिलर नाबाद	26	19	2/1

गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0

बेंगलुरु 206/1 — 16 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	70	44	6/3
डुप्लेसी का स्थानापन्न (शंकर) बो साई	24	12	1/3
विल जैक्स नाबाद	100	41	5/10

गेंदबाजी : वि उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	9	8	1	16	+0.694
कोलकाता	8	5	3	10	+0.972
चेन्नई	9	5	4	10	+0.810
हैदराबाद	9	5	4	10	+0.075
लखनऊ	9	5	4	10	+0.059
दिल्ली	10	5	5	10	-0.276
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	9	3	6	6	-0.261
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

भारतीय महिला टीम ने 45 रनों से बंगलादेश को हराया

सिलहट, एजेंसी

पहला टी-20 मुकाबला

यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

धर्मशाला मैच की टिकट को लेकर अनिश्चितता

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्रिकेट मैच को देखने के लिए दर्शकों को टिकट नहीं मिल पा रहे।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में होने जा रहे आईपीएल के दो मैचों को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ लोग निराश भी हो रहे। गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम मे पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाना है। सस्ते वाले टिकट को 500 रुपये महंगा कर दिया गया है। स्टैंडों के दाम, वेस्ट स्टैंड-3 में 2,000, ईस्ट स्टैंड-1 2,000, वेस्ट स्टैंड-2 2,500, पवेलियन टैरेस 12,500 रुपये तथा क्लब लॉज के टिकट 20,000 रुपये में मिल रहे हैं।

ऋतुराज और तुषार का चला जादू सनराइजर्स हैदराबाद 134 पर ढेर



चेन्नई 212/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रहाणे कैच शाहबाज बोल्ड भुवनेश्वर	9	12	1/0
ऋतुराज कैच नितीश बोल्ड नटराजन	98	54	10/3
डैरिल मिचेल कैच नितीश बोल्ड उनादकट	52	32	7/1
शिवम दुबे नाबाद	39	20	1/4
एमएस धोनी नाबाद	5	2	1/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-38-1, नितीश 1-0-8-0, शाहबाज अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0

हैदराबाद 134/10 — 18.5 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का मिचेल बो देशपांडे	13	7	1/1
अभिषेक शर्मा का मिचेल बो देशपांडे	15	9	1/1
अनमोलप्रीत सिंह का अली बो देशपांडे	0	1	0/0
एडेन मार्क्रम बो पथिराना	32	26	4/0
नीतिश कुमार रेड्डी का धोनी बो जडेजा	15	15	0/0
हेनरिच क्लासेन का मिचेल बो पथिराना	20	21	0/1
अब्दुल समद का रिजवी बो ठाकुर	19	18	1/1
शाहबाज अहमद का मिचेल बो रहमान	7	5	1/0
पैट कमिंस का मिचेल बो देशपांडे	5	7	1/0
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	4	3	0/0
जयदेव उनादकट का अली बो रहमान	1	2	0/0

गेंदबाजी : चाहर 3-0-22-0, देशपांडे 3-0-27-4, रहमान 2.5-0-19-2, जडेजा 4-0-22-1, ठाकुर 4-0-27-1, पथिराना 2-0-17-2

चेन्नई, एजेंसी

- चेन्नई ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हराया
- तुषार देशपांडे ने चार और मुस्तफिजुर को मिले दो विकेट

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद तुषार देशपांडे सहित गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया है।

213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (13) को तुषार देशपांडे आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तुषार ने अनमोलप्रीत सिंह (शून्य), अभिषेक शर्मा (15) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि एडन मारक्रम और नीतिश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन नौवें ओवर में रवींद्र जडेजा ने रेड्डी (15) को आउट कर हैदराबाद की उम्मीदों झटका दिया। इसके बाद मथीशा पथिराना ने एडन मारक्रम (32) को भी पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन (20), अब्दुल समद (19), शाहबाज़ अहमद (7), पैट कमिंस(5) रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने चार विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान और मथीशा पथिराना ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदाराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई के लिए डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिए 107 रनों की साझेदारी की। मिचले ने 32 गेंदों में 52 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में नाबाद 39 रन और धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

मेस्सी के दो गोल से जीता मियामी

मैसाचुसेट्स (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई। मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची और दिग्गज लुईस सुआरेज ने किए।

कीनिया के मवानिकी और कसाइत टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल

बेंगलुरु। कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के हागोस आइओब (28:39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30:35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी लेकिन वह आखिरी क्षणों में अपनी गति गवां बैठी। उन्होंने 30:56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31:17) और लेमलेम हैलु (31:23) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर 26000 डॉलर (लगभग 21.38 लाख रुपये) की राशि मिली भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

उत्तर भारत में लू से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले कुछ दिन उत्तर भारत में लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली हैं। हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान में कुछ जगह ओले गिरे हैं। तूफानी गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। इन सबके चलते उत्तर भारत के राज्यों में लू की आशंका कम है।

ऐसे में दिन के तापमान में 4-5 डिग्री की कमी हो सकती है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका है। इस बीच, ओडिशा के भुवनेश्वर में रविवार को दिन का तापमान 44.6 डिग्री रहा। जम्मू-कश्मीर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। अगले कुछ दिन यह जारी रहेगी। वहीं पंजाब और हरियाणा के लिए ऑरेंज अलर्ट है। यहां धूलभरी तेज हवाएं चल रही हैं। मैदानी इलाकों में सोमवार को गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी भारत, पश्चिम बंगाल के गंगा के किनारे के इलाके और ओडिशा में कुछ दिन और हीटवेव की आशंका है। इन क्षेत्रों में तापमान 45-47 डिग्री से ऊपर पहुंच सकता है। बिहार, झारखंड जैसे पूर्वी राज्यों और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कोंकण जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में भी अगले 2-5 दिन तक हीटवेव की आशंका है। हिमाचल के 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश रविवार को भी जारी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, मई में प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ेंगी और जून के पहले पखवाड़े तक जारी रहेंगी।

गर्मियों में अतिरिक्त उड़ानों का शेड्यूल तैयार

गर्मी की छुट्टियों और आम चुनाव के चलते हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अप्रैल से जून के बीच 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा। उड़ानों के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने समर शेड्यूल बनया है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, चुनाव के साथ ही नए हवाई अड्डों से यात्रियों की डिमांड बढ़ी है। इसलिए 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का शेड्यूल तय किया गया है। 13 विमानन कंपनियां नियमित उड़ान के अलावा अतिरिक्त उड़ानें चलाएंगी। इनमें विस्तारा, स्पाइस जेट, इंडिगो की, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अन्य विमानन कंपनियों की उड़ानें हैं।

चीनी दमन से विश्व को अवगत कराना चाहती है तिब्बती लड़की

धर्मशाला। महज 15 साल की उम्र में स्वतंत्र तिब्बत की मांग को लेकर चीन में जेल जा चुकी एक तिब्बती लड़की ने कहा है कि वह 'चीनी दमन' से दुनिया को अवगत कराना चाहती है।

दलाई लामा के चित्रों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और तिब्बत को 'स्वतंत्र' करने की मांग के कारण तिब्बती लड़की नामकी और उसकी बहन को चीनी अधिकारियों ने तिब्बती काउंटी नगाबा में 21 अक्टूबर, 2015 को पकड़ लिया और उन्हें तीन साल के लिए जेल में बंद कर दिया। तब नामकी की उम्र महज 15 साल थी। नामकी ने बताया कि तिब्बत में 'चीनी दमन' के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के अपने 'दृढ़' संकल्प के साथ 10 दिनों की कठिन पैदल यात्रा के बाद नेपाल में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जून में वह भारत पहुंचीं है।

कार हादसे में मौत की वजह कहीं सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम तो नहीं... आइए जानें

सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम सुरक्षा के लिए एक आम फीचर बन गया है। ड्राइवर का दरवाजा लॉक करते हैं, तो यह सभी दरवाजों को लॉक कर देता है। कई हादसे आए-दिन होते हैं, जब कार का सेंट्रल लॉक न खुलने से जान पर बन आती है। ऐसे में आज जरूरत की खबर में कार में सेंट्रल लॉक न खुलने की सिचुएशन में जान बचाने के लिए क्या करना चाहिए। साथ ही जानेंगे कि कार से जुड़ी सेफ्टी टिप्स के बारे में।

कैसे काम करता है सिस्टम

प्रत्येक कार की चाबी में एक यूनिक कोड शामिल होता है जो वाहन के अलार्म सिस्टम से इंटरैक्ट करता है। जब कार को चाबी से लॉक किया जाता है तो इंजन इम्मोबिलाइजर एक्टिव हो जाता है। गाड़ी का सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम इंजन के इम्मोबिलाइजर को एक्टिव करके इसे स्टार्ट होने से रोकता है।

हादसे के समय क्या करें

सबसे पहले एक्सीडेंट होने पर आप आत्मविश्वास न खोएं। कार में आगे की सीट पर लगे हेडरेस्ट को आसानी से निकालें। हेडरेस्ट के मेटल वाले हिस्से को खिड़की के अंदर जाने वाली जगह पर फंसा कर कांच तोड़ सकते हैं। गहरी सांस लेकर हिम्मत रखना बहुत जरूरी है

क्यों फेल होता है यह सिस्टम

गाड़ी में टक्कर के बाद उसमें लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वायरिंग को भी क्षति पहुंचती है, जिस कारण यह सिस्टम काम करना बंद कर देता है, और दरवाजे न खुलने के कारण यात्री अंदर ही फंसे रह जाते हैं।

कार में सेंट्रल लॉक को लेकर बरतें ये सावधानी

- कार में सेंट्रल लॉक लगवाते समय बजर जरूर लगवाएं। ताकि अंदर हलचल होने पर बजने लगे और आप अलर्ट हो सकें।
- कार से उतरते समय उसे पूरी तरह अंदर चेक कर लें। कई बार बच्चे बंद कार के अंदर ही रह जाते हैं।
- कार से उतरने के बाद तुरंत ही लॉक कर दें ताकि अनदेखी में कोई अंदर घुसकर न बैठ सके।
- घर के अंदर कार पार्क करते समय विंडो ग्लास बहुत हल्का सा खुला रहने दें ताकि क्रॉस वेंटिलेशन बना रहे। इससे अंदर ऑक्सीजन भी जाती रहेगी और अंदर की आवाज भी बाहर आएगी।
- अगर कार में बच्चों के साथ सफर करके वापस आए हैं तो उतरने के बाद लॉक करने से पहले एक बार कार के अंदर डिग्गी चेक कर लें कि कोई बच्चा छिपकर तो नहीं बैठा है।
- कार के सेंट्रल लॉक सिस्टम का डुप्लीकेट रिमोट घर में ऐसी जगह पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी और आसानी से मिल सके।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में राजदान दर्रे पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा संगठन (बीआरओ) ने रविवार को दर्जनों यात्रियों को निकाल लिया, जिनके वाहन जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा-गुरेज रोड पर बर्फबारी के कारण फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया कि तूफान प्रभावित राजदान दर्रे पर फंसे 35 वाहनों के बारे में जानकारी मिलते ही बीआरओ कर्मी कार्रवाई में जुट गए। उन्होंने कहा कि बीआरओ टीम ने वाहनों को सुरक्षित निकालने से पहले यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की। गुरेज घाटी और बांदीपुरा जिले के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण सड़क अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।

हिमाचल: 150 फीट गहरी खाई में गिरी कार, दो की मौत, दो घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आने वाले उपमंडल ठियोग के क्यारटू में सड़क हादस हो गया है। कार अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। धर्मपुर क्षेत्र की प्रधान वनिता वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात क्यारटू के पास एक कार दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया है कि, मृतक युवक अभिषेक (23) पुत्र राजू गांव कंडी पोस्ट ऑफिस दूसरा मृतक युवक अंकुश (25) पुत्र योगेंद्र गांव शोशना पोस्ट ऑफिस धर्मपुर का रहने वाला था। दो घायल युवक दिलीप वर्मा (25) पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है। जिनका इलाज चल रहा है।

नवलनी समूह के लिए काम करने के वाले दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

लंदन। रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर किया है। रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को एक आतंकवादी मारा गया और एक अन्य घायल हो गया। सेना के बयान के अनुसार, मुठभेड़ तब हुई जब आतंकवादियों ने जिले के संजावी रोड पर चलने वाले यात्री वाहनों को रोकने की कोशिश की। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षा बलों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और आतंकवादियों से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया। गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया। आईएसपीआर के अनुसार, आतंकवादियों की किसी भी संभावित उपस्थिति को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा था।

गुजरात में पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 14 गिरफ्तार

अरब सागर में सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में 86 किग्रा मदक पदार्थ बरामद

अहमदाबाद, एजेंसी

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि एक पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने कहा कि अरब सागर में रातभर संयुक्त ऑपरेशन चलाकर आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने कहा, "रातभर के एक रोमांचक ऑपरेशन में भारतीय तटरक्षक बल ने 28 अप्रैल 24 को समुद्र में खुफिया-आधारित मादक द्रव्य-रोधी अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 14 चालक दल के साथ 600 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ पकड़ा गया है। तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि पाकिस्तानी नाव से किस तरह के नशीले पदार्थ बरामद हुए थे। ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था, इसमें कहा गया है कि आईसीजी जहाज राजरतन का इस्तेमाल एनसीबी और एटीएस अधिकारियों की मदद से संदिग्ध नाव की पहचान करने के लिए किया गया था।

तटरक्षक बल ने कहा, ड्रग से लदी नाव द्वारा अपनाई गई कोई भी टालमटोल की रणनीति इसे तेज और मजबूत आईसीजी जहाज राजरतन से नहीं बचा सकी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और पूरी जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है।

पाकिस्तानी नाव से पकड़े गए चालक दल के 14 सदस्यों के साथ मौजूद भारतीय तटरक्षक बल।

संदेशखालि: सीबीआई जांच के विरुद्ध आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। याचिका में, राज्य सरकार ने कहा है कि हाईकोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री होंगे विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार को अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें देश का उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, डार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आदेश से उप प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

बता दें, डार कश्मीरी मूल के नागरिक हैं। वे पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं।

चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी हैं और पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं।

इराक में समलैंगिक संबंध अपराध, कानून पारित

काहिरा, एजेंसी

- कानून तोड़ने पर 15 साल की सजा का किया गया प्रावधान

इराक की संसद ने शनिवार को देह व्यापार व समलैंगिक विवाह को अपराध घोषित करते हुए कानून पारित कर दिया। कानून तोड़ने पर 15 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

इराक ने इस कदम को धार्मिक मूल्यों को कायम रखने के लिए जरूरी बताया तो अमेरिका ने कानून को मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खतरा करार दिया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से इराक के लोगों को सबसे अधिक खतरा है। इसका उपयोग इराक में स्वतंत्र भाषण-अभिव्यक्ति एवं एनजीओ के कार्यक्रमों में बाधा डालने के लिए किया जा सकता है। यह कानून समाज में कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित कर देगा। अमेरिका ने कहा कि यह इराक की अर्थव्यवस्था की विविधता और विदेश निवेश को आकर्षित करने की क्षमता को कमजोर करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार गठबंधन ने पहले ही संकेत दिया है कि इराक में इस तरह के भेदभाव से देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा।

अतरंगी वेश-भूषा में प्रतिभा

बेंगलुरु: बेंगलुरु में रविवार को हर साल की तरह टीसीएस वर्ल्ड 10के मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें 28 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज वर्ल्ड (टीसीएस) 10के बेंगलुरु के 16वें संस्करण को देश और दुनिया भर के नए रूट परीक्षण धावकों के साथ रवाना किया गया। तरह-तरह के वेश-भूषा धारण करके प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भगवान श्रीराम और हनुमान जी के स्वरूप। ● एजेंसी

भारत की यात्रा टालकर चीन पहुंचे टेस्ला के सीईओ मस्क

बीजिंग। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क रविवार को चीन के दौरे पर पहुंचे हैं। मस्क की भारत यात्रा के स्थगित होने के एक सप्ताह बाद उनकी चीन की यह यात्रा है। भारत में उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना की घोषणा करने का कार्यक्रम था।

एलन मस्क चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर के रोलआउट पर चर्चा करने और अपनी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेक्नोलॉजी के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए देश में एकत्र किए गए डेटा को विदेशों में स्थानांतरित करने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीजिंग में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मिलना चाह रहे हैं।

चीन के साथ बातचीत जारी भारत अपनी शर्तों पर अडिग

अहमदाबाद, एजेंसी

- एलएसी विवाद पर राजनाथ की पड़ोसी देश को दो टूक

भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही है।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

इजराइल ने हमास के 12 ठिकानों को किया नष्ट, 22 की मौत

गाजा। इजराइली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। जबकि मध्य और दक्षिणी गाजा पर में शनिवार को हवाई हमले में लगभग 22 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं।

आईडीएफ ने रविवार को कहा- लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

अध्ययन शोधकर्ताओं ने कहा-यातायात से संबंधी बीमारियों का 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है जोखिम

यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

यातायात के बढ़ते शोर से दिल का दौरा पड़ने समेत हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। शोधकर्ताओं को यातायात के शोर और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे के बीच संबंध स्थापित करने वाले साक्ष्य मिले हैं और उन्होंने इस प्रकार के ध्वनि प्रदूषण को हृदय रोगों के लिए जोखिम के कारक के रूप में मान्यता दिए जाने का अनुरोध किया है।

शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने अध्ययन में साबित किया और महामारी विज्ञान डेटा की समीक्षा की, जो किसी निश्चित बीमारी के जोखिम कारकों की पहचान करने के लिए सबूत मुहैया कराते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी समीक्षा में पाया कि सड़क यातायात से होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ मधुमेह और दिल का दौरा सहित हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि खासकर रात के समय नींद को बाधित करने वाला यातायात का शोर रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप और नाड़ी संबंधी रोग हो सकते हैं।

जर्मनी स्थित 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर मेंज' में वरिष्ठ प्रोफेसर और 'सर्कुलेशन रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुख्य लेखक थॉमस मुन्जेल ने कहा, ''हमारे लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि अब ठोस साक्ष्यों के कारण वाहनों के शोर को हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाले कारक के रूप में पहचाना जा रहा है।

शोधकर्ताओं ने सड़क, रेल और हवाई यातायात से होने वाले शोर को कम करने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों को कुछ रणनीतियां अपनाने के सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले इलाकों में व्यस्त सड़कों पर शोर अवरोधक लगाने से शोर के स्तर को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि शोर कम करने वाले डामर का उपयोग करके सड़कें बनाने से शोर के स्तर को तीन से छह डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

ऐसा क्यों होता है, रिसर्च में शामिल लोगों पर किया शोध

रिसर्च में शामिल लोगों पर शोर का क्या असर पड़ रहा है, इसे समझने के लिए उनकी ब्रेन स्कैनिंग की गई। रिपोर्ट में सामने आया कि शोर बढ़ने पर उनके ब्रेन के उस हिस्से पर बुरा असर पड़ा है जो तनाव, बेचैनी और डर को कंट्रोल करने के लिए जिम्मेदार होता है। जब तनाव और बेचैनी बढ़ती है तो शरीर इनसे लड़ने के लिए एड्रिनेलिन और कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है। तनाव और बेचैनी की स्थिति में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, पाचन क्षमता कम हो जाती है। शरीर में फैट और शुगर का सर्कुलेशन तेज हो जाता है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है।

बॉलीवुड हलचल

बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुई थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बैड न्यूज में तृप्ति डिमरी कॉमेडी करती नजर आएंगी। इस फिल्म में तृप्ति ऐसी ही महिला की भूमिका में होंगी, जिसकी पेट में विक्की और एमी अभिनीत पात्रों के जुड़वा बच्चे पल रहे होते हैं। फिर कहानी में इसी के इर्द-गिर्द कुछ ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी।

जॉली एलएलबी3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं अरशद

मुंबई। बॉलीवड में अपने कॉमिक अभिनय के लिए मशहूर अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।

27 जून को रिलीज होगी 'कल्कि'

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है, इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं। 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी।